जयपुर • कोटा • बीकानेर • उदयपुर • अजमेर • जालोर • हिण्डौनसिटी • चूरू

# राष्ट्रदूत

epaper.rashtradoot.com

उदयपुर

Rashtradoot

फोनः- 2418945 फैक्सः- 0294-2410146 वर्षः 31 संख्याः 267 प्रभात उदयपुर, मंगलवार 30 जुलाई, 2024 आर.जे. 7202 पृष्ठ 6 मूल्य 2.50 रु.

## 'हालांकि, भाजपा की सरकार है, हम जातिगत जनगणना का विधेयक पास करायेंगे?'

### राहुल गांधी ने लोकसभा में यह उद्घोष करके चुनौती दी सरकार को

- राहुल का तर्क था कि जनसंख्या के एक बड़े हिस्से, 73 प्रतिशत को शिकायत है कि, दलित, बैकवर्ड, अल्पसंख्यक, आदिवासी, निर्धन से सरकार को कोई सहानुभूति नहीं है।
- अतः 73 प्रतिशत जनसंख्या यह जानना चाहती है कि उनकी सत्ता में कितनी भागीदारी है और वो कैसे लाभान्वितों की श्रेणी में आ सकते हैं और सिस्टम का हिस्सा बन सकते हैं।
- राहुल गांधी ने यह कटाक्ष भी किया कि वो बीस अफसर, जिन्होंने बजट तैयार किया है, उस उपेक्षित 73 प्रतिशत जनसंख्या का प्रतिनिधित्व नहीं करते।
- इन अफसरों ने बजट के पहले हलवा बनाने की प्रक्रिया तो पूरी की, पर, वह हलवा वंचित जनसंख्या में नहीं बांटा।
- राहुल ने स्पीकर से यह भी कहा कि पत्रकारों को उस शीशे के पिंजरे से आज़ाद करें, क्योंकि वे अब सांसदों, मंत्रियों से लोकसभा के प्रवेश द्वार पर ''बाइट'' नहीं ले सकते, क्योंकि, वो केवल वही रिपोर्ट कर सकते है, जो पिंजरे से दिखता है।

**- रेणु मित्तल -**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 जुलाई। राहुल गांधी उस समय पूरे जोश-खरोश में दिखाई दिये, जब वे लोकसभा में बजट पर बोलने खड़े हुये। उन्होंने भाजपा को आड़े हाथों लिया, बजट की आलोचना की तथा भाजपा को चुनौती देते हुये कहा कि देश में भले ही भाजपा की सरकार हो, लेकिन जातिगत सर्वे कराने वाला विधेयक तो पारित होगा।

भाजपा को बिल्कुल स्तब्ध करते हुये, राहुल ने दो टूक शब्दों में कह दिया कि सत्तारूढ़ दल को देश की करीब 73 प्रतिशत जनता की कोई चिन्ता नहीं है। इस 73 प्रतिशत हिस्से में दलित, पिछड़े, अल्पसंख्यक, आदिवासी, गरीब तथा गरीबों में पद-दलित वर्ग के लोग आते हैं।

उन्होंने कहा कि ये 73 प्रतिशत लोग यह जानना चाहते हैं कि देश की सत्ता में उनका क्या हिस्सा है तथा वे इस सत्ता-तन्त्र के लाभार्थी तथा हिस्सा कैसे हो सकते हैं। उन्होंने साफ-साफ कहा कि इस बजट को बनाने वाले 20 अफसरों में इन सभी जातियों और वर्गों का प्रतिनिधित्व नहीं था। उनके द्वारा बजट-पूर्व तैयार किये हलवे को इस आबादी के साथ साझा नहीं किया गया था। उन्होंने हलवा-सैरमनी के दौरान अफसरों के साथ वित्तमंत्री का फोटोग्राफ भी दिखाया।

लोकसभा अध्यक्ष ने इसकी अनुमति नहीं दी।

राहुल ने अंबानी तथा अडाणी परिवार के अपने प्रिय विषय को एक बार फिर हथियार बनाते हुये कहा कि जिस चक्रव्यूह में अभिमन्यु घेर लिया गया है, उसका नियन्त्रण छः लोग कर रहे हैं।

जब लोकसभा अध्यक्ष ने अडाणी तथा अम्बानी के नाम लेने पर आपत्ति जताई, तो उन्होंने कहा, ठीक है, अब वे

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'ऑफ ड्यूटी काम में करंट लगने पर क्लेम नहीं मिलेगा'

जयपुर, 29 जुलाई (का.सं.)। जिले की स्थाई लोक अदालत ने ऑफ ड्यूटी में अवैध तरीके से बिजली लाइन का काम करने के दौरान करंट लगने वाले संविदाकर्मी को राहत देने से इनकार करते हुए उसका 90.50 लाख रुपए का क्लेम खारिज कर दिया है। लोक अदालत ने फैसले में कहा कि परिवादी ने बिजली लाइन का काम बिना किसी आदेश व ड्यूटी के अपनी मर्जी

- जिले की स्थाई लोक अदालत ने बिजली विभाग के संविदा-कर्मी का 90.50 लाख रूपए का क्लेम खारिज कर दिया और कहा कि वह कार्य क्षेत्र से बाहर बिजली का काम कर रहा था, यह हादसा उसकी लापरवाही से हुआ है।

से किया है और उसे बिजली लाइन का शट डाउन प्राप्त करने का कोई भी अधिकार नहीं था। उसे केवल जी.एस.एस. परिसर में ही काम करने के लिए संविदा पर रखा था, लेकिन उसने अपने कार्य क्षेत्र के बाहर जाकर अवैध तौर पर बिजली लाइन का काम किया और उस समय ही उसे करंट लगा। ऐसे में हादसा उसकी लापरवाही से हुआ

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से मिली बड़ी राहत

### सुप्रीम कोर्ट ने हेमंत सोरेन को जमानत देने का झारखण्ड हाई कोर्ट के आदेश बरकरार रखा तथा ई.डी. की याचिका खारिज कर दी

- सुप्रीम कोर्ट ने ई.डी. पर तीखी टिप्पणी की, हम कुछ कहना नहीं चाहते अगर हमने आगे कुछ कहा तो आप मुश्किल में आ जाएंगे।
- ज्ञातव्य है कि जमीन के सौदे में मनी लॉण्डरिंग के आरोप में ई.डी. ने 31 जनवरी को हेमन्त सोरेन को गिरफ्तार किया था। सोरेन ने गिरफ्तारी से पूर्व मुख्यमंत्री पद छोड़ दिया तथा जमानत पर रिहा होने के बाद 4 जुलाई को वे पुनः झारखंड के मुख्यमंत्री बन गए हैं।

**-डॉ. सतीश मिश्रा -**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 जुलाई। सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को बड़ी राहत प्रदान की और झारखंड उच्च न्यायालय से सोरेन को जमीन के सौदे में मनीलॉण्ड्रिंग के मामले में जमानत देने के फैसले को बरकरार रखा। सुप्रीम कोर्ट ने जमानत के खिलाफ दायर एनफोर्समैंट डायरैक्टोरेट (ई.डी.) की याचिका खारिज कर दी।

जस्टिस बी.आर.गवई और जस्टिस के.वी.विश्वनाथन की बैंच ने एडिशनल सॉलिसिटर जनरल एस.वी. राजू जो की ई.डी. का प्रतिनिधित्व कर रहे थे,ये कहा कि हम इस आदेश में दखल देने के इच्छुक नहीं हैं।

उन्होंने कहा कि, हम यह स्पपष्ट कर दें कि हाईकोर्ट के जज ने तर्कसंगत फैसला सुनाया तथा हाईकोर्ट की टिप्पणियों का ट्रायल या अन्य कार्यवाही पर असर नहीं होगा। ''बैंच की टिप्पणी से ई.डी. को भारी झटका लगा है।

राजू ने यह बताने का प्रयास किया कि ई.डी. द्वारा प्रिवैन्शन ऑफ मनी लॉडरिंग एक्ट के सैक्शन 50 के तहत रिकॉर्ड किए गए गवाहों के बयानों पर यकीन ही कर रहे हैं जो गलत है, तो सुप्रीम कोर्ट की बैंच ने तीखी टिप्पणी भी कि, ''हम और कुछ नहीं कहना चाहते। अगर हमने कुछ कहा तो आप मुश्किल में पड़ जाएंगे।''

सुप्रीम कोर्ट द्वारा ई.डी. की याचिका खारिज कर देने से झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकारी अध्यक्ष को भारी राहत मिली है जिन्होंने 31 जनवरी को ई.डी. द्वारा गिरफ्तारी से पूर्व मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दे दिया था। इस रेस में जमानत मिलने के बाद जेल से बाहर आने पर 04 जुलाई को सोरेन ने पुनः मुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

ई.डी. के वकील ने हाईकोर्ट में कहा था कि अगर सोरेन को जमानत दी गई तो वे ऐसा ही अपराध पुनः करेंगे उन्होंने ई.डी. के खिलाफ एस.सी./

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'देश में भय का माहौल है, पर, हम भाजपा के इस चक्रव्यूह को ध्वस्त करेंगे'

### राहुल गांधी ने लोकसभा में यह भी कहा कि चक्रव्यूह को नष्ट करने के प्रयास में अभिमन्यु मारा गया था, हम अभिमन्यु नहीं, अर्जुन हैं, जो अपने प्रयास में पूर्णतया सफल होगा

- राहुल गांधी ने इस कथन को आगे ले जाते हुए यह भी कहा कि, मैंने चक्रव्यूह के बारे में काफी रिसर्च की है और यह पाया है कि उस महाभारत के चक्रव्यूह का नाम ''पद्म व्यूह'' भी है, जिसका मतलब, इसका स्वरूप कमल जैसा है।
- ''आज इक्कीसवीं सदी का चक्रव्यूह भी कमल के आकार का है, जिसे प्र.मंत्री ने अपनी छाती पर धारण किया हुआ है।''
- तथा, जिन छः कौरव महारथियों ने अभिमन्यु को घेर कर मार दिया था, वही आज भाजपा के महारथी नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजीत डोभाल, अंबानी व अडानी, भारत की 73 प्रतिशत दलित जनता के साथ करना चाहते हैं।

**-डॉ. सतीश मिश्रा-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 जुलाई। विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने लोकसभा में मोदी सरकार की नीतियों पर प्रहार करने के लिए महाभारत की लोकप्रिय कहानी का हवाला देकर कहा कि केन्द्र सरकार किसानों, विद्यार्थियों, मध्यम व लघु व्यवसाइयों, तथा मध्यम वर्ग की जनता की तकलीफों के लिए जिम्मेदार है।

गांधी ने हिंदी जो भारत के एक बड़े तबके की भाषा है, में बोलते हुए कहा, ''परंतु ये लोग अभिमन्यु की तरह नहीं है, ये तो अर्जुन हैं और ये लोग चक्रव्यूह को तोड़ देंगे''।

बजट सत्र के दौरान लोकसभा में बोलते हुए गांधी ने भारत में विभिन्न क्षेत्रों के कष्टों की तुलना प्राचीन भारत के ''चक्रव्यूह'' की संरचना से की।'' महाभारत के अर्जुन का पुत्र चक्रव्यूह के जाल में फंस जाता है और अंत में मारा जाता है।

गांधी ने कहा कि ''हजारों वर्ष पूर्व कुरुक्षेत्र के युद्ध में छः लोगों ने अभिमन्यु को ''चक्रव्यूह'' के जाल में फंसाया था और उसको जान से मार दिया था। राहुल ने कहा कि उन्होंने इस विषय पर शोध कर यह निष्कर्ष निकाला कि ''चक्रव्यूह'' को ''पद्म व्यूह'' नाम से भी जाना जाता है, जिसका मतलब है ''कमल स्वरुप।'' ''चक्रव्यूह'' कमल की आकृति में बनाया

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## 'निर्देशों का पालन भर्ती एजेंसी और परीक्षार्थी का दायित्व'

जयपुर, 29 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने न्यायिक सेवा भर्ती-2024 से जुड़े मामले में कहा है कि प्रतियोगी परीक्षा के निर्देशों की पालना करना भर्ती एजेंसी व परीक्षार्थी दोनों का ही दायित्व है। भर्ती परीक्षा की

- हाई कोर्ट ने यह टिप्पणी करते हुए आर.जे.एस. परीक्षा के अभ्यर्थी पायल व अन्य की याचिका खारिज कर दी। इन अभ्यर्थियों ने ओ.एम. आर. शीट में अधूरे भरे गोलों को पूरा भरने की अनुमति मांगने के लिए याचिका दायर की थी।

ओ.एम.आर. शीट को जांचने का काम मशीन करती है और इसमें अधूरे छोड़े गए गोलों को मशीन नहीं पढ़ सकती है। इसके अलावा सुप्रीम कोर्ट भी यह व्यवस्था दे चुका कि हाईकोर्ट भर्ती

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कर्नाटक सरकार और वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन के बीच जुबानी जंग और तेज हुई

### कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने राज्य के साथ पक्षपात का और केन्द्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमन ने राज्य सरकार पर ''मिसमैनेजमैंट'' का आरोप लगाया

- कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा, वित्त मंत्री राज्यसभा में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व करती हैं, वे जब भी आती हैं, झूठ बोलती हैं और बजट आवंटन पर भी झूठ बोल रही हैं। बजट से पहले जो वायदे किए गए थे, उनका कहीं भी उल्लेख नहीं है।
- इसके जवाब में केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतामरन ने राज्य सरकार पर भ्रष्टाचार व आर्थिक कुप्रबंधन का आरोप लगाया और कहा, यू.पी.ए. के दस साल के राज में कर्नाटक को मात्र 60,779 करोड़ रुपए मिले, जबकि एन.डी.ए. सरकार ने गत वर्ष तक राज्य को 2.36 लाख करोड़ दिए थे।

**-लक्ष्मण वैंकट कुची-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 जुलाई। इन दिनों कर्नाटक सरकार और केन्द्रीय वित्त मंत्री के बीच जुबानी जंग छिड़ी हुई है। राज्य के मुख्यमंत्री ने केन्द्रीय मंत्री पर राज्य को किए गए बजट आवंटन पर झूठ बोलने का आरोप लगाया है।

केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमन, जो कर्नाटक से राज्यसभा सदस्य हैं, ने कांग्रेस नीत कर्नाटक सरकार पर भारी भ्रष्टाचार और राज्य की अर्थव्यवस्था को बरबाद करने का आरोप लगाया है। उन्होंने राज्य सरकार की खराब नीतियों से अर्थव्यवस्था बदहाल हो गई है। सरकार एक तरफ तो खुले हाथ से मुफ्त सुविधाएं दे रही है दूसरी तरफ उनके लिए पैसा जुटाने हेतु आवश्यक वस्तुओं के दाम बढ़ा रही है। केन्द्रीय वित्त मंत्री पर करारा पलटवार करते हुए राज्य के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया ने कहा कि वे बजट आवंटन पर झूठ बोल रही हैं। केन्द्र सरकार वित्तीय मुद्दों पर लगातार प्रदेश सरकार के साथ अन्याय कर रही है। भाजपा, कर्नाटक को भ्रष्ट राज्य के रूप में प्रस्तुत करना चाहती है जबकि वास्तविकता एकदम अलग है। उन्होंने वित्तीय भेदभाव के खिलाफ विशाल विरोध प्रदर्शन के लिए कांग्रेस का आव्हान किया। उन्होंने सीतारमन से पूछा इस अन्याय का उनके पास क्या जवाब है। उन्होंने कहा कि निर्मला सीतारमन जब भी कर्नाटक आती हैं, तब झूठ बोलती हैं वो पहले भी झूठ बोली थीं और अभी भी बोल रही हैं।

सिद्धारमैया ने बजट से पूर्व केन्द्र सरकार द्वारा 5,300 करोड़ रूपए दिए जाने के वादे की याद दिलाई और कहा कि विभिन्न इन्फ्रास्ट्रक्चर परियोजनाओं के लिए फंड नहीं है जैसे अपर भद्रा प्रोजैक्ट।

मुख्यमंत्री ने पूछा, ''पंद्रहवे वित्त आयोग ने विशेष अनुदान के रूप में 5,495 करोड़ रूपए देने की सिफारिश की थी। क्या बजट में यह राशि है? कहा गया था कि बैंगलुरू में रिंग रोड के लिए 3,000 करोड़ रूपए दिए जाएंगे। जलाशयों के लिए 3,000 करोड़ रूपए देने की बात थी, क्या यह सब है बजट में।''

आंध्र प्रदेश और बिहार पर की गई विशेष मेहरबानियों का हवाला देते हुए सिद्धारमैया ने हैरानी जताई की कर्नाटक पर इतनी कृपा क्यों नहीं की गई। मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से कहा कि क्या आप जानते हैं कि पंद्रहवे वित्त आयोग में सबसे ज्यादा अन्याय कर्नाटक के साथ हुआ जबकि खुद वित्त मंत्री राज्यसभा में कर्नाटक का प्रतिनिधित्व

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## कर चोरी के आरोपी को मिली जमानत रद्द

जयपुर, 29 जुलाई (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कर चोरी के मामले में आरोपी गौतम गर्ग को मिली जमानत को रद्द कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने आरोपी को कहा है कि वह तीस दिन में निचली अदालत में सरेंडर करे। जस्टिस प्रवीर भटनागर की

- राजस्थान हाई कोर्ट ने कर चोरी के आरोपी गौतम गर्ग की जमानत रद्द करने के साथ उसे तीस दिन में सरैंडर करने के आदेश दिए हैं।

एकलपीठ ने ये आदेश केन्द्र सरकार की ओर से दायर जमानत रद्द करने के लिए पेश की गई याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में जीएसटी के वरिष्ठ अधिवक्ता किंशुक जैन ने अदालत को

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## मुकेश अंबानी विश्व के सबसे बड़े आम निर्यातक बने

### पैट्रोलियम, दूर संचार और खुदरा क्षेत्र के अलावा कृषि क्षेत्र में भी रिलायंस का भारी दखल

**-सुकुमार साह-**
**-राष्ट्रदूत दिल्ली ब्यूरो-**

नई दिल्ली, 29 जुलाई। मुकेश अंबानी, जो पेट्रोलियम, टेलीकम्यूनिकेशान तथा रिटेल के क्षेत्र में बहुत बड़े व्यवसायी के रूप में प्रसिद्ध हैं, अब अप्रत्याशित रूप से कृषि क्षेत्र की ओर मुड़ गये हैं। रिलायंस इन्डस्ट्रीज लिमिटेड, उनके प्रबंधक-कौशल के फलस्वरूप विश्व में आमों के सबसे बड़े निर्यातक का रूप ले चुकी है। उद्योग क्षेत्र, जो उनके व्यवसाय का मूल था, से उल्लेखनीय रूप से हटते हुये, वे कृषि क्षेत्र में विशिष्टता अर्जित करने की दिशा में बढ़ चुके हैं।

1997 में गुजरात की अपनी जामनगर रिफाइनरी में उल्लेखनीय प्रदूषण-परिवर्तनों का सामना करते हुये, रिलायंस इन्डस्ट्रीज ने एक अभिनव प्रतिक्रिया दी थी। पर्यावरण संबंधी प्रभावों को संबोधितत करते हुये तथा पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड के नियमों-विनियमों का पालन करते हुये, कंपनी ने एक सर्वथा नया प्रोजैक्ट हाथ में लिया था, जिसके तहत रिफायनरी के आस-पास की बंजर जमीन को आमों के एक अति विशाल बगीचे का रूप देना था। इस अभिनव पहल का उद्देश्य न केवल प्रदूषण से लड़ना था, बल्कि उस औद्योगिक कॉम्पलेक्स के चारों तरफ एक दीर्घकालीन एवं स्थायी हरियाली-बहुल क्षेत्र विकसित करना था।

600 एकड़ में फैले हुये इस विशाल बाग, जिसका नाम रिलांयस के संस्थापक धीरुभाई अंबानी के नाम पर रखा गया है, में 200 से अधिक किस्मों के 1,30,000 से ज्यादा आम के वृक्ष हैं। मुगल बादशाह अकबर द्वारा स्थापित ऐतिहासिक ''लाखीबाग'' बगीचे के प्रति सम्मान है तथा भारत के सम्पन्न अतीत तथा आधुनिक पर्यावरणीय जिम्मेदारी के बीच एक रिश्ता दर्शाता प्रतीत होता है।

इस क्षेत्र की अत्यधिक खारे पानी तथा शुष्क परिस्थितियों में फलने-फूलने के लिये, रिलायंस ने कटिंग ऐज टेक्नॉलॉजी काम में ली गई है, जिसमें मीठे पानी के लिये डीसेलिनेशन प्लांट भी शामिल है। इसके अलावा, उन्नत कृषि तकनीकें, जैसे वॉटर हार्वेस्टिंग, ड्रिप सिंचाई तथा पर्याप्त उर्वरक आदि काम में लिये गये।

- रिलायंस के कृषि क्षेत्र में उतरने की शुरुआत हुई 1997 से, जब प्रदूषण के कारण जाम नगर रिफाइनरी के लिए चुनौती खड़ी हो गई थी।
- प्रदूषण से निजात पाने के लिए रिलायंस इण्डस्ट्रीज़ के रिफाइनरी के आस-पास की जमीन को आम के विशाल बाग में बदल दिया गया, जिसका नाम धीरूभाई के नाम पर रखा गया।
- इस बाग में आम की 200 किस्मों के 1.30 लाख वृक्ष हैं, जिनमें भारत की लोकप्रिय किस्मों के अलावा विदेशी किस्में भी शामिल हैं।

बगीचे में आमों की विविध एवं नाना प्रकार की किस्में हैं। पुरानी एवं प्रसिद्ध भारतीय किस्मों जैसे केसर, अलफाँसो तथा नीलम से लेकर अन्तर्राष्ट्रीय किस्मों, जैसे फ्लोरिडा के टॉमी अटकिन्स तथा इज़राइल के लिली तक। प्रतिवर्ष लगभग 600 टन बहुत ही बढ़िया आमों का उत्पादन करते हुये, रिलायंस एशिया की अग्रणी आम-निर्यातक कम्पनी के रूप में उभरी है तथा देश-विदेश के बाजारों की माँग पूरी कर रही है।

यहाँ यह बताना उल्लेखनीय होगा कि 'फूड एंड एग्रीकल्चर ऑर्गनाइजेशन (एफ.ए.ओ.) के अनुसार, आमों की माँग हर वर्ष 3.3 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है। एफ.ए.ओ. के एक अनुमान के अनुसार, 2030 तक दुनिया में आम का कुल उत्पादन बढ़कर 840 लाख मीट्रिक टन तक पहुँच जायेगा। इसमें से आधा उत्पादन भारत में होगा। थाइलैंड तथा इन्डोनेशिया भी प्रमुख दक्षिण एशियाई आम निर्यातक के रूप प्रतिष्ठित हो चुके हैं। अन्य किसी देश की तुलना में, भारत में आमों की खपत ज्यादा होगी - भारत में प्रति व्यक्ति प्रतिवर्ष आम का उपभोग 28.4 किग्रा. होगा।

आम के उत्पादन के अतिरिक्त, रिलायंस कम्पनी स्थाई एवं सामुदायिक विकास के उन्नयन में भी सक्रिय योगदान देती है। कम्पनी प्रतिवर्ष आम की 1,00,000 पौध स्थानीय किसानों को वितरित करती है, कृषि के नये-नये तरीकों एवं पद्धतियों पर प्रशिक्षण सत्र आयोजित करती हैं तथा कृषक समुदाय में पर्यावरणीय-प्रबंधन को प्रोत्साहित करती है। कम्पनी की यह पहल कृषि के उन्नत एवं नये-नये तरीकों की रिलायंस की व्यापक भूमिका को रेखांकित करती है।

आम की खेती क्षेत्र में मुकेश अंबानी का प्रवेश यह सविस्तार बताता है कि बड़े-बड़े कॉर्पोरेट आर्थिक ग्रोथ को पोषित करते हुये पर्यावरण सम्बन्धी चुनौतियों के समाधान के मामले में अपने संसाधनों का उपयोग किस प्रकार कर सकते हैं।

धीरु भाई अंबानी लाखीबाग भावना को मूर्त रूप देती है, बल्कि कृषि-निर्यात के क्षेत्र में वैश्विक नेतृत्व तथा स्थाई महत्व के प्रति उसकी भावना की एक बार फिर से पुष्टि करती है।

## बारामूला में विस्फोट, चार लोगों की मौत

श्रीनगर, 29 जुलाई। जम्मू कश्मीर के बारामूला जिले में विस्फोट की घटना सामने आई है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि बारामूला के सोपोर इलाके में अचानक हुए विस्फोट में चार लोगों की जान चली गई। इस घटना के बाद

- इस घटना के पीछे आतंकियों का हाथ होने के संदेह के कारण मौका स्थल पर सेना और पुलिस ने मोर्चा संभाल लिया है। विस्फोट के कारणों का पता नहीं चल पाया है।

इलाके में हड़कंप मच गया है। सेना और पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई है और इलाके की छानबीन की जा रही है। अभी धमाके के पीछे की वजह सामने नहीं आई है।

जानकारी के अनुसार, विस्फोट

( शेष अंतिम पृष्ठ पर )

## विचार बिन्दु

धीरज सारे आनंदों और शक्तियों का मूल है। -फ्रैंकलिन

# प्रसारण सेवा विनियम विधेयक- अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नियंत्रण की तैयारी

लोकसभा चुनाव 2014 एवं विशेष कर 2019 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी ने सोशल मीडिया का बहुत प्रभावित प्रयोग किया। लगभग प्रतिदिन मतदाताओं को भाजपा की विचारधारा के समर्थन में सोशल मीडिया में एक प्रकार से वैचारिक बमबारी देखने को मिली। इसके कारण, मतदाताओं की सोच पूरी तरह प्रभावित हुई। सोशल मीडिया के विभिन्न माध्यमों जैसे व्हाट्सएप, यूट्यूब, इंस्टाग्राम आदि पर भाजपा ने न केवल अपने नेताओं के पक्ष में प्रभावी संदेश मतदाताओं तक पहुंचाया अपितु उसने स्वतंत्रता संठाम के अनेक सेनानियों जैसे महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू से संबंधित कई व्यक्तिगत आक्षेप वाले वीडियो भी जारी किए और उन्हें बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचाया।

इसी का परिणाम था कि 2019 में प्रधानमंत्री मोदी को अद्वितीय सफलता प्राप्त हुई एवं भारी बहुमत वाली सरकार बनी। 2019 के बाद भी सोशल मीडिया के प्रभावी उपयोग के कारण प्रधानमंत्री मोदी की छवि एक अपराजेय नेता के रूप में बना दी गई। न केवल यह, उन्हें विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेताओं में से एक घोषित कर दिया।

2019 के पश्चात, विशेष कर कोरोना के दौरान, सरकार की असफलताओं के बहुत सारे उदाहरण कुछ प्रबुद्ध पत्रकारों एवं युटयुबर्स द्वारा जनता के सामने लाए गए।कई निष्पक्ष और स्वतंत्र पत्रकारों जैसे अभिसार शर्मा, अजीत अंजुम, रवीश कुमार ने प्रमुख राष्ट्रीय समाचार चैनलों को छोड़कर अपने यूट्यूब चैनल बना लिए। इनके अतिरिक्त ध्रुव राठी जैसे व्यक्ति जो पहले से ही अपने शैक्षणिक एवं यात्रा वीडियो के कारण बहुत लोकप्रिय थे उन्होंने भी समसामयिक विषयों पर अपने वीडियो बनाकर पोस्ट करने शुरू कर दिए। इन्होंने कई ऐसे तथ्य की जनता के सामने रखने प्रारंभ किए जिससे सरकार की छवि पर विपरीत प्रभाव पड़ा। इन लोगों ने शोध करके प्रधानमंत्री मोदी के 2014 और 2019 के चुनाव प्रचार के दौरान दिए गए भाषणों की क्लिपिंग एकत्र की और उनकी तुलना वास्तविक धरातल की स्थिति से की और यह सिद्ध करने का प्रयास किया कि सरकार के अधिकांश वादे पूरे नहीं हुए हैं। कई कमियां जो पहले सामने नहीं आ पाती थीं, वे अब सामने आने लगीं।

विपक्षी दलों, विशेषकर कांग्रेस ने अपने सोशल मीडिया प्रकोष्ठ का प्रभावी प्रयोग करना प्रारंभ कर दिया। विपक्षी दलों द्वारा सोशल मीडिया के प्रभावी प्रयोग का ही परिणाम था कि लोकसभा चुनाव 2024 के परिणाम अलग तरह के रहे। मोदी जहां अति आत्मविश्वास में लोकसभा में '400 पार' का नारा दे रहे थे, वहीं जब 2024 के परिणाम आए तो भारतीय जनता पार्टी को 400 तो दूर की बात है अपने स्वयं के स्तर पर बहुमत के आंकड़े अर्थात 272 से भी 30 सीटें कब मिलीं।

सरकार की आलोचना के लिए सोशल मीडिया का उपयोग इतना अधिक होने लगा कि नवंबर 2023 में सरकार ने केवल एवं टीवी नेटवर्क कानून 1995 के स्थान पर प्रसारण सेवाएं विनियमन 2023 का प्रारूप जनता के सामने प्रस्तुत किया। यह बात लोकसभा चुनाव से ठीक पहले की थी। अतः इसे विधेयक के रूप में लोकसभा में प्रस्तुत नहीं किया गया एवं अब चुनाव पूरा होने के पश्चात अप्रैल 2024 में इसी विधेयक का संशोधित प्रारूप तैयार किया गया है। इसे कैबिनेट के समक्ष शीघ्र रखा जाकर पारित कराया जाएगा एवं उसके पश्चात इसे संसद में अनुमोदन हेतु प्रस्तुत किया जाएगा।

यदि संसद में भी यह पारित हो गया तो फिर यह प्रसार सेवा विनियम कानून का रूप ले लेगा और पूरे देश में लागू हो जाएगा। इस कानून की पृष्ठभूमि ही यह है कि सरकार ने यह अनुभव किया कि सरकार की कड़ी आलोचना का मुख्य माध्यम अब राष्ट्रीय चैनल नहीं रहकर यूट्यूब, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप आदि बन गए हैं, अतः इन पर नकेल कसे बिना काम चलने वाला नहीं है।

यह दिलचस्प है के प्रसारण सेवाएं विनियमन विधेयक का प्रारूप अभी तक सार्वजनिक नहीं किया गया है। कहा जा रहा है कि इसका प्रारूप कुछ ओटीपी प्लेटफार्म के मालिकों, राष्ट्रीय चैनलों के मालिकों एवं अन्य संबंधित व्यक्तियों के साथ साझा किया गया एवं उसी के आधार पर नया संशोधित प्रारूप बनाया गया है। अधिकांश यूट्यूब कंटेंट क्रिएटर का कहना है कि उनसे किसी प्रकार की कोई राय नहीं ली गई। जो व्यक्ति, इस प्रस्तावित कानून से सबसे अधिक प्रभावित होंगे, उनकी कोई भूमिका इस कानून के बनाने में नहीं होगी।

**सरकार की आलोचना के लिए सोशल मीडिया का उपयोग इतना अधिक होने लगा कि नवंबर 2023 में सरकार ने केवल एवं टीवी नेटवर्क कानून 1995 के स्थान पर प्रसारण सेवाएं विनियमन 2023 का प्रारूप जनता के सामने प्रस्तुत किया। यह बात लोकसभा चुनाव से ठीक पहले की थी।**

यह वैसी ही स्थिति होगी जैसी किसानों के संबंध में तीन कानून बनाते समय हुई थी। उस समय भी किसानों से राय नहीं ली गई थी। संसद में भी उस पर बहस नहीं हो पाई थी और अपने भारी बहुमत के आधार पर शोर शराबे में पारित करा लिया गया था। अंततः, किसानों के कड़े विरोध और 700 किसानों की आंदोलन में हुई मृत्यु के पश्चात, सरकार को वे तीनों कानून वापस लेने पड़े। जिस प्रकार से प्रसारण सेवाओं को नियंत्रित करने का यह कानून बनाया जा रहा है उससे आशंका यही उत्पन्न होती है कि कहीं इनका भी वही हश्र नहीं हो जो किसानों के कानून का हुआ था।

आई अब हम इस कानून के प्रमुख प्रावधान एवं उसके प्रभाव का उल्लेखकर लें।

यह कानून सभी ब्रॉडकास्टर्स पर लागू होगा। ब्रॉडकास्टर की परिभाषा बड़ी विस्तृत एवं वृहद रखी गई है। जहां एक और ओटीटी प्लेटफॉर्म एवं यूट्यूब चैनल इसमें सम्मिलित होंगे ही, वहीं कोई नागरिक भी यदि किसी समाचार या किसी रिपोर्ट पर अपने टिप्पणी दे देता है और उसका प्रसार एक निश्चित संख्या से अधिक हो जाता है, तो वह भी ब्रॉडकास्टर की श्रेणी में लाया जा सकता है। एक बार कोई भी व्यक्ति या संस्था ब्रॉडकास्टर की श्रेणी में आ गई तो उस पर इस कानून के सभी प्रावधान लागू हो जाएंगे। उसे एक समिति बनानी होगी जो प्रसारित होने वाले विषय वस्तु का मूल्यांकन करेगी, एक ग्रीवेंस रिड्रेसल अधिकारी बनाना होगा जो विषय वस्तु से संबंधित प्राप्त शिकायत का निराकरण करेगी। कल्पना कीजिए, कोई साधारण व्यक्ति यदि कथित सरकार विरोधी टिप्पणी कर देता है तो वह भी इस कानून के अंतर्गत कार्रवाई का भागीदार हो जाएगा। इस कानून के अंतर्गत, यदि सरकार द्वारा कोई भी विषय वस्तु किसी की भावना को ठेस पहुंचाने वाली अथवा देश हित के विरुद्ध मानी गई तो उसे हटाने का निर्णय सरकार ले सकेगी। इस अधिनियम की पालना न करने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध कार्रवाई की जाकर उसे 2 साल की सजा और उस पर 10 लाख तक का जुर्माना लगाया जा सकेगा। न्यायालय के आदेश के बिना, सरकार को यदि लगता है की कोई विषय वस्तु आपत्तिजनक है तो उसे हटाने का आदेश दिया जा सकेगा एवं उसे संदेश को रोका भी जा सकेगा। विषय वस्तु से संबंधित किसी भी शिकायत के बारे में अंतिम निर्णय ब्रॉडकास्ट अपील अधिकरण के द्वारा लिया जाएगा। इस ब्रॉडकास्ट अपील अधिकरण का गठन भी सरकार ही करेगी, जिसमें स्वाभाविक है सरकार की मनपसंद के लोग होंगे।

कुल मिलाकर इस कानून के आने के बाद आशंका यही है कि हम एक प्रकार के 'डिजिटल तानाशाही' के युग में प्रवेश कर जाएंगे जहां न तो नागरिकों की कोई निजता बचेगी एवं न ही कोई यूट्यूब पर या पोस्ट द्वारा सरकार की नीतियों की आलोचना कर पाएगा। सरकार यदि चाहे तो ऐसे ब्रॉडकास्टर के द्वारा उपयोग में लिए जा रहे सभी डिजिटल उपकरण जैसे मोबाइल फोन, लैपटॉप, कंप्यूटर, पेन ड्राइव, हार्ड डिस्क आदि जप्त कर सकेगी। इसके लिए किसी भी प्रकार के न्यायिक आदेश की आवश्यकता नहीं होगी। कल्पना कीजिए, एक साधारण नागरिक द्वारा यूट्यूब पर डाले गए किसी वीडियो से नाराज होकर यदि उसके उपकरण जप्त कर लिए गए तो उसके लिए यह वित्तीय हानि इतनी अधिक होगी कि वह इस काम को करने की दोबारा सोचेगा भी नहीं। कोई वीडियो राजनीतिक प्रवृत्ति का नहीं भी है किंतु यदि उसमें परोक्ष रूप से भी महंगाई, बेरोजगारी, भ्रष्टाचार जैसे शब्दों का प्रयोग कर किया गया तो उसे सरकार - विरोधी मानकर, उसे भी इस कानून के अंतर्गत दोषी माना जा सकेगा।

संभवतया, सरकार इस कानून के अंतर्गत किसी के विरुद्ध औपचारिक कार्रवाई न भी करे, किंतु सरकार का उद्देश्य पूरा हो जाएगा यदि डर के मारे कोई भी व्यक्ति या संस्था सरकार के विरुद्ध किसी प्रकार का कोई भी विषय वस्तु अपने माध्यम से प्रचारित प्रसारित नहीं करेगा। कानून में यह भी स्पष्ट नहीं है कि इसमें शिकायत कैसे होगी और इस कानून के अंतर्गत प्रावधानों की पालना किस प्रकार कराई जाएगी? किसी भी परिभाषा को अस्पष्ट रखने का उद्देश्य ही यह होता है कि सरकारी अधिकारी मनमाने तौर पर उसकी परिभाषा बना सकें और जिसके विरुद्ध चाहे, उसके विरुद्ध कानून कारवाई कर सकें।

हालांकि अभी तक इस प्रस्तावित कानून का कोई प्रारूप सामने नहीं आया है किंतु जो बातें समाचार पत्रों और अन्य माध्यमों से सामने आई है उसके आधार पर यह आलेख लिखा गया है। सरकार को यह चाहिए कि तत्काल विधेयक के प्रारूप को सार्वजनिक करे एवं नागरिकों से इस पर अपने सुझाव आमंत्रित करे। इसके बाद, इसे संसद में रखकर गहन चर्चा के बाद सर्वसम्मति से पारित करने की कार्यवाही करे। यदि सरकार ने इसे बिना किसी चर्चा के, केवल अपनी आलोचना से बचने की आड़ में, बहुमत के आधार पर संसद से पारित करा भी लिया तो न्यायालय में इसका टिकना कठिन है, किंतु कुछ समय भी यदि यह कानून अस्तित्व में रहा, तो संभव है, सरकार कई प्रतिष्ठित, निष्पक्ष, स्वतंत्र और साहसी पत्रकारों को जेल में डाल देगी, ऐसी आशंका करना गलत नहीं होगा।

फिलहाल तो हम यही प्रार्थना कर सकते हैं कि सरकार को सद्बुद्धि आए और इस प्रकार के किसी भी दमनकारी कानून से बचे ताकि संविधान प्रदत्त नागरिकों की अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर किसी प्रकार की आंच ना आए। आगे आगे देखिए, होता है क्या?

**-अतिथि सम्पादक,**
**राजेन्द्र भाणावत**
**( पूर्व आई.ए.एस. अधिकारी )**

# जैविक पशुपालन शोध और उद्यमिता विकास पर जोर दें विश्वविद्यालय : राज्यपाल मिश्र

## बीकानेर के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय का दीक्षांत समारोह आयोजित



बीकानेर के वेटनरी विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में राज्यपाल कलराज मिश्र ने स्वर्ण पदक व उपाधियां प्रदान की।

- **समारोह में 665 उपाधियों और 29 पदकों से विद्यार्थियों को अलंकृत किया**

**बीकानेर,** (निसं)। राज्यपाल कलराज मिश्र ने कहा कि पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय द्वारा जैविक पशुपालन, शोध और अनुसंधान के साथ प्रसंस्करण व उद्यमिता में कौशल विकास से जुड़े कार्य प्रारम्भ किए जाएं। राज्यपाल मिश्र सोमवार को बीकानेर के पशु चिकित्सा एवं पशु विज्ञान विश्वविद्यालय परिसर में आयोजित विश्वविद्यालय के सातवें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या घटती कृषि जोत पानी तथा अन्य प्राकृतिक संसाधनों की कमी मनुष्य के लिए एक बड़ी चुनौती है। ऐसे में पशुधन और पशु उत्पाद ही पोषण सुरक्षा की दृष्टि से वरदान साबित हो सकते हैं। इसके लिए खाद्य और दुग्ध उद्योग में छोटे और मध्यम उद्यमों को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। राज्यपाल मिश्र ने कहा कि राजुवास तीन संघटक पशु चिकित्सा विज्ञान महाविद्यालयों एक डेयरी एवं खाद्य प्रौद्योगिकी महाविद्यालय आठ सम्बद्ध महाविद्यालयों तथा 101 डिप्लोमा संस्थानों के माध्यम से प्रदेश में पशु चिकित्सा शिक्षा अनुसंधान एवं प्रसार के क्षेत्र में सराहनीय कार्य कर रहा है। ऐसे में विश्वविद्यालय प्रसार शिक्षण के तहत पशुधन संरक्षण प्रसंस्करण की आधुनिक तकनीक के बारे में पशुपालकों से जानकारियां साझा करें। मिश्र ने कहा कि कृषि एवं पशुपालन की हमारी संस्कृति रही है। खेती-बाड़ी आय अर्जन के साथ पोषण सुरक्षा का भी माध्यम है। मिश्र ने आव्हान किया कि नवीन प्रौद्योगिकी के माध्यम से पशु सम्पदा रोग निदान और उपचार के साथ-साथ उनकी उत्पादक क्षमता बढ़ाने के प्रयास करने होंगे। राज्यपाल मिश्र ने पदक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दीक्षांत समारोह की बधाई दी।

राज्यपाल मिश्र ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत एक विद्यार्थी-एक पेड़ की संकल्पना में हर विद्यार्थी को भागीदारी का आव्हान किया। कुलपति प्रो. सतीश गर्ग ने स्वागत उद्बोधन दिया और विश्वविद्यालय का प्रगति प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र और शेर ए कश्मीर कृषि विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नज़ीर अहमद गनई ने दीक्षांत भाषण दिया।

समारोह में बीकानेर पूर्व विधानसभा विधायक सिद्धी कुमारी, स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अरूण कुमार, महाराजा गंगासिंह विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. मनोज दीक्षित, राज्यपाल के विशेषाधिकारी गोविंद जायसवाल, जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि, पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम आदि मौजूद रहे। कुलसचिव बिन्दु खत्री ने आभार जताया। राज्यपाल ने समारोह के दौरान 538 छात्र-छात्राओं को स्नातक 106 को स्नातकोत्तर एवं 21 को विद्यावाचस्पति की उपाधियां प्रदान की। इस दौरान राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के विभिन्न प्रकाशनों का विमोचन किया।

# संस्कृति संध्या मल्हार-2024 में नृत्य नाटिकाओं द्वारा ऋतृओं को जीवंत किया



महाराणा प्रताप सभागार ( टाउन हॉल ) में संस्कृति संध्या मल्हार-2024 में कलाकारों ने कार्यक्रम पेश किये।

**भीलवाड़ा,** (निसं)। स्थानीय रमा कत्थक संस्थान एवं एल.एन.जे. समूह के सहयोग से वर्षा एवं सुख स्मृद्धि की कामना के लिए शास्त्रीय एवं उपशास्त्रीय नृत्यों की संस्कृति संध्या मल्हार-2024 का आयोजन स्थानीय महाराणा प्रताप सभागार (टाउन हॉल) में किया गया।

जानकारी देते हुए संस्थान के अध्यक्ष कैलाश पालिया ने बताया कि चार से छह वर्ष आयु के बच्चों के नीनाद समूह ने "राधे कृष्ण" की ज्योति अलौकिक एवं "ऊंची ऊंची ढोरियों से बांधू मैं गगर को" कृष्ण वन्दना प्रस्तुत कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। नुपूर समूह ने गरबा नृत्य "कान्हा रे थोड़ा सा प्यार दे" स्वरा समूह ने "मेघ मल्हार" पर आधारित "गरज-गरज आज मेघ घनन घनन छायोरी", की प्रस्तुति से सम्पूर्ण वातावरण को सावन महिने के एहसास से भर दिया। श्रुति समूह ने "आ जा रे मोरे रसिया ये मौसम मिलने का है" रागिनि समूह ने "बूंदन-बूंदन बरसे मेघा" एवं सकल बन फूल रही सरसों की प्रस्तुति से कार्यक्रम की ऊंचाईयां प्रस्तुत की। महाराज बिन्दादीन की प्राचीन अष्ठपदी निरतन ढंग से किरत किरत समूह ने भगवान नटवर के रूपों के साथ कत्थक के तकनीकी पक्ष तोड़े, टुकड़े, गत, फरद आदि की सुन्दर व्याख्या की। मनसवी पचिसियां एवं हर्षिता पुरोहित के युगल नृत्य "इठलाती बलखाती चमकत है, दामिनीयॉं" जो कि स्वर्गीय पंडित बिरजू महाराज के मन भीतर के अन्तर्गत था की मन मोहक प्रस्तुति से सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम में किंकणी समूह के द्वारा रामायण पर आधारित नृत्य नाटिका का प्रस्तुतिकरण बहुत ही सुन्दर रूप से किया गया। पल्लवी समूह पिया बावरी पर सुन्दर प्रस्तुतिकरण दिया। बाल कलाकार ओनिक जैन ने भी वर्षा ऋतु पर गायन की सुन्दर प्रस्तुति दी। अंकिता राणावत एवं कविता ओझा को कत्थक के क्षेत्र में एवं औनिक जैन को गायन में उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया गया। खचाखच भरे टाउनहॉल में दर्शकों ने भरपूर आनंद लिया। संस्थान के सचिव रमा पचिसिया के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री जानकीलाल भांड, रजनीश वर्मा, आरसीएम समूह के टीसी छाबड़ा, ओस्तवाल समूह की नीतू ओस्तवाल, समाजसेवी पूजा गलुन्दिया, संगीत गुरू विद्याशंकर किन्नरीया ने कत्थक नृत्य के प्रति बच्चों का इतना सम्पर्ण देखकर संस्थान के उद्वेश्यों एवं गुरूजनों को शुभकामनाएं दी। कत्थक गुरू रमा पचिसिया के मार्ग निर्देशन में मनसवी, हर्षिता, प्रेरणा, स्तुति, अदिति, युक्ति ने नृत्य निर्देशन किया। कार्यक्रम में शहर के वरिष्ठ कलाकार संगीतज्ञ एवं 500 से ज्यादा कला प्रेमियों की उपस्थिति रही।

# सावन के दूसरे सोमवार को शिव मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

## मंदिरों में सहस्त्रधारा, रुद्राभिषेक व जलाभिषेक के कार्यक्रम हुये


अजमेर में सावन के दूसरे सोमवार को महिलाओं ने मंदिरों में शिवजी की पूजा-अर्चना की।

**अजमेर,** ( कासं)। सनातन संस्कृति में श्रावण मास में भगवान भोले नाथ की अराधना के रूप में मनाया जाता है। सावन माह के दूसरे सोमवार को शहर सहित जिलेभर के मंदिरों में आस्था का सैलाब उमड़ रहा है। कांवड़िए पुष्कर सरोवर से जल भरकर अपने गंतव्य मंदिरों तक जा रहे हैं तो वहीं मंदिरों में सहस्त्रधारा, रुद्राभिषेक व जलाभिषेक सहित धार्मिक आयोजन हो रहे हैं और बम-बम भोले के जयघोष गुंजायमान हो गए। श्रद्धालु अपने आस्था के अनुरूप भगवान भालेनाथ के गर्भग्रह में शिवलिंग पर जल, बिल्वपत्र, घी, शहद आदि से अभिषेक कर रहे हैं।

वैशाली नगर सागर विहार कॉलोनी स्थित बड़कालेश्वर मंदिर में सहस्त्रधारा का आयोजन हुआ। संयोजक डॉ.बीना चौधरी ने बताया कि पांच पंडित द्वारा रुद्रपाठ किया गया। सात जोड़ों द्वारा विधिवत पूजा अर्चना कराई गई। शिव परिवार सहित श्रीकृष्ण राधा, राम दरबार, दुर्गा मां की प्रतिमाओं का नयनाभिराम शृंगार किया। मंदिर की भी विशेष सजावट गई। आरती के पश्चात श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। अखिल भारतीय प्रजापति युवा संगठन की ओर से कुम्हार मोहल्ला आर्य नगर स्थित कुम्हारेश्वर महादेव मंदिर में विधि-विधान से शिव परिवार की प्राण प्रतिष्ठा हुई। शिव शक्ति नगर से शोभायात्रा निकाली गई। पंडित पीयूष दाधीच ने विधि-विधान से भगवान शिव परिवार की प्रतिमाओं की प्राण प्रतिष्ठा संपन्न कराई। इस अवसर पर हवन यज्ञ हुआ। वहीं शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में कांवड़िए पुष्कर सरोवर से जल लेने पहुंच रहे हैं। श्रद्धालु पुष्कर सहित आसपास के पवित्र सरोवर से जल लेकर अपने-अपने क्षेत्रों में स्थित मंदिरों पर पहुंच रहे हैं, इसके साथ रुद्रीपाठ के बीच सहस्त्रधाराएं हो रही है। ब्रह्माकुमारीज द्वारा शिव दर्शन आध्यात्मिक प्रदर्शनी:- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय शास्त्री नगर की ओर से पलटन बाजार विजयवर्गीय धर्मशाला में आयोजित शिव दर्शन आध्यात्मिक प्रदर्शनी को देखने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। श्रद्धालुओं ने शिवलिंग के दर्शन कर पूजा-अर्चना की

ब्रह्माकुमारी आशा बहन ने कहा कि सर्व आत्माओं के पिता परमात्मा शिव ज्योति बिंदु स्वरूप हैं। ज्ञान के सागर हैं। गुणों के भंडार हैं। आनंद के सागर हैं। कार्यक्रम में कीर्ति बहन, भाई ओमप्रकाश, हरिराम आदि मौजूद रहे।श्री पर्वतेश्वर महादेव मंदिर पर मंगलवार को सहस्त्रधारा का आयोजन होगा। सुबह नौ बजे पंडितों द्वारा विधि-विधान से शिव पूजन, दोपहर एक बजे मंत्रोच्चारण के साथ भगवान शिव का जलाभिषेक (सहस्त्र धारा) पांच बजे तक तत्पश्चात भगवान शिव का विशेष शृंगार, महाआरती व प्रसाद का वितरण होगा।

## राशिफल


पंडित अनिल शर्मा

**मंगलवार 30 जुलाई, 2024**

सावन मास, कृष्ण पक्ष, दशमी तिथि, मंगलवार, विक्रम संवत 2081, कृत्तिका नक्षत्र दिन 10:23 तक, वृद्धि योग दिन 3:56 तक, विष्टि करण सायं 4:45 तक, चन्द्रमा आज वृष राशि में संचार करेगा।

**ग्रह स्थिति:** सूर्य-कर्क, चन्द्रमा-वृष, मंगल-वृष, बुध-सिंह, गुरू-वृष, शुक्र-कर्क, शनि-कुम्भ, राहु-मीन, केतु-कन्या राशि में।

आज सर्वार्थ सिद्धि योग सूर्योदय से दिन 10:23 तक है। कुमार योग दिन 10:23 से आरम्भ होगा। भद्रा सायं 4:45 तक रहेगी। आज मंगला गौरी पूजा है।

**श्रेष्ठ चौघड़िया:** चर 9:14 से 10:53 तक, लाभ-अमृत 10:53 से 2:13 तक, शुभ 3:53 से 5:32 तक।

**राहूकाल:** 3:00 से 4:30 तक। सूर्योदय 5:54, सूर्यास्त 7:12

**मेष**
आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आर्थिक कारणों से अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**वृष**
मानसिक तनाव से राहत मिलेगी। मनोबल-आत्मविश्वास बढ़ेगा। आवश्यक कार्य योजनानुसार बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों में व्यस्तता अभी यथावत बनी रहेगी। आर्थिक स्थिति में सुधार होगा।

**मिथुन**
आर्थिक मामलों में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। धन हानि हो सकती है। व्यावसायिक कार्यों के कारण भागदौड़ रहेगी। आज अनर्गल कार्यों में समय खराब हो सकता है।

**कर्क**
आर्थिक/वित्तिय मामलों के लिए दिन अच्छा रहेगा। आय में वृद्धि होगी। संभावित स्त्रोत से धन प्राप्त होगा। व्यावसायिक कार्यों में प्रगति होगी। व्यावसायिक आय में वृद्धि होगी।

**सिंह**
व्यावसायिक कार्यों पर ध्यान देना ठीक रहेगा। व्यावसायिक कार्यों में आ रही अड़चनें दूर होने लगेंगी। व्यावसायिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। घर-परिवार में सुख-सुविधाएं बढ़ेगी।

**कन्या**
नवीन कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे। परिवार में धार्मिक-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**तुला**
चन्द्रमा अष्टम भाव में शुभ नहीं है। व्यावसायिक परेशानियां अभी यथावत बनी रहेगी। आवश्यक कार्यों में विलम्ब हो सकता है। नवीन कार्यों में व्यवधान सामने आ सकते हैं।

**वृश्चिक**
परिवार में आपसी सहयोग-समन्वय बना रहेगा। परिवार में शुभ-मांगलिक कार्य सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**धनु**
विवादित मामलों से राहत मिल सकती है। अस्त-व्यस्त दिनचर्या में सुधार होगा। अटके हुए कार्य बनने लगेंगे। व्यावसायिक कार्यों के संबंध में सकारात्मक आश्वासन प्राप्त होंगे।

**मकर**
व्यावसायिक संपर्क बनेंगे। व्यावसायिक अनुबंध प्राप्त होंगे। व्यावसायिक वार्ता सफल रहेगी। आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी। खान-पान के कारण स्वास्थ्य खराब हो सकता है।

**कुंभ**
घर-परिवार में अतिथियों का आगमन रहेगा। परिवार में धार्मिक-सामाजिक समारोह सम्पन्न हो सकते हैं। व्यावसायिक/आर्थिक स्थिति ठीक रहेगी।

**मीन**
परिवार में मन को प्रसन्न करने वाले संदेश प्राप्त होंगे। परिजनों के सहयोग से वर्तमान समस्या का समाधान हो सकता है। व्यावसायिक प्रयासों में उचित सफलता मिलेगी।

## युवा पीढी का संस्कार से भटकाव देश के लिए अभिशाप

**बांसवाड़ा।** युवा पीढी किसी भी देश की नींव होती है ऐसे में युवा पीढ़ी का धर्म, संस्कृति व संस्कार से भटकाव होना देश के लिए अभिशाप का कारण बन सकता है। उक्त उद्गार बाहुबली कॉलोनी सूमतीनाथ जैन मंदिर मांगलिक भवन में आर्यिका विकाम्या एवं वागड़ गौरव आर्यिका विगुंजन माता ने प्रवचन के दौरान व्यक्त किये। गुरु मां ने कहा कि आज के दौर में बच्चों को संस्कारी बनाना बेहद जरूरी है। आज के बच्चे, युवा पीढ़ी नशा, मोबाइल, टीवी, बुरी लतों, बुरी संगत में पड़े हैं इससे उनका जीवन बर्बाद हो रहा है। उन्होंने बताया कि बच्चे घर पर अपने माता-पिता की बात नहीं मान रहे हैं। गुरु मां ने कहा कि इस बार ज्ञान आराधना चातुर्मास हो रहा है अतरू ज्यादा से ज्यादा अपने बच्चों को संस्कारी बनायें। उन्होंने कहा कि जैन समाज के युवक-युवतियों के लिए धार्मिक शिक्षा बेहद जरूरी है। उन्होंने कहा कि युवतियों को कभी भी घर से भागकर शादी नहीं करनी चाहिए। विधर्मी से शादी करने पर वह सब भी करना पड सकता है जिसकी कल्पना कभी न की होगी। शादी करना है तो जागते हुए करो। परिजनों की मर्जी को दरकिनार कर घर से भागने की प्रवृत्ति जीवन को अंधकारमय बना सकती है। प्रवक्ता महेंद्र कवालिया ने बताया कि चातुर्मास के दौरान बच्चों को अच्छे संस्कार व धर्म-कर्म सिखाया जाता है।

# राशन डीलरों को प्रतिमाह 30000 मानदेय देने की मांग

## राशन डीलर संघ की बैठक कर ज्ञापन सौंपा

**मावली।** कस्बे में 30 जुलाई राशन डीलर संघ के बैनर तले मावली के समस्त राशन डीलरों की बैठक हनुमान मंदिर अखाड़ा मावलीगांव पर संपन्न हुई प्रदेश स्त्रीय राशन डीलर संघर्ष समिति के निर्देशन पर मावाली तहसील के राशन डीलरों ने अपनी पोस मशीन तहसील अध्यक्ष हीरालाल डागी को सहमति पत्र के साथ सौंप कर इसके पश्चात उपखंड अधिकारी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौपे ज्ञापन में चार सूत्री मांग प्रस्तुत की राशन विक्रेता को प्रतिमाह 30000 मानदेय देने, एवम 2 छीजत दिजावे क्योंकि जो गेहूं आता है उसमें एफसीआई से काफी कम तोलाजाता है डोर टू डोर स्टेप डिलीवरी बंद की जावे ले 6 माह से रुके हुए राशन विक्रेता केंद्र सरकार व राज्य सरकार द्वारा दीए जाने वाला कमीशन देने की मांग की आधार सीडिग राशि प्रणाली योजना के तहत वितरण कराए गए गेहूं का कमीशन ई केवाईसी सीडिंग मेहनताना देने की मांग की विक्रेताओं को ई केवाईसी सीडिंग के लिए सरकार द्वारा वह चार्ज नहीं दिया गया जो की मानवीय मूल्यों के विरुद्ध है राशन डीलरों ने चेतावनी देते हुए कहा कि हमारे मुख्य मांगे व छीजत 31 जुलाई तक लिखित आदेश दिलवाने की व्यवस्था करें अन्यथा हमें वोवस होकर 1 अगस्त को वितरण व्यवस्था को विराम देना होगा इस अवसर पर तहसील अध्यक्ष हीरालाल डांगी, ललित सिंह भाटी, चंद्रशेखर शर्मा, संठाम सिंह राठौड, आकाश टाक, मनोज जोशी, ललित सुथार, राहुल जैन , रमेश चंद्र तेली, सुरेश बुनकर, नारायण लाल डांगी, प्रभु लाल डांगी, मोहनलाल डांगी, कालू जाट, शोभा लाल जैन, राजेश जाट, भगवान लाल जाट, कन्हैयालाल माली, अजीत सिंह एवं समस्त राशन डीलर उपस्थित थे।



राशन डीलरों ने उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा।

## महिला की हत्या कर शव फैंका

**उदयपुर,** 29 जुलाई। जिले के ओगणा थाना क्षैत्र में व्यक्ति ने महिला की हत्या कर शव को झाडियों में फैक दिया। सूचना मिलने पर मृतका के परिजनों ने मौताणें की मांग करते हुए चढ़ोतरा कर दिया जहां दोनों पक्षों के बीच बातचीत जारी है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ओगणा थाना क्षैत्र,नाल दकला माता गोगुन्दा निवासी रतनलाल पुत्र भीखा दायमा ने पुलिस थाने मं प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि मेरी काकी राधकी बाई (45) पत्नी लखमा दायमा 26 जुलाई को अपनी पुत्री नवली से मिलने के लिए आरोपी हिरालाल पुत्र नाथू वडेरा निवासी कोलर ओगणा के साथ बाइक पर बैठ कर गई । जहां बीच रास्ते में किसी बात को लेकर हिरालाल व राधकी बाई के बीच विवाद होने पर हिरालाल पत्थर से हमला कर उसकी हत्या करने के बाद लाश को पडावली कला नदी पुल के पास झाडियों में फैक कर फरार हो गया। दूसरे दिन इसकी सूचना मिलने पर ठामीणों की भीड़ जमा हो गई। इधर, ओगणा थानाधिकारी अजयराज सिंह मय जाप्ता मौके पर पहुंचे। जहां मृतका के सिर में चोट के निशान पाए गए। मौके से शव को हटा गोगुन्दा चिकित्सालय मोर्चरी में रखवाया है। सूचना मिलने पर मृतका राधकी बाई के पीहर के परिजनों ने मौताणें की मांग को लेकर चढोतरा कर दिया।

## लूट करने वाला गिरफ्तार

**उदयपुर,** 29 जुलाई। राह चलते युवती के साथ छेडछाड़ कर मोबाईल लूट की वारदात करने वाले को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पीडिता ने पुलिस थाने में प्रकरण दर्ज करवाया। जिसमें पीडित ने बताया कि 24 जुलाई सांय मैं चेतक क्लासेज कॉचिंग सेटर फलासिया से अपने पिता के दुकान पर जार ही थी। जहां बीच रासतें तीन लडके मिले जिन्होंने मेरे साथ छेड़छाड़ की। इस पर मैने बचाव किया तो एक बदमाश ने हाथ से मोबाईल छिन लिया तथा इसका विरोधक करने पर फरार हो गए।


**विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय मोहन लाल सुखाडिया विश्वविद्यालय, उदयपुर**

क्र. सा.वि.मा.म/स्टोर/निविदा/ 2024/04 दिनांकः-29.7.2024

**निविदा सूचना**

महाविद्यालय के वाहन स्टेण्ड संचालन हेतु सत्र 2024-25 हेतु मोहरबंद निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। विस्तृत विवरण के लिए महाविद्यालय सूचना पट्ट एवं विश्वविद्यालय की वेबसाईट www.mlsu.ac.inका अवलोकन करें।

अधिष्ठाता
University College Of
Social Sciences & Humanities, UDAIPUR

**कार्यालय नगर पालिका नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द ( राज. )**

क्रमांक/न.पा.ना./तामीर/2024/9827 दिनांक : 29/07/2024

**-:आपत्ती सूचना:-**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित व्यक्तियों द्वारा जरिये क्रय शुदा/पट्टा शुदा के आधार पर प्राप्त भूखण्ड / भवन का स्वयं के नाम पर निम्नांकित वर्णित सम्पत्ति पर भवन निर्माण में कराने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। उक्त आवेदन के संबंध में किसी भी हितधारी को कोई आपत्ती हो तो सात दिवस (कार्य दिवस) में नगर पालिका कार्यालय में लिखित रूप से प्रस्तुत कर दें अन्यथा प्रकरण में कोई आपत्ती प्राप्त नहीं होने एवं दस्तावेज पूर्ण पाये जाने पर नियमानुसार कार्यवाही पूर्ण करते हुए उक्त प्रकरणों में आगामी कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम/ पता | आवेदिक सम्पत्ति का विवरण | पड़ौस | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | पूर्व | पश्चिम | उत्तर | दक्षिण |
| 1 | श्रीमती मोनीका भाटीया पत्नी श्री कमल भाटीया | सुखाड़िया नगर नाथद्वारा | भूखण्ड संख्या 17 | भूखण्ड संख्या 19 | पड़त सरकारी भूमि | आम रास्ता |

आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा

प्रारूप-10 ( नियम-6 ( 7 ) देखिए )

**कार्यालय प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त नगर पालिका, नाथद्वारा**

सं./न.पा.नाथ/90क/24/9805 **लोक-सूचना** दिनांक :27/7/2024

श्रीमती गीता देवी पत्नी श्री राधेश्याम, श्री जितेन्द्र पुत्र राधेश्याम, श्री प्रकाश पुत्र राधेश्याम, माधुरी पुत्री राधेश्याम शर्मा निवासी कोठारिया रोड, नाथद्वारा, जिला-राजसमन्द (राज.) ने इस कार्यालय में नीचे उल्लिखित भूमि का गैर-कृषिक प्रयोजन के उपयोग हेतु ऐसी भूमि के अपने अभिघृति अधिकारों के निर्वापन के लिए आवेदन प्रस्तुत किया है, अर्थात-

| जिले सहित तहसील का नाम | ग्राम का नाम | खसरा संख्या | क्षेत्र |
|---|---|---|---|
| नाथद्वारा जिला-राजसमन्द | नाथद्वारा | 3792/838, 3793/840,839 | कुल रकबा 0.3572 हैक्टेयर भूमि |

इसलिए, इसके द्वारा समस्त संबंधित व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि यदि किसी व्यक्ति को राजस्थान भू-राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 90-क और राजस्थान अभिघृति अधिनियम 1955 की धारा 63 के अधीन पूर्वोक्त प्रयोजनों के लिए भूमि के उपयोग हेतु अनुज्ञा प्रदान करने और अभिघृति अधिकारों के निर्वापन पर कोई आक्षेप है तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 7 दिन के भीतर-भीतर किसी कार्य दिवस पर कार्यालय समय के दौरान अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष समर्थक दस्तावेजों के साथ अपने आक्षेप प्रस्तुत कर सकेगा। उपर्युक्त नियत समय के भीतर-भीतर किसी आक्षेप के अभाव में यह समझा जावेगा कि किसी को आक्षेप नहीं है और तदनुसार मामले का निपटारा किया जायेगा। यह सूचना मेरे हस्ताक्षर और मुहर के अधीन आज दिनांक 27/7/2024को जारी की गयी।

प्राधिकृत अधिकारी एवं आयुक्त, नगर पालिका नाथद्वारा


## प्रताप गौरव केन्द्र में गूंजा कवियों का देश राग

**उदयपुर।** पूजन कर इस पावन रज का, अंग अंग मुसकाया है, पन्ना का बलिदान यहां, यहां महाराणा की छाया है। ये उद्गार झालावाड के कवि मनोज निडर ने प्रताप गौरव केंद्र स्थित पद्मिनी सभागार में राष्ट्रीय कवि संगम चित्तौड प्रांत के प्रथम प्रांतीय अधिवेशन के अवसर पर काव्य संध्या के दौरान व्यक्त किए।

संगम के राष्ट्रीय मंत्री योगेन्द्र शर्मा की अध्यक्षता, संयुक्त निदेशक जन सम्पर्क, डॉ. कमलेश शर्मा के मुख्य आतिथ्य एवं प्रदेश मंत्री आशा पाण्डे ओझा के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित काव्य संध्या में प्रांतीय क्षेत्र के सभी जिलों से पहुंचे कलमकारों ने अपनी रचनाओं से समा बांधा। युवा कवि एवं मंच संयोजक विजय मारू के संचालन मे बांसवाडा की सारिका भुवन की सुमधुर रचना तुम वन में भटको -तुम बिन कैसे राजमहल में काटूं अपने दिन के साथ काव्य संध्या का आगाज हुआ। भीलवाडा के महेन्द्र पुरोहित ने मां भारती का वंदन हो, राष्ट्र चेतना कर्म हमारा। धर्म ध्वजा अभिनंदन, राष्ट्र जागरण धर्म हमारा का उद्घोष किया। कामिनी व्यास रावल उदयपुर ने कामिनी अपना शीर्ष झुकाती है, वीर पावन धरा के नमन के लिये,प्रतापगढ के ओजस्वी कवि विजय विद्रोही ने इन भुजाओं पर एकलिंग दीवान, राणा प्रताप छाप दीजिए --के माध्यम से श्रोताओं में जोश का ज्वार जगा दिया। बोदिया के विजय गिरि काव्यदीप ने सुभारती वसुंधरा, मोहरा मनोहरा से भारती का गुणगान किया तो हेमंत राही ने बदरा तू ले जा?रा मेरा यह संदेश, वीर सपूतों को बता, साथ तुम्हारे देश कहकर वीरों को संदेश दिया। बांसवाडा के ही नवोदित दिव्यांश जोशी ने वह सात फीट पांच इंच का पूरा -पूरा हिन्दुस्तान था के माध्यम से प्रताप के विराट व्यक्तित्व का चित्रण किया।

## उदयपुर के गणेश को कालिदास अवार्ड

**उदयपुर,** 29 जुलाई। कालिदास संस्कृत अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद की ओर से आयोजित राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी-2023 में उदयपुर के ख्यातनाम चित्रकार गणेशलाल गौड की कृति गौरीशंकर का अभिनंदन को राष्ट्रीय कालिदास अवार्ड के लिए चुना गया। इससे उदयपुर के सभी कलाधर्मियों में हर्ष की लहर व्याप्त है। विराटनगर से. 14 निवासी मिनिएचर आर्टिस्ट गणेशलाल गौड बचपन से कला क्षेत्र से जुडे हुए हैं। गौड ने राष्ट्रीय कालिदास चित्र एवं मूर्तिकला प्रदर्शनी के लिए भगवान शिव और माता गौरी के अभिनंदन प्रसंग को कैनवास पर उकेरा है। प्रदर्शनी में देश भर से कई कलाकारों ने शिरकत की थी। प्रदर्शनी के हाल ही घोषित परिणामों में गौडढ की कृति गौरीशंकर का अभिनंदन को पुरस्कृत किया गया।

# जमा पानी पर दवाई छिड़कने के निर्देश

**डूंगरपुर।** जिला कलक्टर अंकित कुमार सिंह ने चांदीपुरा वायरस से संक्रमित बच्चें के उपचार, वर्तमान स्थिति, जिले में चांदीपुरा वायरस के अब तक के संक्रमण की स्थिति की जानकारी लेते हुए संक्रमित बच्चे की मॉनिटरिंग करते हुए लगातार फॉलों अप लेने के निर्देश दिए।

इसके साथ ही उन्होंने जिस क्षेत्र से संक्रमित बच्चा आया है उस क्षेत्र में फॉगिंग करवाने, अन्य समकक्ष लक्षण वाले रोगियों की भी प्रभावी मॉनिटरिंग करते हुए उपचार करने,जागरूकता के लिए विशेष प्रचार प्रसार करवाने, जमा पानी पर दवाई छिडकवाने,फॉगिंग करवाने के निर्देश दिए। उन्होंने यह निर्देश सोमवार को साप्ताहिक समीक्षा बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को दिए। उन्होंने संक्रमण के फैलाव को रोकने के लिए किए जाने वाले उपाय,संक्रमण के लक्षण तथा उपचार का जनहित में व्यापक प्रचार प्रसार करने के निर्देश दिए।

बैठक में उन्होंने जल संसाधन विभाग की समीक्षा के दौरान वात्रक डेम नहर के टूटने के कारणों की जानकारी लेते हुए शीघ्र ही दुरस्त करवाने के निर्देश प्रदान किए। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही दूरस्तीकरण की कार्यवाही नहीं की गई तो संबंधित पर कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने निर्माण के समय ही तकनीकी और गुणवत्ता पर पूर्ण ध्यान रखने के निर्देश दिए। बैठक में जिला कलक्टर सिंह ने सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग की समीक्षा करते हुए डूंगरपुर एवं सागवाडा नगरीय क्षेत्र तथा झौंथरी एवं बिछीवाडा में पेंशन वेरिफिकेशन के शेष रहें प्रकरणों को शीघ्र ही निस्तारित करने के निर्देश दिए। साथ ही छात्रवृत्ति के संबंध में महाविद्यालयों एवं उनके नोडल अधिकारियों के साथ दोबारा बैठक करते हुए निस्तारित करने के निर्देश दिए।


**GRAM PANCHAYAT OFFICE DODAWALI, PANCHAYAT SAMITI GIRWA (UDAIPUR)**

LETTER NO:2024-25/ DATE:

**E-TENDER NOTICE**

E-Tender Notice are invited for Material Supply for Works. Details about Tender specification, cost, EMD, tender inviting and receiving dates etc. available at http:// sppp.rajasthan.gov.in and http:// eprocure.gov.in

UBN NO- ZUD2425GLRCOO368

SARPANCH
Gram Panchayat
DODAWALI P.S.GIRWA


# उदयपुर में खनिज संपदा से समृद्ध जावर को पर्यटन से जोड़ने की कवायद

**उदयपुर,** 29 जुलाई। प्रदेश के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की मंशानुरूप विश्व प्रसिद्ध उदयपुर में देशी-विदेशी पर्यटकों के अधिक ठहराव एवं पर्यटन हेतु नए स्थल विकसित करने की दिशा में सरकार द्वारा हर संभव प्रयास किये जा रहे है। उदयपुर जिले में नए पर्यटन स्थलों का विकास होने से ना सिर्फ पर्यटकों में इजाफा होगा बल्कि यहां उनके ठहराव की अवधि में भी विस्तार होगा जिससे जिले की अर्थव्यवस्था को प्रत्यक्ष लाभ होगा। शताब्दियों पूर्व से खनन के लिए विख्यात जावर क्षेत्र में पर्यटन विकसित होने से स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर भी प्राप्त होंगे। हाल ही जारी हुए बजट की घोषणाओं के अनुरूप क्षेत्रीय पर्यटन कार्यालय बजट घोषणाओं को धरातल पर उतारने की तैयारियों में जुट गया है। इसी कडी में गत 18 जुलाई को पर्यटन विभाग के अधिकारियों ने जावर क्षेत्र का दौरा कर स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं निवासियों से चर्चा कर क्षेत्र में पर्यटन के विकास के संदर्भ में सुझाव लिए एवं तकनीकी बिंदुओं को ध्यान में रखते हुए सर्वे रिपोर्ट तैयार कर राज्य सरकार को प्रेषित की है।

- **जिओ हेरिटेज टूरिज्म साइट के रूप में विकसित होगा उदयपुर का जावर**

जिओ हेरिटेज पर्यटन, या भौगोलिक धरोहर पर्यटन, एक विशेष प्रकार का पर्यटन है जो किसी क्षेत्र की भौगोलिक विशेषताओं, जैसे पर्वत, नदियाँ, और भूगर्भीय खनिज संपदाओं पर आधारित होता है। इसमें स्थानीय भौगोलिक संरचनाओं, उनके निर्माण की प्रक्रियाओं, और उनके ऐतिहासिक महत्व को उजागर किया जाता है।

इसका उद्देश्य पर्यटकों को प्राकृतिक और भूगर्भीय धरोहर की समझ प्रदान करना और उसे संरक्षित करने के महत्व को बढाना है। इस प्रकार का पर्यटन न केवल शिक्षा और जागरूकता बढता है, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी बढावा देता है। उदयपुर जिले का जावर भी एक प्राचीन भू धरोहर स्थल जिओ हेरिटेज साइट है यहां जिओ टूरिज्म विकसित करने की अपार संभावनाएं है जिसके तहत जावर में चिन्हित स्थानों पर बाउंड्री वॉल, प्रवेश द्वार, पार्किंग, जन सुविधाएँ, सूचनात्मक डिस्प्ले बोर्ड, साइनेज, बैठक व्यवस्था, सोलर लाइट आदि कार्य करवाए जाने प्रस्तावित है। इस क्षेत्र के आसपास तीन किलोमीटर की परिधि में जावर माता मंदिर, प्राचीन जैन मंदिर,बावडी आदि अन्य पर्यटकीय महत्त्व के स्थल स्थित हैं, इस कारण इस क्षेत्र को पर्यटन हब के रूप में विकसित करने की प्रबल संभावनाएं हैं।

## उदयपुर जिला प्रमुख मनोनीत

**उदयपुर,** 29 जुलाई। 16वें वित्त आयोग अंतर्गत गठित आयोग के अध्यक्ष अरविन्द पनगडिया की अध्यक्षता में आगामी 2 अगस्त को जयपुर में आयोजित बैठक में भाग लेने तथा वित्त आयोग द्वारा पंचायती राज संस्थाओं के लिए प्रस्तुत की जाने वाली रिपोर्ट के संबंध में सुझाव देने हेतु उदयपुर की जिला प्रमुख श्रीमती ममता कुंवर सहित 15 जनप्रतिनिधियों का राज्य स्तर पर मनोनीत किया गया।

इस संबंध में सोमवार को शासन सचिव, अतिरिक्त आयुक्त पंचायती राज विभाग द्वारा मनोनीत जनप्रतिनिधियों के साथ पूर्व बैठक संवाद का आयोजन किया गया। बैठक में मनोनीत जनप्रतिनिधियों से आयोग को प्रस्तुत किये जाने वाले प्रस्तावों व सुझावों पर चर्चा की गई। बैठक में उदयपुर जिला प्रमुख ममता कुंवर द्वारा पंचायती राज संस्थाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, उच्च माध्यमिक विद्यालयों के अंतर्गत कार्य स्वीकृत हेतु अधिकार प्रदान करने, प्राकृतिक आपदाओं हेतु एक निश्चित राशि प्रति वर्ष जिला परिषदों को उपलब्ध कराने, केन्द्र सरकार द्वारा आवंटित राशि पंचायती राज संस्थाओं को निश्चित समय पर प्रतिवर्ष एक निश्चित माह में अनिवार्यतः हस्तांतरित करने सहित अन्य सुझाव पर चर्चा की गई।

# 125 विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की

## उमानिता फाउंडेशन के संरक्षक एडवोकेट निर्मल पंडित के मार्गदर्शन में स्टेशनरी वितरित की गई



उदयपुर में राजकीय उप्रावि भीलूराणा कॉलोनी में 125 विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई।

**उदयपुर,**29 जुलाई। उमानिता फाउंडेशन के संरक्षक एडवोकेट निर्मल पंडित के मार्गदर्शन में राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय भीलूराणा कॉलोनी में 125 विद्यार्थियों को स्टेशनरी वितरित की गई। सचिव गौरव डूंगरपुरिया ने बताया कि विद्यालय के शिक्षक सुशील सेन से पता चला कि स्टेशनरी के अभाव में बच्चे विद्यालय नहीं आ रहे हैं इस पर संज्ञान लेते हुए संस्थापक एवम संरक्षक दोनो ने मिलकर शीघ्र प्रभाव में स्टेशनरी वितरण करवाया।

## उदयपुरः रक्षा बंधन पर डाक विभाग का अनूठा प्रयास

**उदयपुर,** 29 जुलाई। भाई-बहन के अटूट प्यार के पर्व रक्षाबंधन को यादगार बनाने के लिए भारतीय डाक विभाग की ओर से इस बार विशेष प्रयास किया गया है। डाक विभाग के उदयपुर मण्डर के प्रवर अधीक्षक अक्षय भानुदास ने बताया कि राखी पोस्ट करने के लिए वाटर प्रुफ लिफाफे के साथ ही इस बार डाक विभाग ने उपहार व मिठाई के लिए अलग से वाटर रूफ बॉक्स का तोहफा दिया है। इस बार लिफाफे व बॉक्स की क्वालिटी पर भी खास ध्यान रखा गया।

एक खास प्रिंटेड बॉक्स भी मौजूद हैं जिसे देखकर अंदाजा लगाया जा सकता है कि बहन ने भाई को खास तौर पर रक्षाबंधन का प्यार भेजा है। प्रवर अधीक्षक ने बताया कि रक्षाबंधन देखते हुए भारतीय डाक विभाग की ओर से 10,15 व 30 रुपए की कीमत वाले वाटरप्रूफ बॉक्स व लिफाफे तैयार किए हैं। ये दो साइज में उपलब्ध हैं, इसमें राखियां डालकर कहीं भी पोस्ट की जा सकती हैं। ये लिफाफे और राखी बॉक्स आमजन अपने निकटतम डाकघर से खरीद सकते हैं। इन राखी वाले लिफाफों के प्रेषण, छंटाई एवं वितरण को प्राथमिकता प्रदान की जाएगी, जिससे राखियां समय पर भाईयों को मिल सके। विभाग ने हर स्तर पर राखी समय पर वितरण के लिए सभी डाकघरों और वितरण स्टाफ को निर्देश जारी किए है।


**कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, सलुम्बर ( राज. )**

**पेनल्टी से बचने का सुनहरा अवसर**

**परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान जिला परिवहन कार्यालय, सलुम्बर**

**एमनेस्टी योजना-2024**

**बकाया वाहनों का टैक्स 31 जुलाई 2024 तक जमा करायें**

**-: पेनल्टी में भारी छूट पाएं:-**

टैक्स पैनल्टी छूट के आखिरी 2 दिवस शेष

वाहन का सम्पूर्ण बकाया कर यदि 31.07.2024 तक जमा करवा दिया जाता है तो उस पर 31.03.2023 तक देय पेनल्टी पर शत-प्रतिशत छूट प्रदान की जायेगी। केवल 31.03.2023 के पश्चात की पेनल्टी नियमानुसार देय होगी।

यदि किसी वाहन पर दिनांक 31.03.2023 से पूर्व का कोई कर बकाया नहीं हो। परन्तु पूर्व की कोई पेनल्टी बकाया हो तो दिनांक 31.03.2023 के बाद का कर एवं उस पर देय पेनल्टी जमा कराने पर दिनांक 31.03.2023 से पूर्व की बकाया पेनल्टी पर शत-प्रतिशत छूट मिलेगी।

**एमनेस्टी योजना 2024 का लाभ उठाएं।**
**अन्यथा -**
**-: 31 जुलाई 2024 के बादः-**

- मूल कर व सम्पूर्ण जुर्माना राशि की देयता।
- डिफॉल्टर वाहन की जब्ती।
- भू-राजस्व अधिनियम में जमीन कुर्की।

**जिला परिवहन अधिकारी, सलुम्बर ( राज. )**

# विवाहिता ने दो बच्चों के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या की

## सालरा गांव में पति से पारिवारिक कलह के चलते विवाहिता ने आत्महत्या का कदम उठाया

**भीलवाड़ा, (निसं)।** शहर के सुभाष नगर थाना क्षेत्र के सालरा गांव में पति से पारिवारिक कलह के चलते विवाहिता ने नौ माह के नवजात बेटे और सात साल की मासूम बेटी के साथ कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने अथक प्रयास के बाद ग्रामीणों के सहयोग से मां-बेटे के शवों को कुएं से निकलवा लिया।

- **महिला ने 7 साल की बेटी कविता व नौ माह के बेटे को लेकर कुएं में छलांग लगा दी**



पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से तीनों के शवों को कुएं से निकलवाया।

सुभाषनगर थाना प्रभारी शिवराज गुर्जर ने बताया कि सालरा निवासी राजू देवी गाडरी (30) व उसके पति उदयलाल गाडरी के बीच पारिवारिक कलह चल रहा था। इसी के चलते सोमवार सुबह करीब पांच बजे राजू देवी, अपनी सात साल की बेटी कविता व नौ माह के बेटे हनुमंत को लेकर घर से निकल गई। राजू देवी, अपने घर से करीब आधा किलोमीटर दूर स्थित अपने ही कुएं पर पहुंची और बेटे-बेटी सहित कुएं में छलांग लगा दी।

उधर, राजू देवी के घर से निकलने के बाद परिजन उसकी तलाश में निकले तब इस घटना का पता चला। इसकी सूचना पुलिस को दी गई। सुभाषनगर थाना प्रभारी गुर्जर मय जाप्ता मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों की मदद से कुएं में गिरी महिला व उसके बेटे-बेटी की तलाश शुरु की। अथक प्रयास के बाद मां-बेटे के शवों को कुएं से निकाल लिया गया। कड़ी मशक्कत के बाद बच्ची का शव भी कुए से बाहर निकाल लिया गया।

# राज्य में स्कूलों के लिये वार्षिक कैलेंडर जारी

## साल के 365 दिनों में स्कूल महज 213 दिन ही संचालित होंगे

**बीकानेर, (निसं)।** शिक्षा विभाग ने राज्य के सरकारी व प्राइवेट स्कूलों के लिए सेशन 2024-25 के लिए वार्षिक कैलेंडर जारी कर दिया है। साल के 365 दिनों में स्कूल महज 213 दिन ही संचालित होंगे, जबकि 152 दिन स्कूलों में अलग-अलग कारणों से अवकाश रहेगा। इसमें रविवार का अवकाश भी शामिल है।

- **152 दिन स्कूलों में अलग-अलग कारणों से अवकाश रहेगा इसमें रविवार का अवकाश भी शामिल है**
- **स्कूलों में प्रथम परख 21 अगस्त से 23 अगस्त तक होंगे। वहीं द्वितीय परख14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक होंगे**

शिक्षा निदेशक आशीष मोदी की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार इस बार मध्यावधि अवकाश यानी दीपावली के अवकाश 27 अक्टूबर से शुरू होंगे और सात नवम्बर तक रहेंगे। इसी तरह सर्दियों की छुट्टियां हर बार की तरह 25 दिसम्बर से शुरू हो जाएगी और पांच जनवरी तक रहेगी। स्कूलों में प्रथम परख 21 अगस्त से 23 अगस्त तक होंगे। वहीं द्वितीय परख14 अक्टूबर से 16 अक्टूबर तक होंगे। इस बार अर्द्धवार्षिक परीक्षायें 12 दिसम्बर से 24 दिसम्बर तक आयोजित होंगी। वार्षिक परीक्षा 24 अप्रैल से 8 मई तक आयोजित होंगी। परीक्षा परिणाम 16 मई को घोषित होगा।

शिक्षा विभाग ने इस बार भी हर महीने के दूसरे व चौथे शनिवार को "नो बेग डे" घोषित किया है। इस दिन स्कूलों में अलग-अलग गतिविधियां आयोजित होगी, जिसमें बच्चों को स्टेज पर आने का अवसर दिया जाएगा। शिक्षा विभाग से जुड़े सरकारी व प्राइवेट स्कूलों में नया सेशन एक जुलाई 2025 से शुरू होगा। इससे पहले रिजल्ट घोषित होने के साथ ही स्कूलों में छुट्टियां घोषित हो जाएगी। आमतौर पर प्राइवेट स्कूल एक अप्रैल से ही सेशन शुरू कर देते हैं लेकिन सरकारी स्कूल में सेशन एक जुलाई से ही शुरू हो रहा है। इस बार जिला स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 25 व 26 अक्टूबर को घोषित होगा, वहीं राज्य स्तरीय शैक्षिक सम्मेलन 17 व 18 जनवरी को घोषित होगा। इन चार दिनों में सरकारी स्कूल में अवकाश रहेगा।

# 'सामाजिक सुरक्षा पेंशन भुगतान की लंबित अवधि एक महीना की'

**जयपुर, (वि.सं.))** विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान आज विधायक अमृतलाल मीणा के प्रश्न पर सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री अविनाश गहलोत ने सोमवार को विधानसभा में कहा कि राज्य सरकार के प्रयासों से वर्तमान में सामाजिक सुरक्षा पेंशन भुगतान की लंबित अवधि एक महीना कर दी गई है। गहलोत ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय यह अवधि तीन महीने से अधिक थी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा पेंशन राशि में 15 प्रतिशत की वृद्धि कर इसे 1000 रुपये से 1150 रूपये किया गया है। वर्तमान में पेंशनर्स को गत एक अप्रैल से बढ़ी हुई पेंशन राशि का भुगतान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा 89 लाख पेंशनर्स के खातों में 1037 करोड़ रूपये की राशि का भुगतान डीबीटी के माध्यम से किया गया है।

# खेलने गए चार बच्चों की तालाब में डूबने से मौत

## सभी बच्चे नहाने के लिए तालाब में उतरे थे, किसी को भी तैरना नहीं आता था

**परबतसर, (निसं)।** निकटवर्ती ग्राम कैराप में घर से बाहर खेलने गए चार बच्चों की गांव के तालाब में डूबने से दर्दनाक मौत हो गई। सभी नहाने के लिए तालाब में उतरे थे। किसी को भी तैरना नहीं आता था। तलाश कर रहे परिजनों और ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस-प्रशासन ने तालाब में सर्च ऑपरेशन चलाया। इसके बाद चारों बच्चों के शव तालाब में गहरे दलदल में फंसे हुए मिले।

मामला डीडवाना-कुचामन जिले के कैराप गांव का है। घटना रविवार शाम पांच बजे हुई। खुनखुना एसएचओ देवीलाल ने बताया कि कैराप गांव के भूपेश (13) पुत्र काशीराम लोहार, साहिल खान (14) पुत्र संजय खान, शिवराज (14) पुत्र गिरधारी लोहार, विशाल ढाका (14) पुत्र बलदेव राम जाट रविवार शाम एक साथ घर से बाहर खेलने के लिए निकले थे। चारों बच्चे देर शाम तक घर नहीं लौटे तो परिजनों को



भूपेश लोहार।



साहिल खान।



शिवराज लोहार।



विशाल ढाका।

चिंता हुई। आसपास बच्चों की तलाश की गई। जानकारी मिली कि बच्चे तालाब किनारे खेलने गए थे।

इस पर रात को तालाब किनारे पहुंचे तो वहां चारों बच्चों की चप्पलें तालाब के किनारे पड़ी मिली। बच्चे कहीं नजर नहीं आए। दो बच्चों के शव ग्रामीणों ने निकाले। खुनखुना थानाधिकारी देवीलाल बिश्नोई ने बताया कि रात करीब 9.20 बजे ग्रामीणों ने हादसे की सूचना दी थी। इस पर पुलिस जाप्ते के साथ मौके पर पहुंचे। दो बच्चों के शवों को ग्रामीणों ने खुद के स्तर पर दलदल से निकाल लिए थे। अतिरिक्त जिला पुलिस अधीक्षक हिमांशु भी मौके पर पहुंचे। सूचना पर कलेक्टर बालमुकुंद असावा ने एसडीआरएफ की टीम के साथ तहसीलदार और एएसपी हिमांशु शर्मा को रात 10 बजे मौके पर भेजा। चार घंटे के सर्च के बाद एस डी आर एफ की टीम ने रात करीब दो बजे दो अन्य बच्चों के शवों को भी तालाब से बाहर निकाला, जिन्हें डीडवाना के राजकीय बांगड़ जिला अस्पताल लाया गया। शवों का पोस्टमॉर्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिए गए हैं। मामले की जांच की जा रही है। एक साथ चार बच्चों की मौत से गांव में गमगीन माहौल है।

# आकाशीय बिजली गिरने से दो बच्चों की मौत

**डूंगरपुर, (निसं)।** आकाशीय बिजली गिरने से खेरवाड़ा तहसील के कागदर गांव में दो बच्चों की मौत हो गई। दोनों बच्चे पहाड़ी पर बकरी चराने के लिए गए थे। खेरवाड़ा तहसील के गांव निवासी गोपाल पुत्र सुरेंद्र कलासुआ तथा लक्की पुत्र अनिल कलासुआ दोनों बच्चे गांव में ही बकरी चरा रहे थे। इस दौरान बिजली गिरने से दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों बच्चों को पहले खेरवाड़ा फिर डूंगरपुर रेफर किया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के दोनों बच्चों को मृत घोषित कर दिया है।

वहीं डूंगरपुर जिले के पाल देवल गांव में सोफ स्टोन माइंस काम करे मजदूरों भी आकाशीय बिजली गिरने से घायल हो गए। घायलों में अधिकांश महिलाएं शामिल है। सभी लोगों देवल गांव में सॉफ स्टोन की माइंस पर काम करते थे। बिजली गिरने से एक महिला के हाथ पैर झुलस गए। महिला को गंभीर हालात में रैफर कर दिया गया है। जानकारी के अनुसार देवल गांव सोमवार को मजदूर सॉप स्टोन की माइंस पर काम कर रहे थे। तभी बारिश शुरू हो गई बारिश से बचने के लिए सभी मजदूर माइंस पर खड़े डंपर के सहारे छुप गए। इस दौरान आसमान से आकाशीय बिजली गिर गई। जिसे आस पास में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना एंबुलेंस की दी। इस पर 108 के पायलट दिनेश रोत और ईएमटी रेखा गायरी मौके पर पहुंचे और घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां सभी घायलों का इलाज चल रहा है।

# लोहार्गल में कांवड़ियों के बीच घुसे शरारती तत्वों ने सूर्य कुंड पर हंगामा किया

## शरारती तत्वों ने धक्का मारकर पुलिसकर्मी को कुंड में गिराया

**नवलगढ़, (निसं)।** तीर्थराज लोहार्गल धाम के सूर्य कुंड पर रविवार रात्रि को हुई घटना से पुलिस प्रशासन और सूर्य कुंड पर पवित्र स्नान के लिए जाने वाले भक्तों की प्रतिष्ठा पर प्रश्न चिह्न लग गया। रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि के बाद सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने लगा, जिसमें लोहार्गल सूर्य कुंड पर रात्रि करीब 11.15 बजे स्नान कर रहे लोगों को पुलिस जवान डंडे मारकर खदेड़ते नजर आ रहे हैं। वीडियो चारों तरफ आग की तरह फैल गया। लोगों में अनेक प्रकार की चर्चाएं भी शुरू हो गई, लेकिन सूर्य कुंड के चारों ओर लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखने पर पता चला कि घटना का दूसरा पहलू भी है।

- **शरारती तत्वों को काबू करने के लिए पुलिस ने हल्का बल प्रयोग किया**



तीर्थराज लोहार्गल धाम के सूर्य कुंड पर अव्यवस्थायें फैली हुई हैं।

फुटेज में स्पष्ट दिखाई दे रहा है कि गौमुख के पास महिलाएं कांवड़ पात्र में पवित्र जल भर रही थी। इस दौरान महिलाओं की तरफ आ रहे शरारती तत्वों को पुलिस जवानों ने टोका और दूसरी तरफ जाने के लिए कहा। कुंड के पास लगे माइक पर भी बार-बार अनाउंसमेंट किया गया। इसके बाद रात्रि 11.15 बजे कांवड़ियों की भीड़ में छिपे असामाजिक तत्व ने एक पुलिस जवान को धक्का मारकर कुंड में गिरा दिया, जिसके बाद पुलिस के जवानों ने कुंड में काफी देर से नहा रहे शरारती लोगों को बाहर निकालने के लिए डंडे फटकारे और 1-2 जने को डंडे भी लगे। इसके बाद 11.20 पर इन शरारती लोगों ने मिलकर पुलिस जवान को जमकर पीटा। कुंड पर हुड़दंग बढ़ता देख कांवड़िए पवित्र जल लेकर अपने-अपने गंतव्य की ओर निकल गए। हुड़दंग करने वाले शरारती लोग भी लाइट नहीं होने की वजह से अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गए। मामले में गोठड़ा थाने में प्रकरण भी दर्ज हुआ है।

घटना की जानकारी लेने व कुंड पर पुलिस की व्यवस्था व अन्य व्यवस्थाओं को लेकर नवलगढ़ पुलिस उप अधीक्षक मनोज कुमार गुप्ता व गोठड़ा थानाधिकारी कमलेश चौधरी सोमवार दोपहर लोहार्गल पहुंचे। डीवाईएसपी मनोज कुमार गुप्ता ने लोहार्गल पंचायत कार्यालय में सरपंच जगमोहनसिंह शेखावत, लोहार्गल सूर्य मंदिर पीठाधीश्वर अवधेशाचार्य महाराज, लोहार्गल के ग्राम विकास अधिकारी अनिल कुमार, सूर्य कुंड के आसपास के दुकानदारों व ग्रामीणों के साथ बैठक की। जिसमें लोगों से भविष्य में इस प्रकार की अप्रिय घटना न हो इसके लिए सुझाव मांगे। सरपंच जगमोहनसिंह, अवधेशाचार्य महाराज ने शनिवार से सोमवार सुबह तक कुंड पर कम से कम 40 पुलिस जवानों की तैनाती करने की मांग की। साथ ही मौजूद लोगों ने सूर्य कुंड पर जाने वाले श्रद्धालुओं का मार्ग दूसरे रास्ते से करने की मांग भी उठी। सरपंच जगमोहनसिंह व महंत अवधेशाचार्य ने सूर्य कुंड पर व्यवस्थाओं के लिए पुलिस टीम के साथ अपने कार्यकर्ता लगाने का भरोसा दिया।

जगदगुरू अवधेशाचार्य महाराज, पीठाधीश्वर सूर्य मंदिर लोहार्गल का कहना है कि धरती के पहले तीर्थ लोहार्गल धाम के सूर्य कुंड पर असामाजिक तत्वों द्वारा की गई घटना निंदनीय हैं। शिवभक्त कांवड़िए सूर्य कुंड पर हुड़दंग नहीं कर सकते। यह लोग तो कांवड़ियों को बदनाम करने व कांवड़ यात्रा को बंद करवाने के षड़यंत्र के तहत कांवड़ियों के बीच भेष बदलकर घुस गए। घटना के समय महिला कांवड़ यात्री गौमुख के पास कांवड़ पात्र में जल भर रही थी। उसी समय सारा घटनाक्रम शुरू हुआ। मौके पर पुलिस जवानों की संख्या बहुत कम थी। इसलिए मैं प्रशासन से मांग करता हूं कि कांवड़ियों के साथ आने वाले डीजे लगे वाहनों को गोल्याणा चौराहे पर ही रोका जाए और दूसरे वाहनों की भी गोल्याणा चौराहे से लोहार्गल कुंड के बीच 3-4 स्थानों पर जांच की जाए, इन वाहनों को भी कुंड से दूर रोका जाए, साथ ही संभव हो सके तो रात के समय शराब व अन्य प्रकार के नशे करके कांवड़ियों के जत्थों में घुसकर कुंड पर आने वाले असामाजिक तत्वों की जांच की जाए। पूरे श्रावण मास में शनिवार से सोमवार तक अतिरिक्त पुलिस बल लगाए जाए।

जगमोहनसिंह शेखावत, सरपंच, लोहार्गल का कहना है कि रविवार-सोमवार की मध्य रात्रि की घटना निंदनीय हैं। कांवड़ियों के भेष में कुछ असामाजिक तत्व सूर्य कुंड पर आ गए और हुड़दंग फैलाया तथा पुलिस के साथ भी इनकी कहासुनी हुई। घटना के समय सूर्य कुंड पर सैकड़ों की संख्या में कांवड़िए मौजूद थे, लेकिन उन्होंने कुछ नहीं किया। घटना के समय लोहार्गल में बिजली कटौती चल रही थी। यहां पर विद्युत कटौती की बड़ी समस्या है। इसलिए विद्युत निगम के अधिकारियों को रात्रि के समय बिना कटौती बिजली सप्लाई देनी चाहिए और ग्राम पंचायत की ओर से शुक्रवार से रविवार रात्रि तक विशेष पुलिस बल तैनात करने की मांग की गई है।

मनोज कुमार गुप्ता, पुलिस उप अधीक्षक, नवलगढ़ का कहना है कि रात्रि को अचानक भीड़ बढ़ जाने से कुछ देर के लिए अव्यवस्था हुई। कांवड़ियों के साथ आए डीजे लगे वाहनों को लोहार्गल में प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही कांवड़ियों के साथ मोटरसाइकिलों के साइलेंसर हटाकर तेज आवाज करने वाले चालकों व बाइकों को जब्त किया जाएगा। कुंड पर आने वाले श्रद्धालुओं व कांवड़ियों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए सरपंच, मंदिरों के पुजारियों व ग्रामीणों को साथ लेकर तथा पुलिस जाब्ता बढ़ाकर व्यवस्थाओं को सुगम व सुरक्षित किया जाएगा। जिससे रविवार रात्रि को हुई घटना जैसी पुनरावृत्ति नहीं हो।


**VARDHMAN MAHAVEER OPEN UNIVERSITY, KOTA**
(Rawathbhata Road, Kota -324021) (Estate Cell)

**NOTICE INVITING E-TENDER (NIB 13/2024-25)**

E-Bid is invited for **"ARC for hiring of Computer Machines along with trained personnel"** (UBN: VMU2425SLRC00012). Further details may be obtained from **http://www.eproc.rajasthan.gov.in, www.sppp.rajasthan.gov.in & www.vmou.ac.in w.e.f. 29/07/2024.**

Raj.Samwad/C/24/2937 — OIC Estate

**AJMER VIDYUT VITRAN NIGAM LIMITED**
Corporate Identification Number (CIN) – U40109RJ2000SGC016482
Registerd Office: VidyutBhawan, Panchsheel Nagar, Makarwali Road, Ajmer-305004
Office of The Superintending Engineer (Civil)
Email-secivilavvnl@gmail.com ; http ://energy.rajasthan.gov.in/avvnl

No. : AVVNL/SE/CIVIL/AJM/FC: D : 807 Date : 26/07/2024

**ई-निविदा सूचना संख्या 03 (2024-25)**

केन्द्र/राज्य सरकार के विभागों में 'ए' व 'एए' श्रेणी तथा अ.वि.वि.नि.लि. के उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत, अनुभवी तथा माल एवं सेवाकर विभाग से पंजीकृत निविदाकारों से अधिशाषी अभियंता (सिविल/सिविल-QC), अजमेर/उदयपुर/सीकर/चितौडगढ के अधीन सिविल कार्यों के लिए निविदाएँ **UBN No. AVV2425WSOB00146, AVV2425WSOB00147, AVV2425WSOB00149 to AVV2425WSOB00161, AVV2425WSOB00163 to AVV2425WSOB00172, AVV2425WSOB00174 to AVV2425WSOB00194, AVV2425WSOB00196 to AVV2425WSOB00205** आमन्त्रित की जाती है। निविदा सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाईट **http://eproc.rajasthan.gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in** व **http://energy.rajasthan.gov.in/avvnl** पर उपलब्ध है।

राज.संवाद/सी/24/2929 — अधीक्षण अभियन्ता (सिविल)

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता सार्वजनिक निर्माण विभाग विद्युत खण्ड भरतपुर**
**निविदा सूचना सं. 04/2024-25**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से निम्नांकित विद्युत कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी में सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं के.लो.नि.वि. डाक, दूरसंचार, रेलवे, से.अ.से., अन्य राज्य सरकारों / केन्द्रीय सरकार के उपक्रमों/ सगठनों के पास सूचीबद्ध ठेकेदार, जो राजस्थान के वर्ग कक और क के समतुल्य है, निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा से संबंधित विवरण इन्टरनेट साईट www.pwd.rajasthan.gov.in, www.dipr.rajasthan.gov.in पर एवं www.eproc.rajasthan.gov.in पर भी उपलब्ध है।

| S.No. | NIB No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1. | PWD2425A0890 | PWD2425WSOB03370 |
| 2. | PWD2425A0890 | PWD2425WSOB03371 |
| 3. | PWD2425A0890 | PWD2425WSOB03372 |
| 4. | PWD2425A0890 | PWD2425WSOB03373 |
| 5. | PWD2425A0890 | PWD2425WSOB03374 |

DIPR/C/6664/2024 — अधिशाषी अभियंता, सानिवि विद्युत खंड, भरतपुर

**कार्यालय नगरपालिका मण्डल, सांभर लेक जिला जयपुर ग्रामीण**

क्रमांकः– न.पा.सा./2024/79 दिनांकः– 26.07.2024

**ई–निविदा सूचना संख्या 04/2024**

नगर पालिका सांभर लेक द्वारा निम्न कार्य कराये जाने हेतु सेवायें में ईच्छुक एंव अनुभवी संवेदकों से निर्धारित प्रपत्र में ई–प्रोक्यूमेन्ट प्रक्रिया हेतु आनलाईन निविदाएँ आमंत्रित की जाती है। निविदा फार्म आनलाईन वेबसाईट http://eproc.rajasthan.gov.in डाउनलोड एवं अपलोड व http://sppp.rajasthan.gov.in पर डाउनलोड किये जा सकते है:–

| S. No. | Particulars | Detail |
|---|---|---|
| 1 | Unique Bid Number | DLB2425SSOB04246, DLB2425SSOB04249, DLB2425SSOB04251, DLB2425SSOB04252, DLB2425SSOB04254 |
| 2 | Number of Work:- | 05 |
| 3 | Estimate Cost of Tender | 80.00 लाख |
| 4 | Earnest money (EMD) 2% | 1.60 लाख |
| 5 | Cost of tender document (non-refundable) In favor of Municipal Corporation Jaipur Heritage Payable at Jaipur. | निविदा में अंकित कार्य के सम्मुख तालिका अनुसार |
| 6 | RISL Processing Fees (non-refundable) In favor of MD RISL Payable at Jaipur. | निविदा में अंकित कार्य के सम्मुख तालिका अनुसार |
| 7 | Tender Publication on official web site http;//eproc.rajasthan.gov.in | 26.07.2024 |
| 8 | Tender download start date | 26.07.2024 |
| 9 | Bid Submission start date & Time | 26.07.2024 |
| 10 | Bid Submission End date & Time | 05.08.2024 |
| 11 | Technical bid opening date & Time | 07.08.2024 |
| 12 | Financial bid opening date & Time | Will be Intimated latter to the Technically qualified Bidders |

अध्यक्ष, नगर पालिका मण्डल सांभर लेक — अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका मण्डल सांभर लेक
राज.संवाद/सी/24/2985

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर**
पृथ्वीराज मार्ग, अजमेर

क्रमांक :स्टोर (प्रशा.)/17 दिनांक :– 27.07.2024

**ई–निविदा सूचना**

एक वर्ष के लिए इस कार्यालय में जॉब वर्क आधार पर कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक (मशीन विद मैन) दर अनुबंध पर सेवा उपलब्ध करवाने हेतु विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता/संवेदक जो की राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम 1970, कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम 1952, कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम 1948, वस्तु एवं सेवा कर (GST) आय कर (पैन नम्बर) एवं राजस्थान दुकान एवं वाणिज्यिक संस्थान अधिनियम 1958, या इण्डियन पार्टनरषिप एक्ट 1932 के अन्तर्गत या इण्डियन कम्पनीज एक्ट 1956 अन्तर्गत पंजीकृत हो, से निम्नलिखित प्रकार से खुली बोली आमंत्रित की जाती है:–

| क्रम | विवरण | कार्य की अनुमानित लागत | बोली प्रतिभूति राशि | बोली प्रपत्र शुल्क/आरआईएसएल प्रोसेसिंग फीस | ऑनलाईन बोली प्रपत्र भरने की अन्तिम तिथि व समय | ऑनलाईन तकनीकी बोली खोलने की तिथि व समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 65 कम्प्यूटर सिस्टम मय प्रशिक्षित कार्मिक(मैन विद मशीन) | 91.00 लाख रूपये | 1.82 लाख | 2000/– 1500/– प्रोसेसिंग फीस | 06.08.2024 को मध्यान्ह 12 बजे तक | 06.08.2024 को दोपहर 1 बजे |

1. खुली बोली आमंत्रण सूचना विस्तृत आमंत्रण सूचना मय बोली दस्तावेज राजस्थान राज्य लोक उपापन पोर्टल http://sppp.rajasthan.gov.in, eproc.rajastan.gov.in पर भी देखा जा सकता है।
2. बोली प्रतिभूति, बोली प्रपत्र शुल्क, प्रोसेसिंग फीस राशि निगम द्वारा उपलब्ध कराई बैंक खातों में जमा करानी होगी।
3. किसी भी बोली को स्वीकार/अस्वीकार करने या किसी बोली को निरस्त करने का उपापन समिति का अधिकार सुरक्षित हैं।

NIB :- ANN2425A0073
UBN:- ANN2425SSLOB00089

राज.संवाद/सी/24/3010 — उपायुक्त, नगर निगम, अजमेर

राजस्थान सरकार
**कार्यालय खनि अभियन्ता, खान एवं भूविज्ञान विभाग, जयपुर**
पंचम तल, खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी स्कीम जयपुर 302 005
दूरभाष नं. 0141-2227404 Email: me.jaipur@rajasthan.gov.in

क्रमांक: खअ/जय/निविदा-05/2025/853 दिनांक : 24.07.2024

**नीलामी सूचना प्रकाशन 05/2024-25**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि जयपुर जिले के विभिन्न राजस्व ग्रामों के खातेदारी/सरकारी खसरों में अवैध खनन/निर्गमन चैकिंग के दौरान एमएमसीआर 2017 के नियम 54 व 60 के तहत जब्तशुदा खनिज चेजा पत्थर/क्वार्टज खनिज जैसी भी, जितनी भी, जहां भी है, उसी स्थिति में नीलामी हेतु दरें सीलबंद लिफाफे में आमंत्रित की जाती है। जिनका विवरण निम्न तालिका व विभागीय बेवसाईट www.mines.rajasthan.gov.in, Portal https://sppp.rajasthan.gov.in एवं कार्यालय नोटिस बोर्ड पर उपलब्ध है। उक्त नीलामी में भाग लेने हेतु नीलामी प्रपत्र 1,000/- रु का डी.डी./बैंकर्स चैक खनि अभियंता जयपुर (MINING ENGINEER JAIPUR) के नाम से जमा कराकर किसी भी कार्यदिवस में दिनांक 13 अगस्त 2024 (दोपहर 3.00 बजे) तक कार्यालय खनि अभियंता, पंचम तल, खनिज भवन, तिलक मार्ग, सी स्कीम जयपुर से प्राप्त किये जा सकते है।

नीलामी हेतु खनिज चेजा पत्थर समूहों का संक्षिप्त विवरण–

| क्र. सं. | तहसील, राजस्व ग्राम एवं खसरा नंबर जहाँ खनिज पढ़ा हुआ है | खनिज का नाम | खनिज की अनुमानित मात्रा | बयाना / अमानता राशि | न्यूनतम बोली राशि (रू.)/ (प्रति टन) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस्सी, घाटा खसरा संख्या 216 | चेजा पत्थर | 1110 | 9768.00 | 440.00 |
| 2 | बस्सी, दयारामपुरा खसरा संख्या 110/1 | चेजा पत्थर | 1293 | 11378.00 | 440.00 |
| 3 | बस्सी, दयारामपुरा खसरा संख्या 119 | चेजा पत्थर | 6643.62 | 5864.00 | 440.00 |
| 4 | बस्सी, दयारामपुरा खसरा संख्या 116,120 व 200 / 39 | चेजा पत्थर | 7800 | 68640.00 | 440.00 |
| 5 | बस्सी, दयारामपुरा खसरा संख्या 103 | चेजा पत्थर | 960 | 8448.00 | 440.00 |
| 6 | बस्सी, दयारामपुरा खसरा संख्या 10 | चेजा पत्थर | 450 | 3960.00 | 440.00 |

नीलामी हेतु खनिज क्वार्टज समूहों का संक्षिप्त विवरण–

| क्र. सं. | तहसील, राजस्व ग्राम एवं खसरा नंबर जहाँ खनिज पढ़ा हुआ है | खनिज का नाम | खनिज की अनुमानित मात्रा | बयाना / अमानता राशि | न्यूनतम बोली राशि (रू.)/ (प्रति टन) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बस्सी, घाटा खसरा संख्या 216 | क्वार्टज | 150 | 4050.00 | 1350.00 |
| 2 | बस्सी, दयारामपुरा खसरा संख्या 10 | क्वार्टज | 50 | 1350.00 | 1350.00 |

आठ समूहों (खातेदारी/सरकारी खसरे) में पड़े जब्तशुदा चेजा पत्थर/क्वार्टज की प्रत्येक समूह के लिए अलग-अलग बोली दरें सीलबंद लिफाफे में दिनांक 13 अगस्त 2024 (सायंकाल 5.00 बजे) तक प्राप्त की जायेगी। निर्धारित समय तक प्राप्त सीलबंद लिफाफे कमेटी द्वारा दिनांक 14 अगस्त 2024 को प्रात: 11.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोले जायेगे। नीलामी की शर्ते एवं विस्तृत जानकारी विभागीय बेवसाईट www.mines.rajasthan.gov.in एवं पोर्टल http:s//sppp.rajasthan.gov.in पर उपलब्ध रहेगी व किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय समय में नोटिस बोर्ड पर देखी जा सकती है।

UBN - MIN2425GLOB00018
DIPR/C/6603/2024 — खनि. अभियंता जयपुर

**राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मण्डल**
2-2,ए झालाना डूंगरी,जयपुर फोन 0141-2711237, 2703657, 2700540 फैक्स : 0141-2710362 email: secretary.rstb@rajasthan.gov.in

**खुली बोली प्रतियोगिता से दर अनुबंध**
**निविदा सूचना संख्या 334**

मण्डल कार्यालय में सेवाप्रदाता एजेन्सी के माध्यम से मण्डल कार्यालय उपयोग हेतु कम्प्यूटर, लैपटॉप एवं लेजर प्रिन्टर क्रय हेतु फर्मों से सीलबंद बोलियों दिनांक 06.08.2024 दोपहर 12.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। बोली की अनुमानित लागत 25.00 लाख रूपये है।

बोली से संबंधित विवरण एवं शर्तें वैबसाईट **http://sppp.rajasthan.gov.in, https://eproc.rajasthan.gov.in** पर देखी एवं डाउन लोड की जा सकती है।

**UBN No. : TBB2425GLOB00022**

राज.संवाद/सी/24/2981 — सचिव

**कार्यालय नगर परिषद बून्दी**

क्रमांकः– 1773 दिनांकः– 26.07.2024

**–:: निविदा सूचना ::–**

नगर परिषद बून्दी द्वारा जारी निविदा सं0: निर्माण/2024–25/1767 दिनांक 26/07/2024 की निविदा दिनांक 26/07/2024 से दिनांक 05/08/2024 शाय: 6.00 बजे तक ऑनलाईन विक्रय की जावेगी। निविदा दिनांक 06/08/2024 को 3.00 बजे तक प्राप्त की जावेगी तथा निविदा दिनांक 06/08/2024 को 04.00 बजे ऑनलाईन खोली जावेगी। विस्तृत शर्ते व विवरण निविदा sppp.rajasthan.gov.in/eproc.rajasthan.gov.in पर **DLB2425WSOB04196,** तथा कार्यालय समय मे किसी भी कार्यदिवस को नगर परिषद मे देखा जा सकता है।

राज.संवाद/सी/24/2955 — आयुक्त, नगर परिषद, बून्दी

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति नदबई जिला भरतपुर (राज0)**
E-mail - Kums.nadbai@rajasthan.gov.in

क्रमांक :– 9298378 दिनांक :– 26.07.2024

**बोली आमंत्रण सूचना संख्या–03/2024–25**
**NIB–DAM 2425A0240**

ईच्छुक बोलीदाताओं से लैब ऑपरेटर ठेका, बागवानी व्यवस्था ठेका, प्रकाश व्यवस्था मय मोटर पम्प चालक ठेका, डाटा इन्टरनेट ठेका, प्याऊ पर पानी पिलाने का कार्य हेतु बोली /निविदा दिनांक 06.08.2024 सांय 04:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदा के सबंध मे अन्य विवरण राजस्थान राज्य की उपापन पोर्टल https://sppp.rajasthan.gov.in पर और विभागीय वेबसाईट www.agriculture.rajasthan.gov.in/dam पर देखे जा सकते है।

क्रमशः UBN – DAM2425SSOB00551, DAM2425SSOB00552, DAM2425SSOB00553, DAM2425SSOB00554, DAM2425SSOB00555

राज.संवाद/सी/24/3016 — प्रशासक — सचिव

# भजनलाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को दी कई सौगातें

## भरतपुर व बीकानेर यू.आई.टी. होंगे विकास प्राधिकरण, चतुर्थ श्रेणी के पदों पर होगी भर्ती

- **वित्त एवं विनियोग विधेयक पर चर्चा का जवाब दिया मुख्यमंत्री ने**
- **एन.एफ.एस.ए. के लाभार्थियों को 450 रुपये में गैस सिलेण्डर**
- **1 सितंबर 2024 से लागू होंगी वेतन विसंगति संबंधी सिफारिशें**
- **बार काउंसिल को एक बारीय सहायता के रूप में 7 करोड़ 50 लाख रुपये**
- **द्रव्यवती नदी के विकास के लिए नवीन योजना बनाई जाएगी**

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 450 रुपये में एलपीजी सिलेण्डर की योजना का दायरा बढ़ाते हुए अब प्रदेश में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के सभी लाभार्थियों को 450 रुपये में एलपीजी सिलेण्डर दिया जाएगा। अब तक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना एवं बीपीएल श्रेणी के परिवारों को इसका लाभ मिल रहा था।

मुख्यमंत्री ने सोमवार को राजस्थान विनियोग एवं वित्त विधेयक पर चर्चा के प्रत्युत्तर के दौरान गत सरकार में गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की सिफारिशों को लागू करने, पुलिस, आरएसी, जेल प्रहरी, वन रक्षक में अग्निवीर युवाओं को नियुक्ति का प्रावधान, भरतपुर एवं बीकानेर में विकास प्राधिकरण सहित कई महत्वपूर्ण घोषणाएं की। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब, पिछड़ा एवं अंतिम छोर में बैठे व्यक्ति के उत्थान के लिए 24 गुणा 7 कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने भी सर्वजनहिताय की सोच वाला, समाज के सभी वर्गों-युवा, किसान, महिला, मजदूर, गरीब, असहाय, उपेक्षित और अंतिम छोर पर खडे.व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला बजट दिया है। इस बजट के 10 संकल्पों से हम प्रदेशवासियों की खुशहाली के साथ विकसित राजस्थान का निर्माण करेंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 25 जून 1975 भारत के लोकतंत्र में काला दिवस था। उस दिन पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने अपना पद बचाने के लिए लोकतंत्र की हत्या की। नेताओं को मीसा कानून के तहत जेल में डाला, न्यायालय के अधिकारों पर कुठाराघात किया और मीडिया पर सेंसरशिप लागू की। साथ ही 1953 से 2014 के बीच 50 बार से अधिक राज्यों में चुनी हुई सरकारों को बर्खास्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों पर विश्वास करती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार जनहित का काम करती है, नाम बदलने का राजनीति नहीं। पूर्ववर्ती सरकार ने अटल सेवा केन्द्र का नाम राजीव गांधी सेवा केन्द्र करने एवं अन्नपूर्णा रसोई योजना का नाम बदलकर इंदिरा रसोई योजना करने का कार्य किया गया।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ठोस कार्य करने की नीति के साथ आगे बढ़ रही है, वहीं पूर्ववर्ती सरकार के समय में केवल थोथी घोषणाएं हुईं। पशुधन बीमा योजना में पशुपालकों का रजिस्ट्रेशन किया लेकिन एक भी पशु का बीमा नहीं किया गया। वहीं प्रतापगढ़, जालौर एवं राजसमंद में मेडिकल कॉलेज खोलने, फिरोजपुर फीडर की मरम्मत के कार्य, जयपुर में विश्वकर्मा एमएसएमई, केन्द्रीय बस स्टैंड-सिंधी कैम्प को मल्टी मॉडल इंटीग्रेटेड आईएसबीटी हब के रूप में विकसित करने सहित कई घोषणाओं की क्रियान्विति नहीं हुई।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने अल्प अवधि में 45 हजार से अधिक पदों के लिए भर्तियों के विज्ञापन प्रकाशित किये हैं। लगभग 20 हजार युवाओं को सरकारी नौकरी भी प्राप्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के समय में ईआरसीपी (पूर्वी राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट) के लिए भी कोई एमओयू नहीं किया गया। साथ ही, यमुना जल समझौते के लिए एक मांग पत्र भी नहीं लिखा गया। वहीं हमनें प्रदेशहित में इन योजनाओं पर कार्य प्रारंभ किया।

इस दौरान शर्मा ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना 4.0 के अंतर्गत प्रदेश की ढाई हजार से अधिक ग्रामीण बसावटों को सड़क से जोड़ने का प्रावधान करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार प्रकट किया। उन्होंने प्रदेश में सड़कों के निर्माण एवं उन्नयन संबंधी कार्यों के लिए 1 हजार 100 करोड़ रुपये के अधिक की राशि के कार्यों की घोषणा की। उन्होंने कहा कि 2 वर्षों में 1 हजार करोड़ रुपये व्यय कर 10 हजार से अधिक आबादी वाले ग्रामीण क्षेत्रों में सीमेंट कंक्रीट के अटल प्रगति पथ निर्मित किए जाएंगे। उन्होंने बड़े शहरों में सार्वजनिक परिवहन के लिए 500 के स्थान पर 1000 ई-बस उपलब्ध करवाये जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भरतपुर एवं बीकानेर यूआईटी का उन्नयन कर वहां विकास प्राधिकरण का गठन करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि नगरीय निकायों में जन सुविधा के कार्य समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण सम्पादित करने के उद्देश्य से जिला स्तर पर जिला नगरीय आयुक्त की नियुक्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि द्रव्यवती नदी के विकास के लिए नवीन योजना बनाई जाएगी। उन्होंने 10 हजार से अधिक आबादी वाले कस्बों एवं निकटवर्ती गांवों को शामिल करते हुए 100 कलस्टरों में चरणबद्ध रूप से फेकल स्लज मैनेजमेंट के कार्य एवं दौसा शहर में सीवरेज मास्टर प्लान, सूरजगढ़ (झुंझुनूं), सांगोद (कोटा) में सीवरेज लाईन के कार्य, चेचट एवं खैराबाद कस्बों में क्षतिग्रस्त नालों की सफाई एवं पुनर्निर्माण कार्यों की घोषणा भी की।

शर्मा ने प्रदेश में पेयजल सुविधा हेतु बीसलपुर पेयजल योजना में अजमेर (फेज-3)-जयपुर (फेज-2) के लिए कॉमन इंटेक वैल मय ट्रांसमिशन लाइन के निर्माण सहित पेयजल संबंधी 9 कार्य 540 करोड़ रुपये की लागत से करवाये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि पेयजल की गुणवत्ता एवं स्वच्छता सुनिश्चित करने के लिए वाटर टेस्टिंग लैब्स को राष्ट्रीय स्तर का बनाकर एनएबीएल से मान्यता प्राप्त करने हेतु 15 करोड़ 50 लाख रुपये व्यय किए जाएंगे। साथ ही, वाटर टेस्टिंग सेंपल्स को जीओ टेगिंग कर ऑनलाइन किया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश को ऊर्जा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक और कदम बढ़ाते हुए एससीआईएल और गेल से एमओयू करते हुए 4100 मेगावाट क्षमता का सृजन किया जाएगा। उन्होंने किसानों के खेत पर कुसुम परियोजना/हैम मॉडल के माध्यम से 1000 मेगावाट अतिरिक्त ऊर्जा उत्पादन किए जाने की घोषणा की। साथ ही, प्रदेश में हैम मॉडल पर बैटरी ऊर्जा भंडारण प्रणाली के माध्यम से चरणबद्ध रूप से 2000 मेगावाट विद्युत उत्पादन क्षमता सृजित की जाएगी। उन्होंने ऊर्जा उत्पादन में निजी क्षेत्र को प्रोत्साहन देने के लिए कैप्टिव पावर उत्पादन की सीमा 100 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत करने एवं विभिन्न क्षमता के 4 जीएसएस स्थापित किए जाने की घोषणा भी की।

शर्मा ने युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत 6 प्रतिशत ब्याज पुनर्भरण हेतु ऋण की सीमा बढ़ाकर 2 करोड़ रुपये किए जाने, पीएम विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत दस्ताकारों को दिये जा रहे 5 प्रतिशत की दर पर ऋण हेतु 2 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज अनुदान दिये जाने, खुशियारा (बारां) एवं पण्डेर (जहाजपुर)-शाहपुरा में औद्योगिक पार्क एवं अजमेर में आईटी पार्क स्थापित किये जाने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने कहा कि युवाओं की स्किलिंग एवं अप्रेंटिसशिप के लिए पीएम पेकेज के अंतर्गत प्रदेश के ढाई लाख से अधिक युवाओं को लाभान्वित किया जाएगा। उन्होंने भर्तियों में लगने वाले समय को कम करने के उद्देश्य से दस्तावेज सत्यापन विभागीय स्तर पर कराये जाने एवं विज्ञप्ति उपरांत रिक्तियों की संख्या में 50 प्रतिशत वृद्धि के प्रावधान को बढ़ाकर 100 प्रतिशत किये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि चतुर्थ श्रेणी की भर्ती के नियमों में परिवर्तन किया जाकर इन पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने सीईटी के प्रावधानों में बदलाव करते हुए क्वालीफिकेशन हेतु सभी श्रेणियों के लिए न्यूनतम अंक 40 प्रतिशत एवं एससी-एसटी के लिए 35 प्रतिशत अंक किये जाने की घोषणा की। उन्होंने कालवाड़, बनीपार्क (जयपुर) सहित 6 नवीन महाविद्यालयों, 3 नवीन कन्या महाविद्यालयों, बालाहेड़ा (महवा-दौसा) में कृषि महाविद्यालय, 2 पॉलिटेक्निक एवं एक महिला पॉलिटेक्निक सहित शिक्षा के विस्तार की दृष्टि से कई महत्वूपर्ण घोषणाएं भी की।

शर्मा ने कहा कि आरयूएचएस का उन्नयन करते हुए एम्स दिल्ली की तर्ज पर राजस्थान इंस्टिट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज की स्थापना की जाएगी। उन्होंने प्रदेश में राजस्थान इलेक्ट्रोपैथी चिकित्सा पद्धति अधिनियम-2018 के अंतर्गत इलेक्ट्रोपैथी बोर्ड का गठन किये जाने की भी घोषणा की। उन्होंने श्रीगंगानगर एवं मेडिकल कॉलेज कोटा में कैंसर मरीजों के लिए लीनियर एक्सलरेटर मशीनें उपलब्ध करवाने सहित विभिन्न चिकित्सा संस्थानों की स्थापना एवं क्रमोन्नयन की घोषणा भी की।

मुख्यमंत्री ने राजस्थानी साहित्य को बढ़ावा देने के लिए प्रतिवर्ष विजयदान देथा साहित्य उत्सव मनाने सहित विभिन्न आस्था केन्द्रों, पेनोरमा एवं बावड़ी संबंधी विकास कार्यों के लिए भी घोषणाएं की। उन्होंने कहा कि जयपुर एवं जोधपुर में राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के नवीन क्षेत्रीय कार्यालय शुरू किए जाएंगे। उन्होंने एक हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि से 2 लाख 50 हजार हैक्टेयर क्षेत्रफल को सिंचित किए जाने के लिए विभिन्न सिंचाई संबंधी कार्यों करवाये जाने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि किसानों को फसल, फसली रोग एवं विपणन संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध करवाने के लिए 40 करोड़ रुपये का प्रावधान कर राज किसान साथी प्लेटफॉर्म विकसित किया जाएगा। उन्होंने पंजीकृत गौशालाओं को देय अनुदान में 10 प्रतिशत की वृद्धि, 2 हजार दुग्ध संकलन केन्द्र खोलने, पशु चिकित्सा संस्थानों की स्थापना एवं क्रमोन्नयन, परबतसर (डीडवाना-कुचामन), सेड़वा (चौहटन) एवं भाड़ोती (सवाईमाधोपुर) में कृषि मंडी खोलने तथा 150 बीज बैंकों की स्थापना सहित विभिन्न घोषणाएं की।

शर्मा ने केन्द्रीय सशस्त्र बलों की तर्ज पर अग्निवीर युवाओं को पुलिस, आरएसी, जेल प्रहरी, वन रक्षक में नियुक्ति दिए जाने का प्रावधान करने की घोषणा की। उन्होंने प्रदेश में 100 सीटर राज्य स्तरीय अभय कमांड सेंटर की स्थापना करने, तिजारा (खैरथल) में बॉर्डर होमगार्डस की एक कंपनी तैनात किए जाने, अजमेर/जयपुर स्थित राजस्व मंडल एवं कर बोर्ड का एकीकरण किये जाने, डीड राइटर्स की संख्या दोगुनी कर 5 हजार किये जाने, विभिन्न प्रशासनिक, पुलिस इकाईयों एवं न्यायालयों की स्थापना एवं क्रमोन्नयन सहित अन्य महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने बार काउंसिल को एक बारीय सहायता के रूप में 7 करोड़ 50 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

मुख्यमंत्री ने गत सरकार द्वारा गठित कर्मचारी वेतन विसंगति परीक्षण समिति की वेतन सुधार, वेतन विसंगति संबंधी शेष सिफारिशों को 1 सितंबर, 2024 से लागू करने, राजस्थान कॉन्ट्रेक्चुअल हॉयरिंग टू सिविल पोस्ट्स रूल्स-2022 के अंतर्गत सृजित पदों के नियमित पदों में परिवर्तित किये जाने पर नियुक्ति हेतु 5 वर्ष के अनुभव की निर्धारित पात्रता अवधि में वर्ष 2024-25 में 2 वर्ष की छूट प्रदान किये जाने की घोषणा की। उन्होंने पेंशनर्स को राहत प्रदान करते हुए 70 से 75 वर्ष के पेंशनर्स के लिए 5 प्रतिशत अतिरिक्त भत्ता दिए जाने की घोषणा की।

## बोनस अंक नहीं देने पर मांगा जवाब

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने फार्मासिस्ट भर्ती-2023 में अभ्यर्थी को बोनस अंक नहीं देने पर प्रमुख चिकित्सा सचिव और स्वास्थ्य निदेशक सहित स्थानीय सीएमएचओ से जवाब तलब किया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश रजनीश भारती की याचिका पर प्रारंभिक सुनवाई करते हुए दिए।

याचिका में अधिवक्ता रामप्रताप सैनी ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता ने प्लेसमेंट एजेंसी के जरिए काम किया था। उसके पास करोना काल और उसके बाद का अनुभव प्रमाण पत्र है। इसके बावजूद भी उसे अनुभव के बोनस अंकों का लाभ नहीं दिया गया और दस्तावेज सत्यापन के बाद उसे चयन प्रक्रिया से बाहर कर दिया गया।

## पांच जिलों में चांदीपुरा वायरस के लिए अलर्ट

**जयपुर ।** गुजरात से सटे जिलों में इन दिनों चांदीपुरा वायरस का खतरा बढ़ गया है। पिछले कुछ दिनों से डूंगरपुर, उदयपुर के एरिया में पॉजिटिव केस मिलने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 5 जिलों के सीएमएचओ को अलर्ट भेजकर संदिग्ध एरिया में मॉनिटरिंग व सर्वे करवाने के निर्देश दिए हैं।

वहीं, एसएमएस मेडिकल कॉलेज में भी इसकी जांच शुरू हो गई है। जयपुर में अब तक इसके चार संदिग्ध मरीजों की जांच की जा चुकी है, लेकिन अच्छी बात ये है कि इन सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। स्वास्थ्य विभाग के निदेशक डॉ. रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि इस महीने चांदीपुरा वायरस के पॉजिटिव केस मिलने के बाद से अब तक 13 संदिग्ध मरीजों के सैंपल सीमावर्ती जिलों से पुणे भिजवाएं है। जिनमें से 1 की रिपोर्ट रविवार को पॉजिटिव आई थी। पॉजिटिव आया 3 साल का ये बच्चा अभी डूंगरपुर मेडिकल कॉलेज के हॉस्पिटल में भर्ती है। उसकी तबीयत अब ठीक है। वहीं, 8 संदिग्धों की रिपोर्ट नेगेटिव आ चुकी है। शेष की रिपोर्ट आना अभी बाकी है। डॉ. शर्मा ने बताया कि डूंगरपुर, बांसवाड़ा, उदयपुर, जालोर, सिरोही जिलों के सीएमएचओ को विशेष रूप से एक्टिव रहने के निर्देश दिए हैं। इन जिलों में ही सबसे ज्यादा इस वायरस के फैलने की आशंका है। जयपुर एसएमएस मेडिकल कॉलेज में पीडियाट्रिक डिपार्टमेंट के एसोसिएट प्रोफेसर डॉक्टर प्रियांशु माथुर ने बताया कि ये वायरस सबसे ज्यादा मच्छर और मच्छी के काटने से फैलता है। अभी इसका खतरा फिलहाल गुजरात से लगते जिलों में है। इस बीमारी में बच्चे के एकदम से तेज बुखार तो आता ही है साथ में उल्टी-दस्त की शिकायत रहती है। इसके अलावा बच्चों में अचानक बेहोश होने और दौरे पड़ने की भी स्थिति आती है। डॉ. माथुर ने बताया कि इस वायरस की मोर्टलिटी रेट भी 20 से 40 फीसदी के बीच है, जो बहुत ज्यादा है। जयपुर में इस तरह के लक्षण वाले बच्चों जो जे.के. लोन हॉस्पिटल में आ रहे है। उनकी डॉक्टर मॉनिटरिंग कर रहे है। ऐसे संदिग्ध मरीजों के सैंपल लेकर उनकी टेस्टिंग भी करवा रहे है। राजधानी जयपुर में इस तरह के चार संदिग्ध मरीजों के सैंपल जांच के लिए एसएमएस मेडिकल कॉलेज आ चुके है। इन सभी की रिपोर्ट नेगेटिव आई है। माइक्रोबायोलॉजी डिपार्टमेंट की सीनियर प्रोफेसर डॉ. भारती मल्होत्रा ने बताया कि ये सैंपल जयपुर के जे. के. लोन से आए थे।

## नव नियुक्त राज्यपाल कल शपथ लेंगे

**जयपुर।** राजस्थान के नव नियुक्त राज्यपाल हरिभाऊ किसनराव बागडे 31 जुलाई को राजभवन में आयोजित समारोह में शपथ ग्रहण करेंगे। राज्यपाल बागडे को मुख्य न्यायाधिपति मनिन्द्र मोहन श्रीवास्तव शपथ ग्रहण करवाएंगे। राज्यपाल के सचिव गौरव गोयल ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह राजभवन में सांय 4 बजे आयोजित होगा।

## खिलाड़ी लाल बैरवा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दिया

**जयपुर ।** लोकसभा चुनाव के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस नेताओं ने भाजपा का दामन थामा था। हजारों की संख्या में कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए नेता और कार्यकर्ताओं का अब 4 महीने के भीतर ही भाजपा से मोहभंग होने लगा है। कई कार्यकर्ताओं के बाद अब बड़े नेताओं ने भी भाजपा से अपना नाता तोड़ लिया है।

इसी कड़ी में पूर्व सांसद खिलाड़ी लाल बैरवा ने भाजपा की प्राथमिक सदस्य से इस्तीफा दे दिया है। बैरवा ने अपना इस्तीफा नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ के नाम पत्र लिखकर दिया, जिसमें उन्होंने अपने कार्यकर्ताओं के लगातार भाजपा से दूरी का हवाला देते हुए अपना इस्तीफा दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की विचारधारा छोड़ भाजपा की विचारधारा से नहीं जुड़ पा रहा हूं। खिलाड़ी लाल बैरवा ने अपने इस्तीफे में भाजपा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ को संबोधित करते हुए कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री (कांग्रेस) की ओर से अपने चौथी बार मुख्यमंत्री बनने की लालसा में कांग्रेस के दिग्गज नेताओं को कांग्रेस से बाहर करने का विफल प्रयास किया। सचिन पायलट के गुट के लोगों के फोन टेप करवाए, जिसका लोकेश शर्मा (ओ.एस.डी., पूर्व मुख्यमंत्री) सविस्तार बता चुके है। इनमें मेरा भी फोन टेप करवाया गया, जो कि जांच का विषय है। योजनाबद्ध तरीके के साथ मुझे भी पार्टी से निकाला गया, कुछ खास चापलूसों की सिफारिश पर राजस्थान के इतने टुकड़े-टुकड़े कर दिए। बैरवा ने कहा कि पंचायत समिति स्तर के क्षेत्रफल वालों को जिले बना दिए, समाज के टुकड़े कर इतने सामाजिक बोर्ड बना दिए, जिनका स्वयं को भी पता नहीं। 18 फीसदी अनुसूचित जाति के लोगों के लिए आयोग को वैधानिक दर्जे की बात की तो क्या गुनाह कर दिया। पूर्व मुख्यमंत्री के इस तरह के फैसलों की वजह से कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए, लेकिन काफी प्रयास के बाद भी मैं भाजपा की विचारधारा से खुद को जोड़ नहीं पा रहा। मैंने 33 वर्ष कांग्रेस में सक्रिय राजनीति की है, यह मेरे खून में है।

## खुले में मांस बेचने पर 5 दुकान सीज

**जयपुर ।** हैरिटेज निगम की पशु प्रबंधन शाखा ने सोमवार को बिना लाइसेंस व खुले में मीट बेचने वाली दुकानों के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 5 दुकानें सीज की है। हैरिटेज निगम के पशु प्रबंधन शाखा उपायुक्त राकेश कुमार शर्मा ने बताया कि हैरिटेज निगम की ओर से बिना लाइसेंस और खुले में मांस बेचने पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। सोमवार को निगम टीम ने गुर्जर की थड़ी, न्यू सांगानेर रोड पर औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई दुकानों पर खुले में मीट बेचा जा रहा था । जिस पर कार्रवाई करते हुए मीट की पांच अवैध दुकानों को सीज किया।

# सलूम्बर में दलित शिक्षक और सीकर में दलित छात्र की हत्या का मुद्दा विधानसभा में गूंजा

## कांग्रेस विधायकों ने वैल में उतरकर करीब साढ़े 3 घंटे तक हंगामा और नारेबाजी की, हालात इतने बिगड़े कि सदन की कार्यवाही भी 3 बार स्थगित करनी पड़ी

- **विपक्ष का कहना था कि, ''उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड के बाद उसके परिजनों को 1 करोड़ रु. मुआवजा और नौकरी दी गई थी, जबकि इस प्रकरण में पीड़ित परिवार को मात्र 21 लाख रु. दिये गए हैं, जो कि भेदभाव है।''**
- **सदन में यह प्रकरण बढ़ता देखकर स्पीकर देवनानी ने व्यवस्था दी कि, ''राज्य सरकार, मंगलवार को इन मुद्दों पर शून्यकाल के बाद जवाब देगी। इसके बाद हंगामा शांत हुआ और सदन की कार्यवाही सुचारु चली।''**

-विधानसभा संवाददाता-

**जयपुर ।** सलूम्बर में दलित शिक्षक और सीकर में दलित छात्र की हत्या का मुद्दा सोमवार को विधानसभा में गूंजा। कांग्रेस विधायकों ने वैल में उतरकर करीब साढ़े 3 घंटे तक हंगामा और नारेबाजी की। हालात इतने बिगड़े की सदन की कार्यवाही 3 बार स्थगित करनी पड़ी। मामला बढ़ता देखकर स्पीकर वासुदेव देवनानी ने व्यवस्था दी कि, ''राज्य सरकार, मंगलवार को इन मुद्दों पर शून्यकाल के बाद जवाब देगी। इसके बाद हंगामा शांत हुआ और सदन की कार्यवाही सुचारु चली।''

दरअसल शून्यकाल में विधायक थावरचंद ने स्थगन प्रस्ताव के तहत, संलबूर में दलित शिक्षक की हत्या का मामला उठाया और कहा कि इस मामले में पीड़ित परिवार को मात्र 21 लाख रुपए का मुआवजा दिया गया हैं, जो कि बहुत कम है। थावरचंद ने कहा कि उदयपुर में कन्हैयालाल हत्याकांड के बाद राज्य सरकार ने उसके परिजनों को एक करोड़ रुपए का मुआवजा एवं एक आश्रित को नौकरी दी थी, जबकि इस मामले में सरकार ने भेदभाव किया है। इस मामले में भी पीड़ित परिवार को 1 करोड़ रुपए का मुआवजा दिया जाये।

इस दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली सहित विपक्ष के सदस्य भी खड़े हो गए और बोलने लगे, इससे सदन में शोरगुल हुआ। विपक्ष के सदस्य इस मामले को लेकर वेल की तरफ बढने लगे और सदन में हंगामा होने लगा। इस दौरान स्थगन प्रस्ताव के जरिए विधायक पितराम सिंह काला ने सीकर में दलित छात्र की हत्या का मामला उठाया। इसके बाद विपक्ष के सभी सदस्य, दलितों पर अत्याचार के मुद्दे को लेकर सदन की वैल में आ गए और नारेबाजी करने लगे, जिससे सदन में हंगामा बढ़ गया।

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने हंगामा कर रहे सदस्यों को टोका लेकिन विपक्ष के सदस्य नारेबाजी करते रहे। देवनानी ने हंगामा कर रहे विपक्ष के सदस्यों से कहा कि संसदीय कार्यमंत्री जोगाराम पटेल जवाब दे रहे हैं, सभी सदस्य अपनी जगह पर जाये लेकिन विपक्ष के सदस्य वैल में डटे रहे और हंगामा करते रहे। इस पर अध्यक्ष ने कहा कि विपक्ष के सदस्य जवाब सुनना नहीं चाहते हैं, ये सदन में हंगामा मचाना चाहे रहे है।

इस दौरान जोगाराम पटेल जवाब देने के लिए खड़े हुए लेकिन कांग्रेस विधायकों के हंगामे के कारण वापस बैठ गए। हंगामा कम नहीं होता देख जोगाराम पटेल फिर उठे और उन्होंने कहा कि सीकर में छात्र की हत्या के मामले की जांच कराकर 1-2 दिन में इस मामले की पूरी रिपोर्ट सदन को बता दी जायेगी। इसके बाद भी विपक्ष का हंगामा चलता रहा। इसी बीच पर्ची के माध्यम से विधायक गणेशराम बंसल, आदूराम मेघवाल, रामसहाय वर्मा और हरलाल सिंह सहारण ने अपनी बात रखी, लेकिन हंगामे के कारण उनकी कोई भी बात स्पष्ट रुप से सुनाई नहीं दी।

दलित अत्याचार का यह हंगामा बढ़ता देखकर स्पीकर देवनानी ने सदन की कार्यवाही 12:45 बजे (भोजन अवकाश से 15 मिनट पहले) ही 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। दोपहर 2 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही फिर शुरु होने लगी तो कांग्रेस विधायक वैल में हंगामा करते रहे, इसके चलते सभापति संदीप शर्मा ने 2:06 बजे सदन की कार्यवाही 30 मिनट के लिए स्थगित कर दी। वापस सदन शुरू होने के बाद भी गतिरोध बरकरार रहा तो पुनः 30 मिनट के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित कर दी गई।

बाद में दोपहर 3 बजकर 6 मिनट पर सदन की कार्यवाही को शुरू करवाते हुए स्पीकर वासुदेव देवनानी ने व्यवस्था दी कि, राज्य सरकार इस प्रकरण पर मंगलवार को शून्यकाल के बाद जवाब देगी। इसके बाद सदन में हंगामा शांत हुआ और कार्यवाही सुचारु चली।

# आई.एन.ए. सोलर का कॉर्पोरेट ऑफिस जयपुर में शुरू हुआ



**जयपुर ।** क्लीन व ग्रीन एनर्जी को बढ़ावा देने में भारत की प्रतिष्ठित सोलर पैनल मैन्युफैक्चरिंग कंपनी ''इन्सोलेशन एनर्जी लिमिटेड'' (आई.एन.ए. सोलर) ने 28 जुलाई 2024 को न्यू आतिश मार्केट एक्सटेंशन स्थित अपने कॉर्पोरेट ऑफिस ''फ्लुइडकॉन हाउस'' का उद्घाटन किया। दफ्तर का उद्घाटन जयपुर शहर सांसद मंजू शर्मा, पूर्व सांसद रामचरण बोहरा, आई.एन.ए. सोलर के चेयरमैन मनीष गुप्ता व एम.डी. विकास जैन ने किया। कंपनी चेयरमैन मनीष गुप्ता और प्रबंध निदेशक विकास जैन ने बताया कि अब जयपुर स्थित इस कार्यालय पर कंपनी के सभी डिपार्टमेंट के 100 से अधिक कर्मचारी एक साथ बैठ सकेंगे। उन्होंने कहा कि यह नया कार्यालय हमारे व्यापार के विस्तार का हिस्सा है और इसका उद्देश्य हमारे ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता की सेवाएं प्रदान करना और हमारे कर्मचारियों को बेहतर सुविधाएं और सेवाएं प्रदान करेगा।

## सरकारी योजनाओं व कैशलेस इलाज में फ़र्ज़ीवाड़े का आरोप

**जयपुर ।** चिकित्सक की अनुपस्थिति में चिकित्सक के डॉक्यूमेंट विभाग में लगाकर सरकारी योजनाओं में मरीज़ों के इलाज के नाम पर फर्जीवाड़ा कर खिलवाड़ किया जा रहा है।

प्राईवेट हॉस्पिटल्स एंड नर्सिंग होम्स सोसायटी के प्रेसिडेंट डॉ विजय कपूर ने बताया कि यह अत्यंत गंभीर मामला है। ये कैसे और क्यों हो रहा है और कौन कर रहा है, यह जांच का विषय है। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रकरण उनके संज्ञान में लाए गए हैं, जो ज़्यादातर अप्रशिक्षित या झोलाछाप व्यक्तियों द्वारा किए जा रहे हैं। डॉ. कपूर ने कहा कि सरकार की नाक के नीचे खुलेआम धड़ल्ले से सरकारी योजनाओं में ये गोरखधंधा चल रहा है। ऐसे में कैसे कोई नैतिकता से काम करने वाले चिकित्सक, अस्पताल सम्मान जनक और सही तरीक़े से इन योजनाओं में काम कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारी जानते हुए भी ऐसे प्रकरणों में कार्रवाई क्यों नहीं करते, यह समझ से परे है।

## सरकार ने राजस्थान के हक और अधिकार दिल्ली में गिरवी रख दिए : नेता प्रतिपक्ष

**जयपुर।** विधानसभा में बजट पर चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने कांग्रेस सरकार के बजट को नया कवर चढ़ाकर पेश किया है। उन्होंने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि, सरकार ने राजस्थान के हक और अधिकार दिल्ली में गिरवी रख दिए हैं।

टीकाराम जूली ने कहा कि हमारी सरकार जरूरतमंद परिवारों को 500 रुपए में गैस सिलेंडर दे रही थी। आपने 450 रुपए कर दिए। आपने जनवरी से आज तक इंदिरा रसोई का अनुदान नहीं दिया। हमने बजट में जयपुर मेट्रो फेज-2 की घोषणा की थी। आपने भी वापस यही घोषणा कर दी। ईआरसीपी के लिए हमने 13,500 करोड़ की घोषणा की थी। आपने उसी घोषणा को टुकड़ों में कर दी। नेता प्रतिपक्ष टीमाराम जूली ने कहा कि केंद्रीय बजट से बहुत उम्मीदें थी दो बार राजस्थान ने 25 सांसद भाजपा को दिए इस बार भी 14 सांसद दिए लेकिन केंद्रीय बजट में कुछ नहीं मिला। सरकार बचाने के लिए केंद्र का सारा बजट आंध्र और बिहार ले गए। उन्होंने कहा, डॉक्ट्र किरोडी लाल मीणा ने मंत्री ने इस्तीफा दे दिया, लेकिन वह मंजूर नहीं हुआ। किरोड़ीजी अधिकारी के पास गए। क्या प्रोटोकॉल रहा, सरकार जवाब दे। वहां किरोड़ीलाल मीणा नहीं बल्कि पूरी सरकार गई है। जूली ने कहा कि पीएम ने राजस्थान जैसे शांत प्रदेश की तुलना जलते हुए मध्यप्रदेश से की थी। आज की वित्त मंत्री ने तब दिल्ली में महात्मा गांधी की प्रतिमा के सामने धरना दिया था। आज प्रदेश में महिला अपराध और दलित उत्पीड़न के मामले बढ़े हैं। वित्त मंत्री कब बोलेंगी? सांभरलेक थाने में पुलिस ने कावड़ियो को पीटा, सरकार ने एक कांस्टेबल को हटाकर इतिश्री कर ली गई। जिम्मेदार सभी अफसरों पर कार्रवाई की जानी चाहिए।

## कोचिंग संस्थानों की रिपोर्ट मांगी

**जयपुर ।** जयपुर पुलिस कमिश्नरेट ने सभी थानाधिकारियों को शहर में संचालित सभी कोचिंग संस्थानों की बिल्डिंग व बैसमेंट में जल भराव एवं अग्नि संबंधी आपदा से संबंधित नियमानुसार सुरक्षा प्रमाण पत्र की जांच कर रिपोर्ट सौंपने के निर्देश दिए है। इस संबंध में अतिरिक्त पुलिस आयुक्त, कानून-व्यवस्था कुंवर राष्ट्रदीप ने सभी थानाधिकारियों को निर्देश जारी कर दो दिन में रिपोर्ट सौंपने को कहा है। उन्होंने कहा कि जयपुर में रहने वाल सभी अभिभावक एवं छात्र व छात्राएँ भी अपने कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा संबंधित समस्या से जयपुर पुलिस को सूचना देकर अवगत करवा सकते है। इसके लिए पुलिस नियंत्रण कक्ष, जयपुर के टोल फ्री नम्बर 100, 112 पर कॉल कर सकते है।

## डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग संपन्न

**जयपुर (कासं)।** राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर जयपुर में 28 जुलाई को डॉक्टर्स की 3 दिवसीय गायन प्रतियोगिता एस.बी.आई. डॉक्टर्स म्यूजिक प्रीमियम लीग सीज़न- 3 ग्रैंड फिनाले के साथ संपन्न हुई। प्रतियोगिता के चैयरमेन डॉ. संजीव गुप्ता ने बताया कि विजेताओं को कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एसबीआई बैंक के डीजीएम व सीडीओ कल्याण गजवेली, गेस्ट ऑफ़ ऑनर एमिटी यूनिवर्सिटी के वीसी डॉ. अमित जैन व बॉलीवुड सिंगर रविंद्र उपाध्याय ने ट्रॉफ़ी प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर दर्शकों की मांग पर उपाध्याय ने अपनी प्रस्तुति दी। लीग के आयोजन सचिव डॉ. अनिल यादव ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में कुल आठ टीमों के 64 गायकों ने 3 दिनों तक प्रतिस्पर्धा करते हुए एक से बढ़कर एक दमदार प्रस्तुतियां दीं। लीग संयोजक डॉ. संदीप निझावन ने बताया कि फाइनल मुकाबले में प्रथम स्थान पाकर टीम आँगन मेडिनोवा ने बाज़ी मारी।

## आश्रम में हुआ चण्डी-भैरव यज्ञ

**बांसवाड़ा ।** श्री पीताम्बरा आश्रम में चण्डी-भैरव यज्ञ एवं भैरवार्चन महानुष्ठान के तहत श्री विद्या साधना परिषद के संयोजक पं. आशीष पण्ड्या पिण्डारमा के आचार्यत्व में विनायक एवं हनुमान पूजा के उपरान्त षोड़शोपचार से चण्डी एवं भैरव पूजन-अर्चन, सुधा कुंभ स्थापना, भैरव आवरण पूजा, भैरव दीपदान प्रयोग, स्वर्णाकर्षण भैरव पूजा प्रयोग, चण्डी महापूजा, भैरव अष्टोत्तरशत स्तोत्र सामूहिक पाठ आदि के परम्परागत अनुष्ठानों के पश्चात भैरव यज्ञ हुआ। आश्रम के मुख्य साधक पं. चन्द्रेश व्यास ने पूणार्हुति दी और आरती विधान किया। विधानों का जिज्ञासु साधकों को व्यावहारिक प्रशिक्षण भी प्रदान किया गया। भैरवार्चन एवं चण्डी महानुष्ठान में कार्यक्रम समन्वयक पं. मनोज नरहरि भट्ट सहित श्री पीताम्बरा आश्रम के साधकों पं. अजय अधिकारी, अनिल एनएच भट्ट, जय रणा, निकुंज सोनी ने भगवान भैरव एवं चण्डी से संबंधित विभिन्न अनुष्ठानों में भाग लेते हुए यज्ञ में दैवीय द्रव्यों की आहुतियां दीं। यज्ञ पूणार्हुति के उपरान्त आरती एवं सामूहिक स्तोत्र पाठ तथा श्री भगवन्नाम संकीर्तन में गायत्री मण्डल के संरक्षक पं. विद्यासागर शुक्ल, उपाध्यक्ष मनोहर जोशी एवं अनिमेष पुरोहित, कार्यकारिणी सदस्य कमलकान्त भट्ट, वरिष्ठ सदस्य कन्हैयालाल जोशी, श्री पीताम्बरा परिषद के सह संयोजक पं. मधुसूदन व्यास, श्री हनुमत चरित्र प्रचार समिति के संचालक कपिल जोशी, पं. प्रणीत पण्ड्या ने भागीदारी निभाई।

# 15 हजार का इनामी हत्या का आरोपी गिरफ्तार

## दो वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में वांछित था आरोपी



पुलिस थाना कसारवाडी की गिरफ्त में हत्या के मामले में आरोपी पिता।

**बांसवाड़ा ।** पुलिस थाना कसारवाड़ी ने दो वर्ष पूर्व हुई हत्या के मामले में 15 हजार रुपये के ईनामी आरोपी तोलसिंह डामोर को गिरफ्तार किया है। थानाधिकारी नरेन्द्र सिंह ने बताया कि 7 नवंबर 2022 को नाबालिग पीड़िता ने अपने पिता के साथ मस्का छोटा के निवासी के विरुद्ध अपहरण एवं दुष्कर्म की रिपोर्ट दर्ज करायी। पुलिस ने भारतीय दंड संहिता की विभिन्न धाराओं, पोक्सो व जेजे एक्ट में मामला दर्ज किया। प्रथम सूचना रिपोर्ट देते समय पीड़िता अचानक बेसुध हो गयी जिसे ईलाज के लिये वारिसान सीएचसी कुशलगढ़ ले गये जहां से उसे बांसवाड़ा और बांसवाड़ा से उदयपुर रेफर किया गया। ईलाज के दौरान पीड़िता की मृत्यु हो गयी। तत्कालीन थानाधिकारी कालूराम मीणा ने अनुसंधान किया एवं मेडिकल बोर्ड से शव का पोस्टमार्टम कराया गया। अनुसंधान में आरोपी विनोद पुत्र शंकर डामोर के विरुद्ध भादस की विभिन्न धाराओं, पोक्सो एक्ट व जेजे एक्ट का अपराध प्रमाणित होने पर गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया। घटना की गंभीरता को देखते हुए जिला पुलिस अधीक्षक ने अनुसंधान सत्यापन के लिये पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड़ को पत्रावली सौंपी।

**पिता ही निकला हत्यारा :** राठौड़ ने मामले में सूक्ष्मता से अध्ययन किया तो पता चला कि पीड़िता की चोटें अंदरुनी थी और जिस दौरान ये चोटे आयी उस दौरान पीडिता अपने पिता के घर थी। पुलिस उप अधीक्षक सूर्यवीर सिंह राठौड़ ने पीड़िता के पिता तोलसिंह, माता गोरकी देवी व परिजनों के विरुद्ध हत्या का मामला पृथक से प्रकरण में पंजीबद्ध किया। प्रकरण में अनुसंधान का जिम्मा थानाधिकारी कसारवाड़ी को सौंपा गया।

## वर्षभर का शिविरा पंचांग किया जारी

**उदयपुर 29, जुलाई।** लगातार शिक्षक संगठनों की मांग पर आखिरकार शिक्षा निदेशालय ने स्कूल संचालन के लिए वार्षिक शिविरा पंचांग जारी कर दिया है। एक माह देरी से जारी शिवरा पंचांग में 233 दिन स्कूल संचालन तथा 132 दिन छुट्टियां निर्धारित की गई है।

खास बात यह है कि आगामी शैक्षिक सत्र 2025-26 में शैक्षिक सत्र की शुरुआत एक जुलाई से करने की घोषणा की गई है। पूर्व में कई सालों से शिक्षकों के लिए स्कूल 24 जून से तथा विद्यार्थियों के लिए 1 जुलाई से शुरू होते आ रहे थे।राजस्थान पंचायती राज एवं माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष शेर सिंह चौहान ने कई सालों बाद नवीन शैक्षिक सत्र की शुरुआत 24 जून के स्थान पर एक जुलाई से करने के निर्णय करने का स्वागत किया है । संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष नवीन व्यास जिला अध्यक्ष सतीश जैन ने बताया कि संगठन की ओर से पिछले काफी समय से शिक्षा मंत्री को ज्ञापन भेजकर शिवरा पंचांग जारी करने की मांग की जा रही थी। निदेशक माध्यमिक शिक्षा की ओर से जारी शिविरा पंचांग में 1 जुलाई से अगले साल 3० जून तक पंचांग के रूप अनुरूप विद्यालय संचालन एविभागीय क्रियाकलापों एवं कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के आयोजन की तिथि निर्धारित की गई है।

## सार-समाचार

### अभियान में 219 गिरफ्तार

**बांसवाड़ा ।** वांछित अपराधियों की धरपकड़ के लिये जिला पुलिस द्वारा चलाये गये दो दिवसीय विशेष अभियान में 219 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया। जिला पुलिस अधीक्षक हर्षवर्धन अठावाला के निर्देशन एवं एएसपी राजेश भारद्वाज व सभी वृत्ताधिकारियों के सुपरविजन में सभी थानों में 59 टीमें गठित की गयी। एसपी अठावाला ने बताया कि 232 पुलिस कर्मियों ने 397 स्थानों पर दबिश देकर 18 स्थाई वारंटी, 4 ईनामी अपराधी, सामान्य प्रकरणों में वांछित 4, गिरफ्तारी वारंट में 65 व 170 बीएनएसएस में 128 आरोपियों को गिरफ्तार किया।

### जल स्वालंबन अभियान की जानकारी दी

**बांसवाड़ा ।** राउमावि लक्ष्मणगढ़ झरी में मुख्यमंत्री जल स्वालंब अभियान 2.0 के प्रथम चरण के अंतर्गत नुक्कड नाटक के माध्यम से अभियान की जानकारी दी गयी। जयपुर से आयी नुक्कड नाटक की टीम ने नुक्कड नाटक के माध्यम से एक पेड़ देश के नाम अभियान एवं बरसात के पानी को संचय करने की जानकारी देते हुए जागरूक किया। नाटक देखकर बच्चे उत्साहित नजर आये वहीं बच्चों को पौधरोपण एवं जल संरक्षण के लिये भी प्रेरित किया गया। जेईन हनी जैन ने बताया कि मुख्यमंत्री जल स्वावलंब अभियान के तहत गांव-गांव में बरसात के पानी को कैसे बचाया जाए इसके लिए जागरूक किया जा रहा है। कार्यक्रम में जेइन भगवती लाल जाट, एवी ठाुप ऑफ आट्र्स के पीआरओ आकाश वर्मा, आलोक कुमार पांडे, कुणाल रंजन, रोशन कुमार, आकाश वर्मा, नरेंद्र झा, अंकित पाराशर, प्रधानाचार्य शिखा महेश्वरी, उप प्रधानाचार्य कीर्ति श्रीमाल, समाजसेवी कालू चरपोटा, ठााम विकास अधिकारी ऋषभ ठाकुर सहित विद्यालय स्टाफ सदस्य मौजूद रहे।

### रुद्राभिषेक,भजन कीर्तन हुए

**उदयपुर, 29 जुलाई ।**उदयपुर सेवा समिति उदयपुर द्वारा शहर एवं आसपास के क्षेत्र में अच्छी वर्षा की कामना के लिए फतह सागर पाल नाले के पास वाली छतरी पर शिवलिंग स्थापित कर विधिवत रूप से मंत्रोचार, रुद्राभिषेक, रामचरित मानस पाठ,भजन,कीर्तन कर महादेव को रिजाया गया । समिति के कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र सेन ने बताया कि उदयपुर शहर एवं आसपास के क्षेत्रों में अच्छी वर्षा की कामना हेतु आचार्य राधा शरण शास्त्री,महंत इंद्रदेव दास,अध्यक्ष,सर्व संत संप्रदाय संस्थान उदयपुर द्वारा शिव लिंग स्थापित कर विधिवत रूप से पूजा अर्चना की।

## 24 घंटे में 16.68 एमएम बारिश

■ दिनभर छाए रहे बादल

**डूंगरपुर।** डूंगरपुर में रातभर रुक रुककर हल्की बरसात के बाद सोमवार को सुबह से बादल छाए रहे। दिन में कई बार रिमझिम बरसात हुई। वहीं दोपहर को 2 बजे बाद आधे घंटे के लिए तेज बारिश हुई। इससे सडकों पर पानी बहने लगा। वहीं इसके बाद बारिश थम गईए लेकिन बादल छाए रहे।

डूंगरपुर शहर सहित गांवों में रविवार रात को कहीं तेज तो कहीं हल्की बरसात हुई। वहीं सोमवार सुबह से डूंगरपुर शहर में बादल छाए रहे। सुबह के समय मामूली बूंदाबांदी हुई। सुबह करीब 11 बजे हल्की बरसात हुई। दोपहर करीब 2 बजे घनघोर काले बादलों के साथ तेज गर्जना हुई। वहीं बारिश का दौर शुरू हो गया। इससे सडकों पर भी पानी बहने लगा। करीब आधे घंटे तक बरसात का दौर चला। इसके बाद बारिश रुक गई,लेकिन आसमान में बादल छाए रहे। बारिश की वजह से उमस से राहत मिली। डूंगरपुर में सोमवार सुबह 8 बजे तक पिछले 24 घंटों से सबसे ज्यादा बारिश आसपुरए निठाऊवा और ओबरी में सवा एक इंच रिकॉर्ड की गई है। आसपुर में 37 एमएम, निठाउवा में 35 एमएम, ओबरी में 35 एमएम,गलियाकोट में 31 एमएम, धंबोला में 3० एमएम, साबला में 24 एमएम, चिखली में 15 एमएम, बनकोडा में 13 एमएम, कनबा में 12 एमएम, सागवाडा में 12 एमएम, फलोज में 6 एमएम, गणेशपुर में 6 एमएम, देवल में 5 एमएम, गामडी अहाडा में 4 एमएम, डूंगरपुर में 2 एमएम बारिश रिकॉर्ड की गई है।

## प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन

**बांसवाड़ा ।** समठा शिक्षा अभियान ब्लॉक बांसवाडा की ओर से स्वामी विवेकानंद मॉडल स्कूल बरिसियातालाई में तीन दिवसीय एफएलएन आधारित सफल 2.0 शिविर का उद्घाटन मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी रेखा रोत के मुख्य आतिथ्य, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी हितेश स्वर्णकार की अध्यक्षता तथा सन्दर्भ व्यक्ति विनीत शुक्ल के विशिष्ठ आतिथ्य में किया गया। मुख्य अतिथि रोत ने संभागियों से शिविरों के माध्यम से निपुण भारत अभियान के लक्ष्यों को तय समय सीमा में पूर्ण करने का आ ान करते हुए बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने पर बल दिया। अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षाधिकारी हितेश स्वर्णकार ने संभागियों से प्रशिक्षण के माध्यम से साक्षरता एवं संख्या ज्ञान के घटकों पर पर कक्षा-कक्ष में कार्य करने का आव्हान किया।

# पेसिफिक में इंडक्शन प्रोग्राम का आगाज

**उदयपुर 29, जुलाई।** पाहेर विवि के पेसिफिक पॉलिटेक्निक महाविद्यालय व पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट का इंडक्शन प्रोग्राम का आगाज हुआ । ब्रिजेश शॉ (जनरल मेनेजर सेंडविक माइनिंग एंड रॉक टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड), गुणशेखर (अकाउंट मेनेजर इक्विपमेंट एंड डिजिटल टेक्नोलॉजी सेंडविक माइनिंग एंड रोक टेक्नोलॉजी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड), प्रो. दिपिन माथुर (डायरेक्टर फैकल्टी ऑफ मेनेजमेंट, पाहेर यूनिवर्सिटी), डॉ मुकेश श्रीमाली निदेशक पेसिफिक पॉलिटेक्निक कॉलेज ने दीप प्रज्वलन करके कार्यक्रम की शुरुआत की।




पेसिफिक इंस्टिट्यूट ऑफ फायर एंड सेफ्टी मैनेजमेंट का इंडक्शन प्रोग्राम का आगाज हुआ ।

शुरुआत में डॉ मुकेश श्रीमाली ने विद्यार्थियों को मोटिवेट किया तथा उन्हें निरंतर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी एवं उन्होंने कहा कि सफलता कभी एक ही प्रयास में नहीं मिलती है उसके लिए तो बार बार और निरन्तर प्रयास करते रहना चाहिए और उसके लिये किया गया कर्म कभी निष्फल नहीं होता हमें पूरी मेहनत और जोश के साथ सफलता को पाने के लिए प्रयास करते रहना चाहिए ।ब्रिजेश शॉ ने बताया कि पॉलिटेक्निक डिप्लोमा में विद्यार्थियों के लिए सभी ब्रांच में काफी अच्छा स्कोप है साथ ही उन्होंने बताया की पढाई के साथ साथ स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देना चाहिए तथा अपने समय का सदुपयोग करना चाहिए । प्रोफेसर दिपिन माथुर ने कहा कि विद्यार्थियों को अपनी कमियों को दूर करके जीवन में मिलने वाले अवसरों को भुनाना चाहिए । गुणशेखर ने डिप्लोमा के बाद विभिन्न सम्बंधित क्षेत्रो में रोजगार के अवसरों के बारे में विस्तार से समझाया।

## कार्यकारिणी का गठन

**डूंगरपुर।** आदिवासी समाज खेल संघ,डूंगरपुर के ब्लॉक आसपुर एवं सागवाडा ब्लॉक की कार्यकारिणी का गठन जिला अध्यक्ष विकेश मोलात अरुण परमार कोषाध्यक्ष प्रतीक दामा चोरासी ब्लॉक अध्यक्ष राजेंद्र डामोर राकेश डामोर दिव्येश रोत की उपस्थिति में आसपुर सर्वसम्मति से ब्लॉक अध्यक्ष मनोज परमार उपाध्यक्ष विर्मल मीणा साबला लक्ष्मण हरमोर कमलेश अहारी मनोज कलारिया अनिल डामोर मनोज परमार सचिव सोहन मीणा कोषाध्यक्ष किरीट ननोमा संयुक्त सचिव सुमित रोत मीडिया प्रभारी गोकुल परमार शंकर भाई एवं धर्मेंद्र मीणा को मनोनीत किया गया। इसी प्रकार सागवाडा ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया जिसमें ब्लॉक अध्यक्ष राजेश रोत? उपाध्यक्ष जितेंद्र अहारी नरेश भागरीया संतोष कटारा बाबूलाल डेंडोर सचिन शांतिलाल ननोमा संयुक्त सचिव सुनील डामोर को बनाया।

## प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश

**बांसवाड़ा ।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष व जिला एवं सेशन न्यायाधीश अरूण कुमार अठावाल ने एनआई एक्ट प्रकरणों के सम्बन्ध में बांसवाडा न्यायक्षेत्र में पदस्थापित न्यायिक अधिकारियों की बैठक लेते हुए एनआई एक्ट प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिये। बैठक में प्राधिकरण सचिव कौशल सिंह, अपर जिला न्यायाधीश नवीन कुमार चौधरी, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट डॉ. अंजुम खान, अति. मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट रजनी कुमावत, न्यायिक मजिस्ट्रेट मुकेश कुमार मीना, अति. न्यायिक मजिस्ट्रेट पल्लवी बोहरा मौजूद रहे। तालुका स्थित न्यायालयों के न्यायिक अधिकारियों ने वीडियो कॉन्फ्रेन्सिंग से बैठक में भाग लिया।

# बेस्ट लहरिया प्रतियोगिता में महिलाओं ने लिया भाग

**उदयपुर, 29 जुलाई ।** विप्र फाउण्डेषन (महिला प्रकोष्ठ) का सावन उत्सव एवं नव मनोनित सदस्यों का शपथ ग्रहण स्थानीय विफा के कार्यालय परशुराम परिस,गढमगरी, शोभागपुरा, पर आयोजित किया गया जिसमें विप्र समाज की महिलाओं ने लहरिया पहन कर भाग लिया ।

समारोह की शुरूआत समारोह स्थल पर विफा महिला प्रकोष्ठ की महिलाओं द्वारा सामुहिक रूप से ष्ष्सावन उत्सव् के गीत भजन एवं नृत्य कर किया गया । इस अवसर पर उदयपुर से विफा की महिला प्रकोष्ठ में प्रदेश एवं जिले में मनोनित समस्त महिला पदाधिकारियों का स्वागत,सम्मान प्रदेश संरक्षक कुसुम शर्मा,प्रदेश महामंत्री संगीता व्यास एवं मंजु त्रिपाठी, मीना पालीवाल द्वारा स्वागत सम्मान कर शपथ दिलाई गई।

विफा महिला प्रकोष्ठ की प्रदेश संरक्षक कुसुम शर्मा ने बताया कि सावन उत्सव के अन्तर्गत बेस्ट लेहरिया प्रतियोगिता में हेमलता नागदा.प्रथम एवं भावना नागदा.द्वितीय रही एवं नृत्य प्रतियोगिता में पुनम पालीवाल.प्रथम एवं राजकुमारी.द्वितीय एवं स्वीटी.तृतीय रही जिन्हें विप्र फाउण्डेशन के राष्ट ीय महासचिव के.के.शर्मा एवं विफा के प्रदेश अध्यक्ष जोन.1ए नरेन्द्र पालीवालए विफा के प्रदेश संरक्षक हरिश आर्य एवं हिम्मतलाल नागदा द्वारा पुरूस्कृत किया गया। इस मौके पर राष्ट्रीय महासचिव के.के.शर्मा एवं नरेन्द्र पालीवाल ने विप्र फाउण्डेशन की शिक्षा एवं रोजगार व जयपुर में निर्माणाधीन सेंटर फोर एक्सीलेंस एवं श्री परशुराम कुण्ड की जानकारी दी गई।

इस अवसर पर विप्र फाउण्डेशन जोन1ए द्वारा अर्चना शर्मा को महिला उत्पीडन,शिक्षा एवं रोजगार प्रकोष्ठ का प्रदेश संयोजिका मनोनित होने पर उपस्थिति महिलाओ द्वारा सम्मानित किया गया।

## कॉलेज आयुक्तालय को भेजा ज्ञापन

**बांसवाड़ा ।** अखिल राजस्थान अनुसूचित जाति व जनजाति छात्रसंघ जिला शाखा की ओर संगठन संरक्षक मनोहर खडिय़ा, संभाग उपाध्यक्ष संजय खांट व जिलाध्यक्ष कांतिलाल निनामा के नेतृत्व में श्री गोविंद गुरु राजकीय महाविद्यालय प्राचार्य के माध्यम से उच्च शिक्षा मंत्री व कॉलेज आयुक्तालय को ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में बताया गया कि जनजाति क्षेत्र के समस्त महाविद्यालय में प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिये जारी कट ऑफ अधिक होने के कारण कई विद्यार्थी प्रवेश से वंचित हो गये हैं। कई संकायों में कट ऑफ अधिक जारी होने से विद्यार्थियों का प्रवेश नहीं होने के कारण विद्यार्थियों में हताशा है।

# बाहरी तत्व कर रहे मेवाड की शांति भंग करने के प्रयास : सांसद रावत

**उदयपुर 29, जुलाई।** सांसद डॉ. मन्नालाल रावत ने मेवाड वासियों से अपील करते हुए कहा है कि कुछ बाहरी तत्व यहां की सामाजिक समरसता को समाप्त करने व शांति व्यवस्था को भंग करने के उद्देश्य से जातिवाद का जहर घोलने के प्रयासों में जुटे हैं। आमजन को इनसे सावधान रहने की आवश्यकता है। सांसद रावत की ओर से सोशल मीडिया पर जारी किए गए एक वीडियो में यह अपील की गई है। चार रोज पूर्व सलूंबर जिले के अदवास गांव में एक शिक्षक शंकर लाल की उसी के मित्र फतहसिंह ने तलवार से वार कर नृशंस हत्या कर दी थी। वारदात के बाद जंगल में छिपे आरोपी फतेहसिंह की पुलिस ने घेराबंदी की तो पकडे जाने के भय से अपने पास मौजूद उसी तलवार से स्वयं का गला रेत आत्महत्या कर ली थी। इस वारदात के बाद जब मृत शिक्षक शंकरलाल के शव को पोस्टमार्टम की कार्रवाई के लिए उदयपुर के राजकीय महाराणा भूपाल चिकित्सालय लाया गया। इस बीच कुछ बाहरी तत्व माहौल खराब करने की नीयत से यहां पंहुच गए । सांसद रावत ने बताया कि मृत शिक्षक के परिवार के लोग शांति चाहते थे,लेकिन ये बाहरी तत्व पोस्टमार्टम के लिए परिजनों की सहमति बनने में हस्तक्षेप करते रहे। मृतक के परिवार को मुआवजे सहित अन्य मांगों को लेकर तीन दिन तक शव का पोस्टमार्टम तक नहीं होने दिया। मोर्चरी के बाहर मेवाड की सामाजिक समरसता को समाप्त करने व विद्वेष पैदा करने के लिए अपने भाषणों में जातिवाद का जहर घोलते रहे। जबकि हत्या के आरोपी व मृत शिक्षक वारदात से पूर्व तक अच्छे मित्र थे। उनके बीच कभी जातिगत ऊंच.नीच या भेदभाव वाली बात कभी नहीं रही।

सांसद डॉ.मन्नालाल रावत ने बताया कि मोर्चरी के बाहर प्रदर्शन के दौरान इन बाहरी अराजक तत्वों ने एस सीए एसटी,ओबीसी,माइनॉरिटी,हिंदू समाज बीच विभाजन पैदा करने वाली भाषा का उपयोग करना शुरू किया तो उन्हें सख्ती के साथ समझा दिया गया।

# स्वास्थ्य भवन में हुई कार्यशाला

**बांसवाड़ा।** स्वास्थ्य भवन में पीसीपीएनडीटी कार्यशाला में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एचएल ताबियार ने निजी अस्पतालों में हो रहे प्रसव की जानकारी हर माह की 5 तारीख से पहले हर हाल में ऑनलाइन करने की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र स्तर पर चल रहे सॉफ्टवेयर पीसीटीएस में माह का ब्योरा दर्ज करना होगा व पांच तारीख के बाद सभी डाटा फ्रीज हो जाएगा इसलिए पूरे माह के आंकड़े अगले माह की एक से चार तारीख के मध्य ही दर्ज कर लें। उन्होंने कहा कि डिलेवरी के ऑनलाइन और ऑफलाइन रिकॉर्ड में अंतर मिलने पर संबंधित संस्थान पर कार्यवाही की जाएगी।

डॉ ताबियार ने कहा कि यदि कोई दंपति भ्रूण लिंग जांच के लिए आती है तो इसकी जानकारी विभाग को भी दें ताकि उस दंपत्ति पर निगरानी रखी जा सके क्योंकि वह भ्रूण जांच के लिए अन्य स्थान पर जाने का भी प्रयास करेंगे। उन्होंने समस्त सोनाठााफी सेंटर के प्रतिनिधियों से कहा कि हाल ही में शुरू हुई मां वाउचर योजना के लिए सभी आवेदन करें ताकि यहां की गर्भवती महिलाओं को निशुल्क सोनोठााफी की सुविधा मिल सके। पीसीपीएनडीटी सीओ हरिकांत शर्मा ने गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीकी अधिनियम 1994 की जानकारी देते हुए बताया कि किसी भी सोनोठााफी सेंटर पर अनियमितता की पुष्टि होती है तो बिना नोटिस के सील की कार्यवाही की जा सकती है। उन्होंने अधिनियम के तहत बरती जाने वाली सावधानियों से अवगत कराया वहीं मुखबीर योजना की भी जानकारी दी। इस अवसर पर आरसीएचओ डॉ दिनेश कुमार भाबोर, महात्मा गांधी अस्पताल से राजीव गौतम, आईईसी सीओ अमित शाह, पुष्पकांत राणा, सीमा शर्मा सहित जिले के सोनोठााफी केंद्र और संबंधित अस्पतालों के प्रतिनिधि मौजूद रहे। मां वाउचर योजना में केंद्र को मिलेंगे 450 रूपए कार्यशाला में डीपीएम ललित सिंह झाला ने मां वाउचर योजना के बारे में जानकारी देते हुए 20 केंद्रों के प्रतिनिधियों के साथ आवेदन पत्र साझा किया और रूचि अनुसार आवेदन मांगे। उन्होंने प्रजेंटेशन के माध्यम से बताया कि हर माह की 9, 18 और 27 को जिले में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाता है। इस दौरान जांच करने आने वाली गर्भवती महिलाओं की एक सोनोठााफी निशुल्क होगी। इसके लिए संबंधित चिकित्सा संस्थान पीसीटीएस सॉफ्टवेयर से वाउचर जनरेट करेगा। वाउचर संबंधित गर्भवती महिला के फोन पर मैसेज से प्राप्त होगा। वह अपनी नजदीकी सोनोठााफी केंद्र पहुंचेगी जहां पर जनरेट ऑनालइन वाउचर यानी क्यूआर कोड को स्केन कर संस्थान निशुल्क सोनोठााफी करेगा।

## योग्यता प्रमाण-पत्र देने के लिये प्रस्ताव आमंत्रित

**बांसवाड़ा ।** स्वाधीनता दिवस पर जिला कलक्टर द्वारा राजपत्रित तथा अराजपत्रित अधिकारियों, कर्मचारियों को उनकी विशिष्ठ सेवाओं के उपलक्ष्य में योग्यता प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाएंगे। अतिरिक्त जिला कलक्टर अभिषेक गोयल ने इसके लिए समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को अपने अधीनस्थ कार्मिकों के प्रस्ताव निर्धारित प्रारूप में भिजवाने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय अधिकारी केवल दो ही प्रस्ताव पूर्ण परीक्षण के उपरान्त संक्षित उपलब्धियों के साथ स्पष्ट अभिशंषा कर भिजवाने, अभिशंषित अधिकारी, कर्मचारी पिछले पांच वर्षों में पूर्व में पुरस्कृत नहीं किया जाना होना चाहिए और यदि पूर्व में पुरस्कृत किया गया हो तो पिछली बार पुरस्कृत होने की अवधि न्यूनतम 5 वर्ष पूर्ण होनी चाहिए। इसके अलावा किसी भी अधिकारी, कार्मिक को किसी भी परिस्थिति में दो से अधिक बार ऐसे समारोह में पुरस्कृत नहीं किया जाएगा। उन्होंने समस्त अधिकारियों से कहा है कि वे अपने अधीन नियोजित अधिकारी, कर्मचारियों को योग्यता प्रमाण-पत्र देने के लिये उन्हें भिजवाये जा रहे प्रपत्र में अनुशंषा के साथ 8 अगस्त सायं 5 बजे तक आवश्यक रूप से अतिरिक्त जिला कलक्टर को प्रेषित करें। समयावधि के पश्चात प्राप्त प्रस्तावों पर कोई कार्यवाही नहीं की जाएगी।

# श्रीमाली समाज ने लिया निर्णय प्री वेडिंग पर रहेगा पूर्ण प्रतिबंध

## महामंत्री श्रीमाली ने आम सभा का एजेंडा सभी के सामने प्रस्तुत किया

**उदयपुर/कानोड 29, जुलाई।** श्रीमाली ब्राह्मण समाज तडबारा मेवाड संस्थान की आम सभा की बैठक नई बावडी कानोड स्थित सभागार में हुई। बैठक की अध्यक्षता तडबारा समाज अध्यक्ष मदन लाल व्यास करोली ने की। आम सभा के शुभारंभ से पुर्व माताजी महालक्ष्मी जी की तस्वीर पर समाजजनों ने माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ आमसभा का विधिवत शुभारंभ हुआ।

आम सभा में सर्वप्रथम महामंत्री उदय लाल श्रीमाली सोनरडा ने आम सभा का एजेंडा सभी के सामने प्रस्तुत किया इसके बाद आम सभा से पूर्व में हुई कार्यकारिणी की बैठकों की रिपोर्ट एवं प्रस्तावो की जानकारी आमसभा में अनुमोदन के लिए सभी के समक्ष रखी गई जिसका सभी ने सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। कोषाध्यक्ष रामेश्वर लाल श्रीमाली नई बावडी कानोड ने वर्ष भर की आय व्यय की रिपोर्ट प्रस्तुत की। आमसभा में उपस्थित सदस्यों ने समाज सुधार को लेकर अनावश्यक रूप से हो रहे खर्चे कम करने, सामाजिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों, खेलकूद स्पर्धाओं का आयोजन, प्रतिभाओं एवं भामाशाहों का सम्मान समारोह, समाज कोष बढाने सहित कई बिंदुओं पर अपने विचार सदन में रखें। आमसभा में श्री श्रीमाली समाज 45 खेडा मेवाड संस्थान के नवनिर्वाचित अध्यक्ष दिग्विजय श्रीमाली का आमसभा में स्वागत सम्मान समारोह आयोजित किया गया। तडबारा समाज अध्यक्ष मदन लाल व्यास के नेतृत्व में कार्यकारिणी पदाधिकारीयों, सलाहकार, संरक्षक, सदस्यों व समाजजनों ने मेवाडी पगडी, उपारणा , श्रीफल भेंट कर सम्मान किया।



कानोड में श्रीमाली समाज ने पौधारोपण किया।

पर्यावरण प्रेमी जाह्नवी त्रिवेदी ने आम सभा में समय की मांग और प्रकृति प्रेम को देखते कहां की जिस प्रकार हम एक पौधे को सिंचते है और बडा करते हैं उसी प्रकार हमें समाज रूपी वट वृक्ष को भी सभी को मिलकर बडा करना है। इस दौरान आमसभा में आये सभी गांवों के सदस्यों को वृक्ष वितरित किए गये साथ ही नई बावडी कानोड पर सभी समाजजनों की उपस्थिति में फलदार, छायादार एवं फुलदार 11 पौधों से पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया । आमसभा में सर्व समिति से निर्णय लिया गया कि किसी भी सामाजिक आयोजन में पेरावणी स्वरूप कपडे नहीं दिए जाएंगे।

## समाज की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहे संगठन : बागडी

**उदयपुर,29 जुलाई।** 15 दिन पहले अब्बा खेडी भीलवाडा निवासी खटीक समाज की महिला एवं उसके बच्चा अज्ञात कारण से गैस की टंकी में लगी आग में झुलस गए थे। जिनका उपचार महाराणा भूपाल चिकित्सालय में उपचार चल रहा था। मां व मासूम बेटे दोनों की उपचार के दौरान मौत हो गई।

श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी ने बताया कि महिला व बच्चे के परिजनों ने श्री खटीक समाज राष्ट ीय संगठन को इसकी सूचना दी जिस पर संगठन के सभी पदाधिकारी मौके पर पहुंचे एवं जरूरतमंद सामग्री एवं भोजन एवं अन्य सुविधाएं उपलब्ध करवाई। संस्थापक जय निमावत ने बताया कि हॉस्पीटल में उपचार के 15 दिन बाद दोनो मां व मासूम बेटे का देहांत हो गया। जिसपर श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन ने निरूशुल्क एम्बुलेंस कराकर महाराणा भूपाल चिकित्सालय मोर्चरी से दोनों शवों को भीलवाडा स्थित आब्बा खेडी गांव भेजा गया एवं शोक संप्तित परिवार को हिम्मत देकर हमेशा उनके साथ होने का आव्हान किया। इस दौरान अध्यक्ष आकाश बागडी ने कहां कि समाज की सेवा के लिए संगठन को हमेशा तत्पर एवं तैयार रहना होगा। समाज की सेवा ही परोपकार है। इस अवसर पर श्री खटीक समाज राष्ट्रीय संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश बागडी, संस्थापक जय निमावत ,प्रदेश अध्यक्ष पीसी चावला आदि मौजूद रहे।



इतना नजदीक आके में पदक से चूक गया, इससे में निराश जरूर हुआ लेकिन यह मेरे लिए प्रेरणादायक है। चौथे स्थान पर रहने से बुरा कुछ नहीं होता परन्तु मैं किस्मत को दोष नहीं दूंगा। पता नहीं मुझसे वो आखिरी शॉट कैसे मिस हो गया। -अर्जुन बबूता

**ओलिंपिक खिलाड़ी, पदक मिस करने पर दु:ख बया किया।**

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

## यशस्वी जायसवाल



**श्रीलंका** के खिलाफ यशस्वी जायसवाल ने अपने 30 रन की पारी के दौरान खास कारनामा कर दिखाया और साल 2024 के कैलेंडर में इंटरनेशनल क्रिकेट में एक हज़ार रन पूरा करने वाले पहले बल्लेबाज़ बन गए हैं। जायसवाल के बल्ले से साल 2024 में 13 मुकाबले खेले हैं और इस दौरान उनका 63.93 का शानदार औसत रहा है और अपने काबिलियत का बखूबी प्रदर्शन करते हुए उन्होंने 94.54 के स्ट्राइक रेट से 5 अर्धशतक और 2 शतक की बदौलत 1023 रन बनाये हैं। रनों के हिसाब से बात करें तो 1023 में से 740 रन टेस्ट और 283 रन टी 20 में बनाये गए हैं।

**क्या आप जानते हैं ?...** बेसबॉल में औसतन 108 टांके होते हैं क्रिकेट बाल में 65 से 70 के बीच तथा फुटबॉल में 642 से अधिक टांके लगाये जाते हैं।

### आज पांच खेलों में भारतीय खिलाड़ी भाग लेंगे

**निशानेबाजी**

ट्रैप पुरुष क्वालीफिकेशन: पृथ्वीराज तोंडइमन – दोपहर 12:30 बजे

ट्रैप महिला क्वालीफिकेशन: श्रेयसी सिंह और राजेश्वरी कुमारी – दोपहर 12:30 बजे

10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम कांस्य पदक मैच: भारत (मनु भाकर और सरबजोत सिंह) बनाम कोरिया – एक बजे

**हॉकी**

पुरुष पूल बी मैच: भारत बनाम आयरलैंड – शाम 4:45 बजे

**तीरंदाजी**

महिला व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड: अंकिता भकत (शाम 5:15 बजे) और भजन कौर (शाम 5:30 बजे)

पुरुष व्यक्तिगत 1/32 एलिमिनेशन राउंड: धीरज बोम्मादेवरा (रात 10:45 बजे)

**बैडमिंटन**

पुरुष युगल (ग्रुप चरण): सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी बनाम अल्फियन फजर और मुहम्मद रियान अर्दियांतो (इंडोनेशिया) –शाम 5:30 बजे

महिला युगल (ग्रुप चरण): अश्विनी पोनप्पा और तनीषा क्रास्टो बनाम सेतयाना मपासा और एंजेला यू (ऑस्ट्रेलिया) – शाम 6:20 बजे।

**मुक्केबाजी**

पुरुषों का 51 किग्रा राउंड ऑफ 16: अमित पंघाल बनाम पैट्रिक चिन्येम्बा (जाम्बिया) – शाम 7:15 बजे।

महिलाओं का 57 किग्रा राउंड ऑफ 32: लेम्बोरिया बनाम नेस्टी पेटेसियो (फिलिपींस) – रात 9:25 बजे

महिलाओं का 54 किग्रा राउंड ऑफ 16: प्रीति पवार बनाम येनी मार्सेला एरियास (कोलंबिया) – देर रात 1:20 बजे (31 जुलाई)

**ओलिंपिक दिन-3** हॉकी में दूसरी जीत, मनु-सरबजोत, चिराग-सात्विक, लक्ष्य अपने-अपने इवेंट्स में आगे बढ़े

# अंतिम लम्हों पर गोल दाग कर हरमनप्रीत ने दी संजीवनी

## भारत अर्जेंटीना के बीच मुकाबला ड्रॉ | आज ऑयरलैंड से भिड़ेगा भारत



पेरिस, 29 जुलाई। आखिरी लम्हों में संयम का परिचय देते हुये भारतीय कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने गोल दाग कर न सिर्फ अर्जेंटीना के साथ मैच को बराबरी पर खत्म किया बल्कि अपनी टीम को क्वार्टर फाइनल की रेस में बनाये रखा।

यवेस–डु–मनोइर स्टेडियम में सोमवार को पूल बी मैच में हरमनप्रीत 59वें मिनट में गोल करके अर्जेंटीना के खिलाफ मैच को 1–1 से बराबरी पर लाकर खड़ा कर दिया। अर्जेंटीना के लुकास मार्टिनेज ने मैच के 22वें मिनट में गोल कर अपनी टीम को 1–0 की बढ़त दिला दी थी।

न्यूजीलैंड के खिलाफ अपना पहला गेम 3–2 से जीतने के बाद भारतीयों ने आत्मविश्वास के साथ मैच की शुरुआत की और पहले क्वार्टर में भारतीय फॉरवर्डों ने जोरदार आक्रमण किया हालांकि अर्जेंटीना की रक्षा पंक्ति को चकमा देने में वे विफल रहे। अर्जेंटीना अपना पिछला मैच ऑस्ट्रेलिया से 0–1 से हार गया था।

भारत को पहला पेनाल्टी कार्नर मैच के दसवें मिनट में मिल गया था लेकिन गोल में तब्दील नहीं कर सका। अगले मिनट में अभिषेक ने गोल पर एक शॉट लगाया, लेकिन गेंद क्रॉसबार से टकरा गई। पहला क्वार्टर गोलरहित रहने के बाद, भारत को 19वें मिनट में एक और पेनाल्टी कार्नर मिला, लेकिन अर्जेंटीना के गोलकीपर सैंटियागो ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए भारतीय कप्तान को गोल करने से रोक दिया। इस बीच 22वें मिनट में लुकास मार्टिनेज ने गोल करने का प्रयास किया।

डिफेंडर हरमनप्रीत को पछाड़ते हुए सर्कल में जगह बनाते हुए मार्टिनेज ने श्रीजेश के दायीं ओर से गेंद को नेट में डाल दिया। इसके बाद भारत ने कई हमले किये मगर वे अगले 37 मिनट के खेल में गोल करने में नाकाम रहा। अब जबकि भारत एक निश्चित हार की ओर मुड़ चुका था, ऐसे नाजुक मोड़ पर हरमनप्रीत ने शानदार प्रदर्शन और शक्तिशाली ड्रैग के साथ गेंद को सैंटियागो के पार पहुंचाया। देर से किए गए गोल ने स्टैंड में मौजूद भारतीय प्रशंसकों को जश्न मनाने का मौका दे दिया।



### भारत को फिर से मनु पर आस

## मनु और सरबजोत ने कांस्य के लिए किया क्वालीफाई,

### रमिता पदक से चूकी

पेरिस, 29 जुलाई। मनु भाकर और सरबजोत सिंह की भारतीय जोड़ी ने पेरिस ओलिंपिक में सोमवार को 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक मुकाबले के लिए क्वालीफाई कर लिया। वहीं 10 मीटर एयर राइफल महिला फाइनल में रमिता जिंदल पदक जीतने से चूक गई।

क्वालीफाईंग राउंड के पहले सेट में मनु और सरबजोत ने 193 अंक, दूसरे सेट में 195 अंक और तीसरे सेट में 192 अंक अर्जित किये। दोनों ने कुल 580 अंक के साथ तीसरे नंबर पर रहे। अब भारतीय मिश्रित टीम मंगलवार को कांस्य पदक के लिए मुकाबला करेगी। इस स्पर्धा में भारत की रमिता जिंदाल आठ महिलाओं के साथ हुई स्पर्धा में एक समय चौथे स्थान पर थीं। लेकिन लय बरकरार रखने में विफल रही और 145.3 अंक सातवें स्थान पर रही। दक्षिण कोरिया की बान ह्योजिन ने महिलाओं की 10 मीटर राइफल निशानेबाजी स्पर्धा में 251.8 अंकों के साथ स्वर्ण पदक जीता।

यह वर्ष 1992 के बाद से दक्षिण कोरिया की किसी एथलीट के लिए इस स्पर्धा में पहला स्वर्ण और ओलिंपिक ग्रीष्मकालीन खेलों के इतिहास में दक्षिण कोरिया की टीम द्वारा जीता गया 100वां स्वर्ण पदक है। स्पर्धा में चीन की 17 वर्षीय हुआंग युटिंग को मिला तथा कांस्य पदक स्विट्जरलैंड की ऑड्रे गोगनियाट ने जीता।

## आखिरी क्षणों में पदक से चूके अर्जुन, चौथे स्थान पर रहे



पेरिस, 29 जुलाई। भारत के स्टार निशानेबाज अर्जुन बबूता सोमवार पेरिस ओलिंपिक 2024 खेलों में पुरुषों के 10 मीटर के एयर रायफल के फाइनल मुकाबले में पदक से चूक गए। अर्जुन बबूता 208.4 का स्कोर के साथ चौथे स्थान पर रहे। प्रतियोगिता में चीन के लिहाओ शेंग ने (252.2) के स्कोर के साथ ओलिंपिक रिकॉर्ड बनाते हुए स्वर्ण पदक और मौजूदा विश्व चैंपियन स्वीडन के विक्टर लिंडग्रेन ने (251.4) स्कोर करते हुए रजत और क्रोएशिया के मिरान मैरिसिक ने (230.0) तीसरे स्थान पर रहे हुए कांस्य पदक जीता। अर्जुन ने 10.7 के साथ शुरुआत करते हुए फाइनल में जल्द ही बढ़त बना ली। उन्होंने अपने पहले 10 शॉट्स में 105.0 का स्कोर किया और लिहाओ शेंग (105.8) और क्रोएशिया के मिरान मैरिसिक (105.1) के बाद तीसरे स्थान पर रहे। लेकिन उनके 13वें शॉट पर 9.9 और उनके 20वें और अंतिम शॉट पर 9.5 के स्कोर ने उन्हें पदक की दौड़ से बाहर कर दिया।

# चिराग-सात्विक क्वार्टरफाइनल में, लक्ष्य ने भी जीत दर्ज की





पेरिस, 29 जुलाई। भारत के चिराग शेट्टी और सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी की जोड़ी ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक 2024 बैडमिंटन स्पर्धा में पुरुष युगल क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई कर लिया है। एकल मुकाबले में लक्ष्य सेन ने बेल्जियम के शटलर जूलियन कैरागी को हराया।

चिराग–सात्विकसाईराज की जोड़ी का मुकाबला जर्मनी के मार्क लैम्सफस और मार्विन सीडेल से होना था। लैम्सफस चोट के कारण इस जोड़ी को ओलंपिक से हटना पड़ा, जिसके कारण मैच रद्द हो गया।

दुनिया की तीसरे नंबर की चिराग–सात्विक की जोड़ी ने अपने पेरिस 2024 अभियान की शुरुआत 40वीं रैंकिंग वाले फ्रांस के लुकास कोरवी और रोनन लाबर को 21–17, 21–14 से हराकर की थी। वहीं, कोरवी और लाबर को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी इंडोनेशिया के मुहम्मद रियान अर्दियांतो और फजर अल्फियान से हार मिली। फ्रांसीसी जोड़ी के दो मैच हारने के कारण भारतीय जोड़ी ने क्वार्टरफाइनल में आराम से जगह बना ली। सात्विक–चिराग का अगला ग्रुप सी मुकाबला मंगलवार को इंडोनेशियाई जोड़ी से होगा।

इसके अलावा भारत के लक्ष्य सेन ने सोमवार को पेरिस ओलंपिक में ग्रुप एल पुरुष एकल मुकाबले में जीत दर्ज की। सेन ने ला चैपल एरिना में 43 मिनट तक चले मुकाबले में 21–19, 21–14 से जीत हासिल की। भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी इस मुकाबले में 52वीं रैंक के प्रतिद्वंद्वी पर पूरी तरह से हावी रहे और बेल्जियम के शटलर जूलियन कैरागी को शिकस्त दी।

सेन बुधवार को अपने एल ग्रुप मुकाबले में तीसरी वरीयता प्राप्त 26 वर्षीय जोनाटन क्रिस्टी से भिड़ेंगे। अगर सेन अपने इंडोनेशियाई प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जीत हासिल करते हैं तो वह ग्रुप विजेता के रूप में प्री–क्वार्टर फाइनल में पहुंच जायेंगे। वहीं बैडमिंटन महिला युगल ग्रुप सी मुकाबले में भारत की तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा को जापान की नामी मत्सुयामा और चिहारू ने 21–11, 21–12 से हराया। चौथी वरीयता प्राप्त जापानी जोड़ी ने क्रास्टो–पोनप्पा को 48 मिनट में हरा दिया। भारतीय जोड़ी को शनिवार को दक्षिण कोरिया की किम सो येओंग और कोंग ही योंग से सामना करना पड़ा था। क्रास्टो–पोनप्पा मंगलवार को अपने अंतिम ग्रुप –स्टेज मैच में ऑस्ट्रेलिया के सेत्याना मापसा और एंजेला यू से मुकाबला करेगी।

### भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम क्वार्टरफाइनल में तुर्कीय से हारी

पेरिस, 29 जुलाई। धीरज बोम्मदेवरा, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की भारतीय पुरुष तीरंदाजी टीम सोमवार को पेरिस ओलिंपिक 2024 में तुर्कीय के साथ हुये क्वार्टरफाइनल में मुकाबले में 6–2 से हार बाहर हो गई। लेस इनवैलिड्स में पहले दो सेटों में भारतीय तिकड़ी 57–53 और 55–52 से हार गई थी। जबकि तीसरा सेट भी तुर्कीय के पक्ष में जाता दिख रहा था, लेकिन बर्किम टुमर ने आखिर में सात का शॉट लगाते हुए यह सेट अपने नाम कर लिया। भारतीय तीरंदाजों को तुर्की की तिकड़ी मेटे गाजोज, बर्किम टुमर और अब्दुल्ला यिलदिरमिस ने हराया। अंतिम सेट में जाधव ने दो 10 का स्कोर किया लेकिन दो बार के विश्व कप कांस्य पदक विजेता बोम्मदेवरा ने टीम के अंतिम प्रयास में केवल सात का स्कोर कर सके। तुर्कीय ने चौथा सेट 58–54 से जीत लिया।

### ओलिंपिक में भारत का टेनिस अभियान समाप्त

पेरिस, 29 जुलाई। एकल वर्ग में सुमित नागल और युगल वर्ग में रोहन बोपन्ना और एन.श्रीराम बालाजी के अपने शुरुआती मैचों में हारने के साथ भारत का पेरिस ओलिंपिक में टेनिस अभियान समाप्त हो गया। पुरुष युगल स्पर्धा में बोपन्ना और बालाजी की गैरवरीय जोड़ी को फ्रांसीसी खिलाड़ियों गेल मोनफिल्स और एडौर्ड रोजर–वेसलिन के खिलाफ चुनौतीपूर्ण मुकाबले का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम को 76 मिनट तक चले मुकाबले में 7–5, 6–2 से हार का सामना करना पड़ा। पहले सेट में पांचवें गेम में मोनफिल्स और रोजर–वेसलिन ने सर्विस तोड़ी लेकिन बोपन्ना और बालाजी ने जल्दी ही स्कोर बराबर कर दिया। इससे पहले दिन में दुनिया के 80वें नंबर के खिलाड़ी सुमित नागल का सामना फ्रांस के कोरेंटिन मौटेट आ। ढाई घंटे तक चले मुकाबले में नागल को मैटेट से 6–2, 2–6, 7–5 से हार का सामना करना पड़ा था।

# नोवाक जोकोविच ने नडाल को एकतरफा अंदाज में हराया



पेरिस, 29 जुलाई। सर्बिया के नोवाक जोकोविच ने पेरिस ओलिंपिक में अपना पहला स्वर्ण पदक जीतने के अभियान को गति दी और स्पेन के राफेल नडाल के खिलाफ एकतरफा अंदाज में जीत दर्ज करते हुए तीसरे दौर में प्रवेश कर लिया। जोकोविच ने अपने सबसे कड़े प्रतिद्वंद्वी नडाल को लगातार सेटों में 6–1, 6–4 से हराया। दोनों खिलाड़ियों के बीच 2022 में फ्रेंच ओपन के क्वार्टर फाइनल के बाद यह पहला मुकाबला था जिसमें जोकोविच अपने प्रतिद्वंद्वी पर भारी पड़े।

नडाल और जोकोविच पुरुष एकल वर्ग में मौजूदा समय के दिग्गज खिलाड़ी हैं। इन दोनों के नाम ओपन एरा में सर्वाधिक ग्रैंडस्लैम जीतने के रिकॉर्ड दर्ज हैं। नडाल और जोकोविच के बीच पिछली बार 2022 में रोलां गैरों के क्वार्टर फाइनल का मुकाबला खेला गया था जिसमें नडाल ने चार सेटों में जीत दर्ज की थी। जोकोविच और नडाल के बीच इस मैच से पहले जीत हार का रिकॉर्ड 30–29 का था और जोकोविच स्पेनिश खिलाड़ी के खिलाफ अपना रिकॉर्ड मजबूत करने में सफल रहे। जोकोविच ने पहले एक घंटे में ही नडाल पर बढ़त बना ली थी। पहले सेट में जोकोविच ने एकतरफा अंदाज में नडाल को पछाड़ा, जबकि नडाल ने दूसरे सेट में कुछ चुनौती पेश करने की कोशिश, लेकिन इसमें सफल नहीं हो सके। नडाल ने जोकोविच को 2008 के बीजिंग ओलिंपिक में हराया था और अब इस सर्बियाई खिलाड़ी ने नडाल से पुराना हिसाब चुकता कर लिया। 2008 में आखिरी बार ओलिंपिक पदक जीतने वाले जोकोविच का सामना अब तीसरे दौर में जर्मनी के डॉमिनिक कोएफर और इटली के मातेओ एर्नाल्डी के बीच होने वाले मैच के विजेता खिलाड़ी से होगा।

## मोर्ने मोर्कल बन सकते हैं टीम इंडिया के गेंदबाजी कोच



नई दिल्ली, 29 जुलाई। गौतम गंभीर ने टीम इंडिया के हेड कोच का पद श्रीलंका दौरे से पहले ही ग्रहण कर लिया था। लेकिन टीम के गेंदबाजी कोच कौन होंगे इस पर अभी भी फैसला आना है। हालांकि, क्रिकबज की रिपोर्ट के अनुसार साउथ अफ्रीका के पूर्व तेज गेदंबाज मोर्ने मोर्कल को भारतीय टीम का गेंदबाजी कोच बनाया जा सकता है। मोर्कल बांग्लादेश के खिलाफ आगामी टेस्ट सीरीज के साथ भारतीय क्रिकेट टीम के गेंदबाजी कोच के रूप में जुड़ सकते हैं।

मौजूदा समय में भारतीय टीम के साथ साईराज बहुतुले श्रीलंका दौरे पर हैं और अंतरिम गेंदबाजी कोच के रूप में काम कर रहे हैं। वहीं रिपोर्ट के मुताबिक उनका मुख्य गेंदबाजी कोच बनना निश्चित नहीं लग रहा है। बहुतुले स्पिन गेंदबाज रहे हैं और उन्हें लेकर कुछ भी साफ नहीं है तो वहीं मोर्कल तेज गेंदबाज रहे हैं और अगर वो भारतीय टीम के बॉलिंग कोच बनते हैं तो फिर टीम इंडिया को एक स्पिन कोच की भी जरूरत पड़ सकती है। वैसे श्रीलंका में चल रही क्रिकेट सीरीज के दौरान भारतीय टीम मैनेजमेंट और चयनकर्ता टीम के मौजूदा कोचिंग टीम का मूल्यांकन करेंगे और फिर उन्हें लेकर फैसला किया जाएगा ऐसे में बहुतुले की भूमिका को लेकर बी निश्चितता दिख रही है। वैसे साईराज बहुतुले अगर अपने पद पर बने रहते हैं तो गौतम गंभीर की अगुवाई वाले भारतीय कोचिंग स्टाफ में 6 सदस्य होंगे।

# क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगा भारत





पल्लेकेले, 29 जुलाई। भारतीय टीम मंगलवार को श्रीलंका के साथ होने वाले तीसरे टी–20 मुकाबला जीतकर सीरीज क्लीन स्वीप के इरादे से उतरेगी। वहीं श्रीलंका की नजर जीत के साथ श्रृंखला समाप्त करने पर होगी। सूर्यकुमार यादव की अगुवाई वाली भारतीय टीम अपने नये कोच गौतम गंभीर के साथ पहली बार श्रीलंका के दौरे तीन टी–20 मैचों की श्रृंखला के दो मुकाबलों में जीत दर्ज कर 2–0 की बढ़त बना चुकी है। अगर देखा जाये तो दोनों देशों के बीच खेले गए पिछले पांच टी–20 मैचों में श्रीलंका को केवल मैच में ही जीत मिली। श्रीलंका ने भारत को जनवरी 2023 में हराया था। इस श्रृंखला में भी भारत ने जीत दर्ज की थी। इस श्रृंखला में भारत ने गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों में ही बेहतरीन प्रदर्शन किया है। पहले मैच में श्रीलंका जीत की तरफ बढ़ रहा था तभी भारतीय गेंदबाजों ने विकेटों की झड़ी लग गई। वही दूसरे मैच में पहले बल्लेबाजी करने उतरी श्रीलंका 200 के स्कोर तक पहुंचती दिखाई दे रही थी अंतिम पांच ओवर में उसने अपने सात विकेट गंवा दिए। मेजबान टीम अपने बल्लेबाजो पर भरोसा कर सकती है। पतुम निसंका और कुसल मेंडिस इस समय अच्छी फार्म में चल रहे हैं। निसंका ने पिछले दस टी–20 मैचों में 35 की औसत और 142.85 के स्ट्राइक रेट से 350 रन बनाए हैं जबकि मेंडिस ने पिछले 41 की औसत और 162.91 के स्ट्राइक रेट से 246 रन बनाए हैं।

## वाणी एवं अनंत बने शतरंज चैम्पियन

जयपुर, 29 जुलाई। कावेरी पथ मानसरोवर स्थित महात्मा गांधी सरकारी स्कूल में आज पेरेंट्स एसोसिएशन राजस्थान द्वारा ओपन चेस टूर्नामेंट का आयोजन हुआ, इंटरनेशनल ऑर्बिटर भगवती प्रसाद शर्मा ने बताया कि इसमें 56 बच्चों ने भाग लिया, जिसमें महिला वर्ग में वाणी जैन प्रथम, जिया कंवर द्वितीय व पुरुष वर्ग में अनंत जैन प्रथम, आशुतोष सोनी द्वितीय, प्रिंस चौधरी तृतीय स्थान प्राप्त किया।

टूर्नामेंट डायरेक्टर जिनेश कुमार जैन ने बताया कि इस टूर्नामेंट के मुख्य अतिथि सुनील जैन गंगवाल व स्कूल प्रिंसिपल अनू चौधरी ने दीप प्रज्वलन कर, शतरंज की बिछात पर पहला कदम चलकर टूर्नामेंट का शुभारंभ किया ।

इस कार्यक्रम में समाजसेवी के के गुप्ता, श्री दिगंबर जैन समाज समिति वरुण पथ के अध्यक्ष एम. पी. जैन, भागचंद जैन, संजीव गोठवाल, हनुमान प्रसाद, विमल कुमार, गजेंद्र प्रसाद, अरविंद चांवला, पी ई टी डाक्टर मोहनलाल चौधरी व अन्य अध्यापक गण के साथ बहुत सी संख्या में अभिभावक गण भी उपस्थित रहे।

प्रिंसिपल अनू चौधरी ने बताया कि इस तरह का टूर्नामेंट स्कूल में पहली बार हुआ है, यह टूर्नामेंट खिलाड़ियों के अलावा अन्य बच्चों वह अभिभावकों के लिए भी काफी प्रेरणादायक रहेगा। इस सफल कार्यक्रम के लिए चेस पेरेंट्स एसोसिएशन, मुख्य अतिथि सुनील जैन गंगवाल एवं टूर्नामेंट डायरेक्टर जिनेश कुमार जैन का आभार प्रकट किया। मुख्य अतिथि सुनील जैन गंगवाल व प्रिंसिपल अनू चौधरी ने प्रतिभावान सफल खिलाड़ियों को स्मृति चिन्ह बैठकर व अन्य सभी खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर प्रोत्साहित किया । चेस पेरेंट्स एसोसिएशन के सचिव ललित बरडिया ने बताया सितंबर 7 व 8 को एसएमएस इनडोर स्टेडियम में ओपन अंतरराष्ट्रीय रेटिंग शतरंज टूर्नामेंट का आयोजन होगा, जिसमें 300000 कैश एवं बहुत सी ट्रॉफीज प्राइज मनी के रूप में रखी जाएगी।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने सोमवार को विधानसभा में बजट पर बहस एवं चर्चा का जवाब पेश किया।

# 'देश में चार जातियां, युवा, महिला, किसान, और गरीब, हमारा बजट इन चारों के लिए है'

## मुख्यमंत्री भजनलाल ने विधानसभा में बजट पर हुई बहस का जवाब देते हुए कहा

- मुख्यमंत्री ने पूर्व मुख्यमंत्री पर कटाक्ष किया और बोले, वो कहते थे मांगते-मांगते थक जाओगे पर मैं देते-देते नहीं थकूंगा, पर सिर्फ थोथी घोषणाएं कीं, एक भी घोषणा फलीभूत नहीं हुई।
- पेपर लीक पर मुख्यमंत्री ने व्यंग्यात्मक अंदाज में कांग्रेस व डोटासरा को घेरा और बोले, पेपरलीक इतने हुए, कितने करुं बयान, पास हुए "परिवारजन क्या-क्या करू बयान।"
- उन्होंने ई.आर.सी.पी. पर कांग्रेस की आलोचना की व कहा, ई.आर.सी.पी. हमारी सरकार लाई है। एम.ओ.यू. हमने किया, आपने क्या किया बता दीजिए।

जयपुर, 29 जुलाई (का.सं.)। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधानसभा में जवाब देते हुए कहा कि बजट को लेकर सदन में काफी कुछ कहा गया। यह बजट चहुंमुखी विकास करने वाला है। इन लोगों को तकलीफ इस बात से है कि विपक्ष के कुछ विधायकों ने भी खुले मन से तारीफ की। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि देश में चार जातियां हैं, युवा, महिला, किसान और गरीब। यह बजट इन चारों को आगे ले जाने वाला है।

मुख्यमंत्री शर्मा कहा कि राजस्थान की नहर परियोजना का नाम पहले राजस्थान नहर था, लेकिन 1984 में इस नहर का नाम बदलकर इंदिरा गांधी के नाम पर कर दिया। कांग्रेस के लोग योजनाओं के नाम बदलने की चर्चा कर रहे थे। अन्नपूर्णा रसोई का नाम इंदिरा गांधी के नाम पर कर दिया। अरे भाई, एक परिवार के नाम कितनी योजनाओं के नाम करोगे? मां अन्नपूर्णा के नाम से क्या दिक्कत थी। कांग्रेस में एक ही परिवार की भक्ति की परंपरा है। मुख्यमंत्री ने रॉबर्ट वाड्रा पर भी नाम लिए बिना हमला बोला। उन्होंने कहा, नेता प्रतिपक्ष ने अभी नेहरूजी का जिक्र किया, उन्होंने आगे भी सबके नाम लिए। वो नाम नहीं लिए होते तो दामादजी का नाम कैसे आता। दामादजी का राजस्थान से क्या रिश्ता है, सब जानते हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा- इंदिरा गांधी का बचपन का नाम प्रियदर्शिनी था, महिलाओं की योजना का नाम कहां से ढूंढकर लाए। एक परिवार के प्रति ऐसा समर्पण कहीं देखने को नहीं मिलेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस के लोग संविधान की बात ज्यादा करते हैं, लेकिन आपातकाल के काले दिनों को भी याद कर लीजिए। इसीलिए 25 जून को संविधान हत्या दिवस घोषित किया गया है, ताकि आने वाली पीढ़ी को पता लगे कि किस तरह संविधान की हत्या की गई थी।

संविधान हत्या दिवस का जिक्र करने पर कांग्रेस विधायकों ने आपत्ति की और कुछ देर के लिए सदन में शोर-शराबा हआ। मुख्यमंत्री ने कहा, पिछली सरकार ने केवल थोथी घोषणाएं कीं। कहते थे कि आप मांगते-मांगते थक जाओगे, मैं देते-देते नहीं थकूंगा। पशुधन स्वास्थ्य बीमा की घोषणा की, लेकिन एक भी पशु का बीमा नहीं किया। राजसमंद-जालोर जिले में मेडिकल कॉलेज बनाने की घोषणा की थी, वहां बने क्या? डे केयर सेंटर खोलने की घोषणा की थी, कितने बने?

मुख्यमंत्री ने कविता कहकर कांग्रेस और डोटासरा पर तंज कसा। उन्होंने कहा, "पेपर लीक इतने हुए, कितने करूं बखान, पास हुए परिवारजन, क्या-क्या करूं बयान। खूब करी मेहमान नवाज़ी अपनी सरकार बचाने को, जनता का पैसा लुटवाया अपना राज बचाने को।अपने स्वार्थ की खातिर अपनों को ही दी गाली, केवल अपना ध्यान रखा, सिर्फ भरी रहे मेरी थाली।

पेपर लीक पर सीएम ने कहा, नेता प्रतिपक्ष ने भी कहा है कि अभी छोटी-छोटी मछलियां पकड़ी हैं, बड़े मगरमच्छ तो अभी बाहर हैं। वे बिल्कुल चिंता न करें, छोटी मछलियों के लिए इनका जाल छोटा पड़ गया था, लेकिन मैं बृज भूमि से आता हूं, मेरी सुदर्शन चक्रधारी बंसीवाले में अटूट आस्था है। आपको पता है, इनका जाल जरूर छोटा पड़ गया होगा, परंतु उसके सुदर्शन चक्र से कोई नहीं बच पाएगा। सुदर्शन चक्र वाला जब आएगा तो बड़े-बड़े मगरमच्छों का भी इलाज होगा। सीएम ने तंज कसते हुए कहा- श्रवण कुमार 44 साल से सदन में आ रहे हैं। वे सीनियर हैं, दर्द ज़ाहिर कर रहे थे। मैं उनके दर्द को समझता हूं। चवालिस सालों में एक भी कांग्रेस नेता ने पानी के लिए लेटर लिखा हो तो बता दीजिए। ई.आर.सी.पी. लाई तो हमारी सरकार लाई। हमारी वसुंधरा राजे सरकार के समय बनी। आपने ई.आर.सी.पी. के लिए क्या किया, यह बता दीजिए। ई.आर.सी.पी. पर एम.ओ.यू. हमने किया। कांग्रेस ने एम.ओ.यू. किया हो तो सदन में रख दीजिए। कांग्रेस वाले हमेशा भ्रम फैलाते हैं।

# देवयानी से जल लेकर जा रहे कांवड़ियों की सांभर थाना पुलिस ने पिटाई की



कांवड़ियों के साथ पुलिस मारपीट के विरोध में सोमवार को हिन्दू संगठनों ने सांभर थाने के आगे जमा होकर विरोध प्रदर्शन किया।

- डीजे की धुन पर नाचते गाते लौट रहे कांवड़ियों को पुलिस ने रोका।
- विभिन्न हिंदू संगठनों ने सांभर थाना पुलिस के खिलाफ प्रदर्शन किया।
- मामले में एस.पी. ग्रामीण ने एक कांस्टेबल को सस्पेंड कर दिया।

सांभरझील, 29 जुलाई (निसं)। ग्राम सांवरदा से देवयानी तीर्थ स्थल का पवित्र जल लेकर डीजे की धुन पर नाचते-गाते लौट रहे कांवड़ियों को थाना अधिकारी के निर्देश पर सांभर थाने के पुलिसकर्मियों ने पहले उनका डीजे बंद करवाया व डीजे संचालक के साथ मारपीट की और म्यूज़िक सिस्टम जब्त कर कांवड़ियों को थाने ले गई। बताया जा रहा है कि सिविल ड्रेस में कांस्टेबल खेमचंद इतना अधिक गुस्से में भर गया कि थाना परिसर में ही उसने एक कांवड़िया को पकड़कर चांटे मारना शुरू कर दिया। बचाव में जब अन्य कांवड़ियों ने विरोध किया तो मौके पर मौजूद पुलिसकर्मी कांस्टेबल खेमचंद को थाना परिसर में अंदर ले गए।

इस घटना का वीडियो जैसे ही सोशल मीडिया पर वायरल हुआ तो सनातन प्रेमियों में जबरदस्त आक्रोश पैदा हो गया। घटना रविवार रात करीब 11:30 बजे की बताई जा रही है। पुलिस की इस बर्बरता को लेकर सांभर थाना परिसर में विश्व हिंदू परिषद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, भारतीय जनता पार्टी, देवयानी विकास समिति सहित जनप्रतिनिधियों के अलावा, बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ सोमवार सुबह करीब 9:15 बजे थाने पहुंच गई और दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया। धरना प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग थी कि तत्काल प्रभाव से मारपीट करने वाले पुलिसकर्मी और थानाधिकारी को सस्पेंड किया जाए। सुबह से दोपहर तक कई बार वार्ताओं का दौर चला। मामला शांत होते नहीं देख पुलिस ने नजाकत को समझते हुए एस.पी. को भी सूचना दी और पूरे घटनाक्रम की जानकारी से भी अवगत कराया। पिटाई का विडियो एडिशनल एस.पी. और जयपुर ग्रामीण एस.पी. तक भी पहुंचा तो उन्होंने भी मामले को गंभीरता से लेते हुए दोषी पुलिसकर्मी के खिलाफ कार्रवाई किए जाने का संदेश भिजवाया।

धरना स्थल पर मौजूद सभी का कहना था कि जब तक कांस्टेबल को सस्पेंड करने का ऑर्डर उन्हें नहीं दिखाया जाएगा, वे यहां से हिलने वाले नहीं है। दोपहर में ही पुलिस अधीक्षक ग्रामीण शांतनु कुमार ने कांस्टेबल खेमचंद को सस्पेंड करने के आदेश जारी कर दिए और सस्पेंशन की कॉपी धरना स्थल पर मौजूद जनप्रतिनिधियों को भी वॉट्सएप पर उपलब्ध करवाई गई। इसके बाद लोगों ने थानाधिकारी को भी सस्पेंड करने का मुद्दा उठा लिया और यह मामला करीब शाम 5:00 बजे तक चलता रहा।

इसके बाद एडिशनल एस.पी. मौके पर पहुंचे और बात की तथा थानाधिकारी के खिलाफ एक्शन लेने और उचित कार्रवाई का भरोसा दिलाया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। इस मामले में पिटाई का शिकार हुए कांवड़िया ने लिखित में पुलिस को शिकायत दर्ज कराई है।

इस मामले में विधायक विद्याधर चौधरी ने कहा, मेरे विधानसभा क्षेत्र में कल रात सांभर में कांवड़ियों के साथ पुलिस प्रशासन के द्वारा मारपीट की घटना हुई है। उसकी मैं कठोर निंदा करता हूं।

पूर्व विधायक निर्मल कुमावत का कहना है कि घटना बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। हमारी सरकार ने मामले को संज्ञान में लिया है तथा पुलिसकर्मी को निलंबित करने के आदेश जारी किए गए हैं।

एडिशनल एस.पी. ब्रजमोहन मीणा का कहना है कि शिकायत पर चार सदस्यों की कमेटी गठित कर दी गई है तथा अनुसंधान के बाद दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। पुलिस उपाधीक्षक सारिका खंडेलवाल का कहना है कि मामले की जांच कर सभी दोषी पुलिस कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## 'हालांकि, भाजपा की...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

उन्हें ए-1 तथा ए-2 कहा करेंगे।

राहुल ने कहा कि इस चक्रव्यूह के खिलाफ शिवजी की बारात है, जिसमें सबका स्वागत है तथा शिवजी की यह बारात (अर्थात इंडिया गठबंधन) इस चक्रव्यूह को तोड़ देगी।

इन दिनों, जब राहुल बोलते हैं तो वे रुकते तो है ही नहीं, जब वे विभिन्न मुद्दों पर मोदी सरकार को टक्कर देते हैं, उस समय वे काफी मजेदार बातें भी बोल देते हैं। उन्होंने कहा कि इस बजट ने मध्यम वर्ग के सीने तथा पीठ में छुरा भौंका है। उन्होंने कहा कि यही मध्यम वर्ग मोदी सरकार की प्रशंसा के गीत गाते थकता नहीं है।

राहुल ने संसद की कार्यवाही की कवरेज करने वाले मीडिया का भी पक्ष लिया, यद्यपि, उनके अनुसार, इनमें से अधिकांश राहुल गांधी को ज्यादा जगह कभी नहीं देते, बल्कि ज्यादातर तो उनकी उपेक्षा ही करते हैं।

उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष से कहा कि वे उन्हें इस "कांच पिंजरे" से मुक्त कर दें। संसद की सिक्योरिटी द्वारा मीडिया से कहा गया है कि वे लोग मीडिया के लिये बनाये गये ग्लास कन्टेनर में ही रहें तथा नये भवन के प्रवेश द्वार पर सांसदों और मन्त्रियों की बाइट्स भी न लें, जिससे सांसद परेशान न हों।

जब राहुल ने लोकसभा के पटल पर यह मुद्दा उठाया, तो मीडिया ने सांसदों आदि का बहिष्कार कर दिया तथा इस मुद्दे ने एक बड़ा रूप ले लिया।

4 जून से पहले वाले समय को बड़े पैमाने पर अलविदा कहते हुये, अब मुख्य धारा वाले चैनलों ने राहुल को दिखाना शुरू कर दिया है तथा उनके भाषण सोशल मीडिया पर हर समय दिखाई और सुनाई दे रहे हैं।

आगामी दिन और भी ज्यादा दिलचस्प होंगे।

## बारामूला में ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सोपोर कस्बे के शेर कॉलोनी में एक कबाड़ विक्रेता की दुकान के अंदर हुआ। घटना के वक्त कुछ लोग ट्रक से कबाड़ उतार रहे थे। अधिकारियों का कहना है कि धमाके इतना जोरदार था कि दो लोगों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दो अन्य की इलाज के दौरान मौत हो गई।

अधिकारियों के अनुसार, मृतकों की शिनाख्त नजीर अहमद नादरू (40), आजिम अशरफ मीर (20), आदिल राशिद भट (23) और मोहम्मद अजहर (25) के रूप में हुई है। इस घटना में एक अन्य घायल भी हुआ है। वहीं, विस्फोट के कारण का अभी पता नहीं चल पाया है। फोरेंसिक विशेषज्ञों की एक टीम घटनास्थल पर पहुंच गई है। सेना और पुलिस की टीम भी मौके पर पहुंचकर छानबीन कर रही है। वहीं, इलाके में विस्फोट के बाद दहशत का माहौल है।

## 'ऑफ ड्यूटी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

है और वह किसी क्षतिपूर्ति राशि को प्राप्त करने का अधिकारी नहीं है। लोक अदालत के पीठासीन अधिकारी अनूप कुमार सक्सैना व दीपक चाचान ने यह आदेश श्याम सुन्दर रूण्डला के प्रार्थना पत्र को खारिज करते हुए दिया।

प्रार्थना पत्र में जे.वी.वी.एन.एल. व के-3 कंस्ट्रक्शन कंपनी सहित अन्य को पक्षकार बनाते हुए कहा कि वह कंस्ट्रक्शन कंपनी के अधीन काम करता है। इस दौरान वह बिजली लाइन का काम कर रहा था तो ड्यूटी कर्मचारी मुकेश ने लापरवाही से बिजली लाइन को चालू कर दिया, जिससे वह करंट से झुलस गया और उसका बांया हाथ कंधे से काटना पड़ा। इस कारण आई निशक्तता से वह बेरोजगार हो गया है। इसलिए उसे जे.वी.वी.एन.एल. सहित अन्य पक्षकारों से क्षतिपूर्ति दिलवाई जाए। जवाब में जे.वी.वी.एन.एल. ने कहा कि जिस समय यह हादसा हुआ, तब परिवादी की ड्यूटी नहीं थी और उसने कार्यक्षेत्र से बाहर जाकर काम किया है। ऐसे में विभाग किसी तरह की क्षतिपूर्ति करने के लिए जिम्मेदार नहीं है। उसने बिना शट डाउन लिए काम किया है, जो गलत है। अदालत ने विभाग व अन्य पक्षकारों की दलीलों से सहमत होकर प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

# गुरुद्वारों पर अब भगवा झण्डा नहीं लहराया जायेगा

## सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंध समिति ने यह फैसला जारी किया

- अब पवित्र निशान साहिब पर फहराया जाने वाला झण्डा बसंती रंग का होगा।

नई दिल्ली, 29 जुलाई। खालसा पंथ की शान और सम्मान का प्रतीक निशान साहिब का रंग अब केसरिया नहीं होगा। सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने आदेश जारी किए हैं कि अब से इसका रंग बसंती होगा। यह फैसला शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने अकाल तख्त साहिब में हुई पांच सिंह साहिबान की बैठक के बाद लिया है। एसजीपीसी की ओर से एक पत्र जारी कर इस बात की जानकारी दी गई है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने कहा है कि केसरी निशान साहिब को लेकर संगत के बीच दुविधा थी। कुछ मामले अकाल तख्त साहिब के ध्यान में आए जिसके बाद इस पर चर्चा हुई। पांच सिंह साहिबानों की बैठक में इस मुद्दे पर चर्चा हुई कि निशान साहिब का रंग बेशक भगवा है, लेकिन गलती से यह हिंदू धर्म के प्रतीक भगवा रंग से मिलता-जुलता है। इस कारण कई बार संगत के लोग या अजनबी लोग इसमें अंतर नहीं कर पाते हैं और दोनों को एक ही समझ लेते हैं। इसी दुविधा को दूर करने के लिए यह फैसला लिया गया है। उन्होंने कहा कि क्योंकि सिख धर्म हिंदू धर्म से अलग है, इस कारण कभी-कभी कुछ लोग यह प्रचार करते हैं कि हिंदू और सिख एक ही धर्म हैं। इस तरह के भ्रम से बचने के लिए यह फैसला लिया गया है।

शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के महासचिव गुरचरण सिंह ग्रेवाल ने कहा कि उनका फैसला किसी धर्म या भगवा रंग के खिलाफ नहीं है। उन्होंने कहा कि सर्कुलर को किसी धर्म से जोड़कर विवाद पैदा नहीं किया जाना चाहिए। यह फैसला कोई नया नहीं है। अनुपालन परिपत्र बिना किसी तय मानक के जारी किया गया है।

निशान साहिब सिखों के लिए पवित्र ध्वज होता है। यह हर गुरुद्वारे के बाहर फहराता रहता है। इसे वो अपनी धार्मिक रैलियों या धार्मिक-राजनीतिक रैलियों में भी इस्तेमाल करते हैं। अपने वाहनों में सबसे ऊपर लगाकर भी चलते हैं। ये पवित्र त्रिकोणीय ध्वज कॉटन या रेशम के कपड़े का बना होता। इसके सिरे पर एक रेशम की लटकन होती है। इसे हर गुरुद्वारे के बाहर एक ऊंचे ध्वजडंड पर फहराया जाता है। सिख परंपरा के अनुसार निशान साहिब को फहरा रहे डंड में ध्वजकलश (ध्वजडंड का शिखर) के रूप में एक दोधारी खंडा (तलवार) होता है और डंडे को पूरी तरह कपड़े से लपेटा जाता है। झंडे के बीच में एक खंडा चिह्न होता है।

## 'निर्देशों का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

परीक्षा की प्रक्रिया में शिथिलता नहीं दिला सकता। ऐसे में याचिकाकर्ताओं को किसी भी तरह की राहत नहीं दी जा सकती। चीफ जस्टिस एम.एम. श्रीवास्तव व जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश पायल व अन्य की याचिकाओं को खारिज करते हुए दिए।

याचिकाओं में कहा गया था कि उन्होंने आर.जे.एस. भर्ती परीक्षा में भाग लिया था। इस दौरान उन्होंने ओ.एम.आर. शीट में उत्तर देते समय गोलों को सही तरीके से नहीं भरा है।

## कर चोरी के...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

बताया कि आरोपी गौतम गर्ग ने करीब 7.48 करोड रुपए की कर चोरी की थी। जीएसटी एक्ट की धारा 70 के तहत दर्ज बयानों में आरोपी ने माना कि उसने अपने अंकल से मिलकर फर्जी फर्मो को सप्लाई दिखाकर कर चोरी की है। इसके अलावा, विभाग को उसके घर से चार लाख रुपए की नकदी भी मिली थी। इसके अलावा, उसके मोबाइल में सोशल मीडिया के बने ग्रुप में भी कर चोरी की बातें सामने आई हैं। इसके बावजूद भी निचली अदालत ने माना कि आरोपी ने सामान्य परिस्थितियों में बयान दर्ज नहीं कराए थे। वहीं, इस बात का भी कोई साक्ष्य नहीं है कि वह संबंधित कंपनियों का मैनेजर है तथा अन्य साक्ष्य भी ऐसे नहीं है कि उसे जेल में रखा जाए। इसके साथ ही, निचली अदालत ने गत 3 नवंबर को उसकी जमानत अर्जी को मंजूर कर उसे जेल से रिहा करने के आदेश दिए। केन्द्र सरकार की याचिका में मांग की गई थी कि उसे मिली जमानत को रद्द कर आरोपी को पुनः जेल भेजा जाए, जिस पर सुनवाई करते हुए एकलपीठ ने आरोपी को मिली जमानत रद्द कर उसे निचली अदालत में सरेंडर करने के आदेश दिए हैं।

## कर्नाटक सरकार...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कर रही हैं। "इसके बाद मुख्यमंत्री पार्टी आलाकमान से मुलाकात के लिए दिल्ली चले गये।

वित्त मंत्री की आलोचना करते हुये, उन्होंने कहा कि केन्द्र की नीतियाँ उद्योगों को राज्य से बाहर खदेड़ रही हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि केन्द्र सरकार की नीतियों के कारण, देश में एफ.डी.आई. 31 प्रतिशत कम हो गई है। मुख्यमंत्री ने सवाल किया कि कर्नाटक और महाराष्ट्र जैसे टैक्स की ज्यादा आय देने वले राज्यों को आखिर बजट में क्या मिला। उन्होंने कहा कि अभी हाल ही में हुई नीति आयोग की बैठक, जिसकी अध्यक्षता प्रधानमंत्री ने की थी, का कई विपक्ष-शासित राज्यों ने जो बहिष्कार किया था, उसके लिए केन्द्र सरकार का रूख और तौर-तरीका ही पूरी तरह जिम्मेदार था।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को बोलने के लिये यथेष्ट समय नहीं दिया गया। उन्होंने अपने बिन्दु को मजबूत देते हुए कहा कि विपक्ष शासित राज्य केन्द्र सरकार के सौतेले जैसे व्यवहार से बहुत क्षुब्ध एवं निराश हैं।

कर्नाटक के मुख्यमंत्री द्वारा लगाये गये आरोपों को खारिज करते हुये, वित्त मंत्री ने कहा कि यू.पी.ए. सरकार के 10 वर्षों के दौरान, टैक्स के हस्तान्तरण के रूप में कर्नाटक को प्रतिवर्ष 8,179 करोड़ रूपए मिला करते थे, जबकि प्रधानमंत्री मोदी ने अकेले इस वर्ष में ही राज्य के 45,485 करोड़ रूपए दिये हैं।

उन्होंने राज्य सरकार द्वारा लगाये गये आरोपों के जवाब में कहा कि यू.पी.ए. शासन के 10 वर्षों में कर्नाटक को सहायता-अनुदान (ग्रान्ट-इन-एड) के रूप में 60,779 करोड़ रूपए अर्थात् 6,077.9 करोड़ प्रतिवर्ष मिले थे। लेकिन एन.डी.ए. शासन में गत वर्ष यह राशि 2,36,955 करोड़ रूपए थी।

## झारखंड के मुख्यमंत्री...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

एस.टी. पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराए जाने का भी उल्लेख किया।

किन्तु उच्च न्यायालय ने कहा था, "यद्यपि प्रवर्तन निदेशालय ने याचिकाकर्ता के आचरण को बहुत उभारने की कोशिश की है, और इसका कारण रहा याचिकाकर्ता द्वारा ई.डी. के अफसरों के खिलाफ दर्ज की गई एफ.आई.आर.। लेकिन इस केस का पूरा अवलोकन करने पर, ऐसी कोई सम्भावना प्रतीत नहीं होती कि याचिकाकर्ता द्वारा उसी किस्म का अपराध कर रहा है।"

उच्च न्यायालय ने कहा कि अदालत द्वारा रिकॉर्ड किये गये निष्कर्षों का परिणाम "प्रिवेन्शन ऑफ मनीलॉन्डरिंग एक्ट, 2002 के धारा की शर्त को सन्तुष्ट करता है तथा यह कहता प्रतीत होता है कि ऐसा मानने का पर्याप्त कारण है कि याचिकाकर्ता उस अपराध का दोषी नहीं है, जिसका आरोप उस पर लगाया गया है।"

ई.डी. ने आरोप लगाया था कि उन्होंने अपने मुख्यमंत्री पद का दुरूपयोग करके, राज्य की राजधानी के बारगेन क्षेत्र 8.86 एकड़ जमीन "गैर कानूनी रूप से" ले ली।

एजेंसी ने दावा किया था कि जाँच के दौरान, सोरेन ने मीडिया सलाहकार अभिषेक प्रसाद ने यह स्वीकार किया था कि जे.एम.एम. नेता ने उन्हें निर्देश दिये थे कि सम्बन्धित भूखंड के स्वामित्व-विवरण को बदलने के लिये सरकारी रिकॉर्ड्स में हेर-फेर कर दिया जाये।

ई.डी. ने यह भी कहा कि जब जमीन के मूल स्वामी, राजकुमार पाहन ने उस समय शिकायत दर्ज करने की कोशिश की थी, जब उसकी जमीन पर अनाधिकृत कब्जा कर लिया गया था लेकिन शिकायत दर्ज नहीं हुई।

# 'देश में भय का माहौल है, पर, हम भाजपा के इस...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

जाता है। इक्कीसवी सदी में एक नये "चक्रव्यूह" की रचना की गई है और वह भी कमल जैसा ही निर्मित किया गया है। प्रधानमंत्री उसके प्रतीक चिन्ह को अपने सीने पर टांगते हैं। उस समय जो व्यवहार अभिमन्यु के साथ किया गया था, वही व्यवहार भारत की जनता -युवाओं, किसानों, महिलाओं, छोटे व मध्यम व्यापारियों के साथ किया जा रहा है।"

उन्होंने आगे कहा कि "आज भी "चक्रव्यूह" के केन्द्र में छः लोग मौजूद हैं--- ये हैं नरेन्द्र मोदी, अमित शाह, मोहन भागवत, अजित डोवल, अंबानी व अडाणी।"

उन्होंने इसको विस्तार से बताते हुए कहा कि वो यह मानते हैं कि आधुनिक "चक्रव्यूह" के पीछे तीन ताकते हैं। भारत जिस चक्रव्यूह में फंस चुका है "उसके पीछे तीन ताकतें ये हैं।

**1- पूंजी के एकाधिकार का विचार-** सिर्फ दो लोगों को भारत की सम्पूर्ण सम्पदा का स्वामित्व मिलना चाहिए। इसलिए, चक्रव्यूह का एक तत्व वित्तीय शक्तियों के केन्द्रीकरण से निकलकर आ रहा है। दूसरा तत्व देश की संस्थाएं, एजेन्सियां, सी.बी.आई., ई.डी. आयकर हैं।

तीसरा तत्व है सरकार। गांधी ने कहा, ये तीनों तत्व "चक्रव्यूह" के केन्द्र में हैं और इन्होंने इस देश को बर्बाद कर दिया है।"

एम.एस.पी. के मुद्दे पर बोलते हुए उन्होंने कहा कि यह लम्बे समय से चली आ रही किसानों की मांग है। इस पर लोकसभा में विपक्ष के नेता वादा किया कि एक ऐसा विधेयक लाया जाएगा जो किसानों को उनकी फसल का गारंटीड न्यूनतम समर्थन मूल्य प्रदान करेगा।

"मैं देश के किसानों से एक बात कहना चाहता हूं कि जो (एन.डी.ए.) ने नहीं किया, वो हम किसानों के लिए करेंगे। हम इस सदन में वैधानिक गारंटी वाला एम.एस.पी. (बिल) उनके लिए पारित करेंगे।"

गांधी ने आगे बोलते हुए "इंडिया गठबंधन" के दलों सहित वादा किया कि वे इस सदन में पारित करने के लिए विधिक गारंटीवाला न्यूनतम समर्थन मूल्य (एम.एस.पी.) का (बिल) विधेयक लाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि जातिगत जनगणना कराने के लिए भी एक विधेयक इस सदन में पारित किया जाएगा, और इस कार्य को इंडिया गठबंधन पूरा करेगा।"

उन्होंने सरकार की इस बात को लेकर आलोचना की कि वह युवाओं को प्रभावित करने वाली महत्वपूर्ण चिन्ता की उपेक्षा कर रही है, विशेष रुप से बजट में पेपर लीक के मुद्दे पर।

उन्होंने उल्लेख किया कि "पेपर लीक" युवाओं को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा मुद्दा है परंतु वित्त मंत्री ने अपने बजट में इसका उल्लेख नहीं किया।"

गांधी ने केन्द्रीय बजट 2024 को "मध्यम वर्ग के लोगों की पीठ में छुरा भोंकने वाला बताया" और जोर देकर कहा कि इस बजट का एकमात्र उद्देश्य "बड़े व्यवसायियों को मजबूत करना है।"

आगे यह भी कहा कि "इस बजट में टैक्स आतंक के मुद्दे पर कुछ नहीं कहा गया है, जिसकी मार छोटे कारोबारियों पर बहुत पड़ी है। इसका एकमात्र उद्देश्य बड़े कारोबारियों के एकाधिकार को मजबूती प्रदान करना है। सरकार ने इस बजट के माध्यम से मध्य वर्ग की पीठ में छुरा भोंका है।"

अध्यक्ष ओम बिड़ला ने चर्चा के दौरान उन लोगों के नामों का उल्लेख किए जाने पर आपत्ति प्रकट की, जो उस समय सदन में उपस्थित नहीं थे इस पर गांधी ने जवाब दिया, ठीक है, वे उन लोगों का नाम नहीं बोलेंगे जो सदन में उपस्थित नहीं है और उन्होंने अन्य दो लोगों को 'ए-1' व 'ए-2' के रुप में सम्बोधित किया।

राहुल ने कहा कि यह लड़ाई चक्रव्यूह की रचना करने वालों और जो लोग "शिव की बारात" में भरोसा करते हैं उनके बीच है और आगे कहा कि इस "बारात" का हिस्सा हर वह व्यक्ति है जो बहु-आस्था एवं विविध पृष्ठभूमि में विश्वास करता है।

राष्ट्रदूत हिन्दु संयुक्त परिवार की ओर से सोमेश शर्मा द्वारा ज्वाईन्ट मीडिया, आजाद मार्ग, मैन रोड, आयड, उदयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-राजेश शर्मा, आर.एन.आई. नं. 57928/93 जयपुर कार्यालय: सुधर्मा एम.आई.रोड, जयपुर। फोन: 2372634, 4103333-34, फैक्स : 0141-2373513 कोटा कार्यालय : पलायथा हाऊस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन: 2386031, 2386032,फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय : कुम्भाना हाऊस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन: 2200660, फैक्स 0151-2527371 अजमेर कार्यालय: राष्ट्रदूत भवन, चुंगी नाका के पास, अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन 226422,226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय : एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन : 256906, 256907, फैक्स: 01562-256908